दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, बुधवार, 11 मार्च 2026 | कृष्ण पक्ष-अष्टमी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-15 अंक- 31 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

युद्ध का असर रसोई तक: छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, मुंबई, महाराष्ट्र कर्नाटक-राजस्थान-पंजाब में कॉमर्शियल सिलेंडर सप्लाई पर रोक, सरकार ने प्राकृतिक गैस पर लगाया एस्मा

एलपीजी सिलेंडर की स्ट्राइक! मुंबई के 20% होटल बंद

■ मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरू में होटल एसोसिएशन ने गैस सप्लाई प्रभावित होने से 50% होटल बंद होने की बात कही

नई दिल्ली (ए.)। अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का 11वां दिन हैं। मिडिल-ईस्ट में चल रहे युद्ध का असर अब भारत-पाकिस्तान समेत अन्य देशों पर भी दिखने लगा है। देश के कई बड़े शहरों में एलपीजी सिलेंडर की दिक्कत हो रही है। दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक-राजस्थान-पंजाब सहित कई राज्यों में कॉमर्शियल सिलेंडर सप्लाई पर रोक लगा दी गई है। जबकि सिलेंडर की कमी के कारण मुंबई के 20% होटल बंद हो गए हैं। स्थिति नहीं सुधरी तो अगले दो दिनों में मुंबई के 50% होटल बंद हो सकते हैं।

मुंबई में गैस होटलों की संघटना आहार ने बताया कि गैस सप्लाई की वजह से अब तक मुंबई के 20% होटल बंद हो चुके हैं। एसोसिएशन का कहना है कि अगर हालात ऐसे ही रहे तो आने वाले 2 दिनों में मुंबई के 50% तक होटलों पर ताला लग सकता है। आहार की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

वार इम्पैक्ट

गैस किल्लत के बीच सरकार ने दी बड़ी राहत, तेल रिफाइनरियों ने बढ़ाया 10 प्रतिशत उत्पादन

देश में एलपीजी गैस की संभावित कमी को लेकर उठ रही चिंताओं के बीच सरकार ने साफ किया है कि फिलहाल ऐसी कोई स्थिति नहीं है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, देश में एलपीजी की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और उत्पादन भी बढ़ा दिया गया है ताकि किसी तरह की दिक्कत पैदा न हो। सरकार ने बताया कि तेल रिफाइनरी को पहले ही निर्देश दिए गए थे कि वे गैस उत्पादन बढ़ाएं। इन निर्देशों के बाद रिफाइनरियों ने एलपीजी उत्पादन में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इसके साथ ही प्रशासनिक लेवल पर भी कई कदम उठाए गए हैं।

घरेलू गैस सिलेंडर बुकिंग का समय बढ़ाया

मिडिल ईस्ट में जंग के बीच सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग का समय बढ़ा दिया है। सूत्रों के मुताबिक अब इसे 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया है। ये फैसला ब्लैक मार्केटिंग और होर्डिंग को लेकर लिया गया है। सरकार ने कहा है कि अभी तक घरेलू गैस या डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। मंत्रालय ने एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग को तीन दिन पहले ही 15 दिन से बढ़ाकर 21 दिन किया था, लेकिन अब 21 से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। अब सिलेंडर की दो बुकिंग के बीच 24 दिन का अंतर रखना होगा।

ट्रंप के बयान से कच्चा तेल 9% सस्ता होकर 88 डॉलर पर आया

मुंबई/ए.। शेयर बाजार में आज यानी 10 मार्च को तेजी है। सेंसेक्स 500 अंक से ज्यादा की तेजी के साथ 78,100 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी करीब 200 अंक की तेजी है, ये 24,200 पर कारोबार कर रहा है। आज

■ सेंसेक्स 500 अंक चढ़कर 78,100 पर पहुंचा

बैंकिंग, ऑटो और एफएमसीजी शेयर्स में ज्यादा बढ़त है। ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई हैं। कच्चा तेल 9% सस्ता होकर 89 डॉलर पर आया है। ब्रेंट क्रूड करीब 9% गिरकर 92.50 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इससे पहले कल ये 115 डॉलर के पास चला गया था। वहीं अमेरिकी तेल (वीटीआई) भी करीब 9% टूटकर 88.60 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गया है। तेल की कीमतों में यह कमी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक बयान के बाद आई है। सोमवार को ट्रम्प ने कहा था कि मौजूदा युद्ध 'बहुत जल्द' खत्म हो जाएगा। उनके इस बयान से ग्लोबल सप्लाई चेन को लेकर जो अनिश्चितता बनी हुई थी, उसमें कमी आई है और निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

एक लीटर तेल भी बाहर नहीं जाने देंगे: ईरान

तेहरान (ए.)। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों के लिए नई शर्त रखी है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा है कि अरब और यूरोपीय देशों के जहाजों को सुरक्षित और बिना रोक-टोक गुजरने की अनुमति तभी दी जाएगी, जब वे अपने देशों से अमेरिका और इजराइल के राजदूतों को निष्कासित करेंगे। आईआरजीसी के अनुसार यह व्यवस्था सोमवार से लागू होगी और जो देश इस शर्त को मानेंगे, उन्हें इस रणनीतिक जलमार्ग से गुजरने की 'पूर्ण स्वतंत्रता' दी

जाएगी। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया का सबसे अहम समुद्री चोकपॉइंट माना जाता है, जहां से वैश्विक स्तर पर लगभग 20% तेल और बड़ी मात्रा में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति होती है। मौजूदा ईरान-अमेरिका-इजराइल तनाव के कारण इस मार्ग से तेल और गैस की ढुलाई पहले से ही प्रभावित है।

ईरान की चेतावनी पर ट्रंप का पलटवार, अमेरिका पहले से 20 गुना ज्यादा जवाबी कार्रवाई करेगा

नई दिल्ली (ए.)। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने चेतावनी दी है कि जब तक अमेरिका और इज़राइल के हमले जारी रहेंगे, तब तक तेल निर्यात पर लगाया गया ब्लॉकेड जारी रहेगा। आईआरजीसी के प्रवक्ता ने कहा कि युद्ध कब खत्म होगा, इसका फैसला ईरान करेगा। इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा कि अगर ईरान होर्मुज स्ट्रेट के जरिए तेल शिपमेंट रोकने की कोशिश करता है, तो अमेरिका पहले से 20 गुना ज्यादा कड़ी जवाबी कार्रवाई करेगा।

पाकिस्तान में 'इमरजेंसी' जैसे हालात: सांसदों की सैलरी कटी, सरकारी गाड़ियां बंद

इस्लामाबाद (ए.)। पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच छिड़ी जंग का असर अब पड़ोसी देशों की अर्थव्यवस्था पर भी साफ दिखने लगा है। सबसे ज्यादा दबाव पाकिस्तान पर पड़ा है, जिसकी पहले से ही कमजोर अर्थव्यवस्था अब गंभीर संकट में फंसती नजर आ रही है। कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और होर्मुज जलडमरूमध्य से सप्लाई

■ नेताओं और अफसरों की सैलरी में 25% की कटौती

बाधित होने के खतरे के बीच पाकिस्तान सरकार ने देश में 'इमरजेंसी मोड' लागू कर दिया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हालात से निपटने के लिए 13 सूत्रीय पैनिक प्लान लागू करते हुए स्कूल-कॉलेज बंद करने, वर्क फ्रॉम होम लागू करने और नेताओं-अफसरों की सैलरी में 25% कटौती जैसे कड़े फैसले किए हैं। बढ़ते ऊर्जा संकट और ईंधन की खपत कम करने के लिए पाकिस्तान सरकार ने बड़े फैसले लिए हैं।

आज बेबाक

धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ को धन कटोरा बनाने का नायाब तरीका सामने आया है। इससे कृषि से आय दोगुनी नहीं दो हजार गुना बढ़ जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व गृहमंत्री के गृह जिले दुर्ग में एक उन्नतशील किसान पांच सालों से मक्के के साथ अफीम पैदा कर करोड़ों का आसामी बन गया। सरकार की नाक के नीचे उसका गोरखधंधा चलता रहा और किसी को भनक नहीं लगी। इस चमत्कार को नमस्कार करने के बदले उसे जेल भेज दिया गया। जबकि इस उपलब्धि के लिए उसका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्वर्णाक्षरों में अंकित होना चाहिए।

दुर्ग के बाद बलरामपुर में अफीम की अवैध खेती का खुलासा, मचा हड़कंप

अफीम, अपराध और अनगिनत सवाल

नव प्रदेश लगातार

■ चार एकड़ में लगी है फसल, जांच में जुटा जिला प्रशासन

बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अवैध अफीम की खेती के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। दुर्ग जिले के बाद अब बलरामपुर जिले में भी अफीम की खेती का मामला उजागर हुआ है। कुसमी थाना क्षेत्र के त्रिपुरी गांव में करीब चार एकड़ जमीन पर अफीम की अवैध खेती किए जाने का खुलासा होने से इलाके में हड़कंप मच गया है।

मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार आदिवासी की जमीन को लीज पर लेकर झारखंड का व्यक्ति अफीम की खेती कर रहा था। खेती त्रिपुरी के सरनाटोली गांव से दूर जंगल किनारे की गई है। अफीम पूरी तरह से तैयार थी और डोडो में चीरा भी लगाया गया था। बलरामपुर कुसमी एसडीओपी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सरकार के संरक्षण में नशे की खेती

भाजपा पूरे छत्तीसगढ़ को नशे का गढ़ बनाना चाहती है। सत्ता में बैठे हुए लोगों के संरक्षण से प्रदेश में खुलेआम अफीम की खेती हो रही है। पूरे प्रदेश में सरकार अफीम, गांजा, भांग की खेती करवा रही है।

– दीपक बैज, पीसीसी चीफ

विनायक के भाई के अवैध कब्जों पर चला जिला प्रशासन का बुलडोजर

■ विनायक ताम्रकार के घर से 7 बोरी डोडा और खसखस जब्त

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग जिला प्रशासन ने समोदा गांव में आज बड़ी कार्रवाई करते हुए अफीम की खेती करने वाले पूर्व भाजपा नेता विनायक ताम्रकार के भाई बृजेश ताम्रकार के अवैध दुकान पर बुलडोजर चला दिया।

सुबह होते ही बुलडोजर सहित राजस्व विभाग का अमला पुलिस बल के साथ समोदा गांव पहुंच गया। तहसीलदार क्षमा यदु के मौके पर पहुंचने के बाद बुलडोजर एक्शन शुरू किया गया। पूर्व बीजेपी नेता विनायक ताम्रकार के भाई की दुकानों पर बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया गया। तहसीलदार क्षमा यदु ने

बताया कि 'ग्राम समोदा की शासकीय भूमि खसरा नंबर 778 के लगभग 32 डिसमिल जमीन पर बृजेश ताम्रकार ने पिछले करीब 10 साल से अवैध कब्जा कर लिया था। आरोपी ने जमीन पर कब्जा करते हुए यहां दुकान खोल ली थी। आज कब्जे वाली जमीन पर बनी दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया है। इस मामले में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी-3 कोच

रायपुर/नवप्रदेश। यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा और अधिक से अधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संचालित गाड़ी संख्या 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में अस्थायी रूप से एक अतिरिक्त एसी-3 कोच जोड़ने का निर्णय लिया है। रेलवे से मंगलवार को यह जानकारी दी।

पश्चिम एशिया में फंसे लोगों की मदद के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और युद्ध जैसी परिस्थितियों को देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने मंगलवार को एहतियाती कदम उठाए हैं। राज्य सरकार ने पश्चिम एशियाई देशों में रह रहे नागरिकों की मदद और समन्वय के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में लोगों को त्वरित सहायता मिल सके। आदेश के अनुसार छत्तीसगढ़ भवन के समन्वय अधिकारी लेखा अजगल्ले को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें पश्चिम एशिया में रह रहे प्रदेश के नागरिकों से संपर्क बनाए रखने और जरूरत पड़ने पर सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव, 10 घंटे की मैराथन बहस, हंगामा

■ भारतीय संसदीय इतिहास में यह तीसरी बार है, जब सदन के अध्यक्ष को हटाने ऐसा कदम उठाया गया

नई दिल्ली (ए.)। नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के दौरान भारतीय राजनीति में एक असाधारण और दुर्लभ घटनाक्रम सामने आया है। विपक्षी दलों ने एकजुट होकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया है, जिसे सदन ने चर्चा के लिए स्वीकार भी कर लिया है। यह कदम न केवल मौजूदा सत्र को बेहद गर्मा देने वाला है, बल्कि भारतीय ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राज्यसभा चुनाव से पहले 26 नेता निर्विरोध निर्वाचित

नई दिल्ली (ए.)। 10 राज्यों की 37 सीटों के लिए हो रहे राज्यसभा चुनाव में 7 राज्यों के 26 उम्मीदवार बिना मुकाबले (निर्विरोध) के ही निर्वाचित हो गए हैं। इनमें एनसीपी (शरद) प्रमुख शरद पवार, कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। कई राज्यों में विपक्षी दलों ने उम्मीदवार नहीं उतारे, जिसके कारण ये नेता बिना मतदान के ही राज्यसभा पहुंच गए। हालांकि बिहार, ओडिशा और हरियाणा की 11 सीटों पर मुकाबला होना तय है।

छत्तीसगढ़ में 20% बढ़ सकता है बिजली का बिल

■ कंपनी ने दिखाया 63 सौ करोड़ का घाटा, सुप्रीम कोर्ट की रूलिंग करनी पड़ेगी फालो

रायपुर/नवप्रदेश। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पॉवर कंपनी की याचिका पर बीते साल एक फैसला दिया था कि, पॉवर कंपनी का जितना घाटा है, वह एक बार में ही पूरा होना चाहिए। इसके बाद राष्ट्रीय ट्रिब्यूनल ने सभी राज्यों को ऐसा करने के लिए कहा है।

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इस बार 63 सौ करोड़ घाटे की याचिका लगाई है। इस पर बिजली नियामक आयोग में मंथन चल रहा है। अगर आयोग इस घाटे को पांच हजार करोड का भी मान लेता है, तो 20 फीसदी तक बिजली का टैरिफ बढ़ाना पड़ेगा। अगर राज्य सरकार अपनी तरफ से सब्सिडी देगी, तभी जाकर बिजली की कीमत कम बढ़ेगी। नहीं तो बिजली की कीमत को घाटे के अनुरूप ही बढ़ाना पड़ेगा। बिजली कंपनी लंबे समय से घाटे में चल रही है।

पॉवर कंपनी ने नए सत्र 2026-27 के लिए पूरा लेखा-जोखा बनाकर नियामक आयोग में नए टैरिफ के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बर्थ-डे सेलिब्रेशन के बाद दोस्तों की पेड़ पर मिली लाश, जांच जारी

रायगढ़/ नवप्रदेश। रायगढ़ जिले में एक पेड़ पर 2 दोस्तों की लाश मिली है। दोनों ने एक दिन पहले बर्थडे सेलिब्रेट किया और जमकर शराब पी। अगले दिन सुबह फंदे पर दोनों लटकते नजर आए। उन्होंने खुदकुशी की है या ये हत्या है, अभी पता नहीं चल सका है। मामला पुसौर थाना क्षेत्र के चिखली गांव का है। दीपक बरैठ और शिवशरण दोनों मजदूरी करते थे।

गरमा-गरम

कोविड-वैक्सीनेशन पर मुआवजा पॉलिसी बनाने के निर्देश: सुको

■ केंद्र को समय-समय पर साइड इफेक्ट्स के आंकड़े भी जारी करने होंगे

नई दिल्ली (ए.)। देश की शीर्ष अदालत सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को कोविड-19 वैक्सीनेशन के बाद के साइड इफेक्ट्स की जांच के लिए एक्सपर्ट पैनल के गठन से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत के इस फैसले से केंद्र सरकार को बड़ी राहत मिली है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह उन लोगों के लिए नो-फॉल्ट मुआवजा नीति तैयार करे, जिन्हें कोविड-19 टीकाकरण के बाद गंभीर प्रतिकूल घटनाओं का

सामना करना पड़ा है। कोर्ट ने साइड इफेक्ट्स से जुड़े आंकड़े समय-समय पर सार्वजनिक करने को भी कहा है।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने उस आज याचिका पर सुनवाई की, जिसमें मांग है कि वैक्सीन के बाद हुए कथित दुष्प्रभावों के चलते मृतकों के परिवार को मुआवजा दिया जाए। आरोप है कि 2021 ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सदन में मूसवा के नाम पर हंगामा: विपक्ष की मांग- ऑटसोर्सिंग वाला चूहा कौन जांच होनी चाहिए

'धान खरीदी में कुप्रबंधन, सरकार को 4600 करोड़ का नुकसान'

■ सदन में विपक्ष की ओर से लाया गया स्थगन, अध्यक्ष ने किया अस्वीकार, डॉ. महंत-भूपेश ने सरकार को घेरा

हेमंत धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा में विपक्ष ने धान खरीदी केन्द्रों में चूहों के द्वारा धान खाने को लेकर स्थगन प्रस्ताव पेश किया गया लेकिन अध्यक्षीय आसंदी ने इसे अस्वीकार कर दिया। इस स्थगन प्रस्ताव में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्य सरकार के द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में कुप्रबंधन और धान खरीदी की वजह



से सरकार को 4600 करोड़ के नुकसान की बात कहीं।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने आरोप लगाते हुए कहा कि साय सरकार धान खरीदी में पूरी तरह नाकाम रही। इसके बाद विपक्षी सदस्यों ने जमकर नारेबाजी करते हुए गर्भगृह में पहुंच गए। उसके बाद आंसदी ने विपक्षी सदस्यों को निलंबित कर दिया। वहीं विपक्ष की ओर से कई सदस्यों ने नारेबाजी की और चूहे को न्याय दिलाने की मांग करते हुए नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर निकल गए। विधानसभा परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि प्रदेश के लाखों किसानों ने कठिन परिश्रम करके धान उपार्जन किया है और सरकार उस धान को खरीदने में असफल रही हैं।

जिस धान को खरीदी करके उपार्जन करने के बाद जिस धान को सुरक्षित रखना चाहिए। वहां इन्होंने रखने का प्रयास किया लेकिन प्रदेश भर के जिन खरीदी केन्द्रों में धान रखा गया है वहां धान कम पाया गया और बताया जा रहा है कि धान चूहे खा गए है या सड़ा हुआ पाया गया है। इस तरह हमारे सोने के रूप में ठोस धान जिसको हमने संग्रहित कराया गया था उसको इन्होंने चूहों के नाम पर बर्बाद कर दिया। जो धान कम पाया गया है उसको खाने के लिए 60 करोड़ चूहों की जरूरत पड़ती। इसमें निश्चित रूप से भ्रष्टाचार हुआ है। चूहे के नाम पर ये सब लोग छत्तीसगढ़ के बजट को, जनता को धोखा दे रहे हैं। ये ऑटसोर्सिंग वाला ■ शेष पृष्ठ 8 पर

परसापानी में रेत उत्खनन को लेकर सरपंच और ग्रामीणों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

■ **ग्राम नायब तहसीलदार ने जांच का दिया आश्वासन**

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत परसापानी के लोगों द्वारा बड़ी संख्या में दिन सोमवार को में रेत उत्खनन और परिवहन को लेकर विवाद का मामला संबंधित में सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय नगरी पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए वही इस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

वही ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत परसापानी की राजस्व भूमि के अंतर्गत स्थित आमानाला में सीमित मात्रा में रेत उपलब्ध है। ग्राम पंचायत के अनुसार इस रेत को पंचायत क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले मकानों के निर्माण कार्य के लिए सुरक्षित रखने का निर्णय ग्राम सभा में लिया गया था। बताया गया कि इस संबंध में 19 अक्टूबर 2024 को आयोजित ग्राम सभा में प्रस्ताव क्रमांक 10 पारित किया गया था तथा इसकी जानकारी कोटवार के माध्यम से ग्रामवासियों को दी गई थी।

जिसमे ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम परसापानी निवासी नागेंद्र साहू द्वारा कथित रूप से ग्राम सभा के निर्णय के विपरीत निजी ट्रैक्टर के माध्यम से आमानाला से रेत निकालकर परिवहन किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में पहले भी मौखिक रूप से तहसील प्रशासन को सूचना दी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किए जाने पर संबंधित व्यक्ति द्वारा कथित रूप से आपत्ति जताई गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मामले में समय रहते जांच व आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

इस दौरान सरपंच कांती देवी नेताम, उप सरपंच गिरधर मरकाम, नीलिमा साहू, पुष्पा नेताम, अमरिका नाग, लता मरकाम, कृष्ण कुमार, पुरुषोत्तम, सुकऊराम, रोहित, राजू, रोहित कुमार, धनेश्वरी बघेल, पूर्णिमा नेताम, निकेश मानिकपुरी, कोमल मरकाम, संतोष मरकाम, दिनेश साहू, गोपी मेश्राम, पन्नालाल कश्यप, द्वारिका प्रसाद ग्वाल, कन्हैया अग्रवानी, मन्नू नेताम, धनेश मांडवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

इस संबंध में नागेंद्र साहू ने जानकारी चाहिए तो उसके कहा पहले दूसरे लोगों के द्वारा बाहर निकाल कर ले जाया जा रहा था उसके अनुसार मैं भी ले जा रहा था और अभी पूर्णता बंद कर दिया हूं।

न्यूज गैलरी

भारत की ऐतिहासिक जीत पर नगरी में जश्न

नगरी/नवप्रदेश। भारत ने जैसी ही न्यू को 96 रनों से ञ्20 वर्ल्ड कप में हराया एवं विश्व कप पर तीसरी बार जीत हासिलकी वैसे ही नगर के बाजरंग चौक में गूंजे भारत माता के जयकारे। नगर के सेकंड वाइफ रेस्टोरेंट में युवाओं द्वारा बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाकर क्रिकेट मैच का सीधा प्रसारण देखा गया। जैसे ही भारतीय टीम ने जीत दर्ज कर विश्व कप पर कब्जा जमाया, वैसे ही उपस्थित युवाओं ने जोरदार तालियों और आतिशबाजी के साथ खुशी का इजहार किया। इसके बाद उत्साहित युवाओं ने नगर में देशभक्ति गीतों के साथ रैली निकाली। रैली बजरंग चौक पहुंची, जहां युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की और ÷भारत माता की जय÷ के नारे लगाए। देशभक्ति गीतों पर युवा झूमते नजर आए और पूरा चौक रंग-बिरंगी आतिशबाजी से गुलजार हो गया। इस अवसर पर युवाओं ने एवं नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा युवा नेता निखिल साहू युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विकास जैन युवा नेता यश संचेती निखिल नेताम सौरभ नाग तरुण साहू मोहित जैन नानू संचेती आकाश पंजाबी मन्नत छाबड़ा ने नगरवासियों और देशवासियों को भारतीय टीम की जीत की बधाई दी तथा मिठाई बांटकर खुशियां साझा कीं। क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह दिन बेहद खास रहा, क्योंकि दिनभर लोग टीवी और एलईडी स्क्रीन के सामने बैठकर मैच का रोमांच देखते रहे।

शाला पंडरीपानी मॉल में आओ ढूंढे कहां-कहां है विज्ञान कार्यक्रम का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। माध्यमिक शाला पंडरीपानी (मॉल) में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर हमारे घरों एवं आसपास सरल विज्ञान के थीम पर ÷आओ ढूंढे कहां-कहां है विज्ञान÷कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम शाला प्रबंधन विकास समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ,तत्पश्चात समिति के शिक्षाविद श्री तुकाराम साहू एवं अध्यक्ष श्री बलदाऊ साहू जी के द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए उनके अंदर वैज्ञानिक सोच विकसित करने की दिशा में प्रयास किया गया। संस्था की विज्ञान शिक्षिका के द्वारा विज्ञान दिवस क्यों मनाते हैं ? इस पर प्रकाश डालते हुए भौतिकी के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित वैज्ञानिक डॉक्टर सी वी रमन के कार्यों एवं जीवन परिचय से सभा को अवगत कराया गया। डॉक्टर सीवी रमन के द्वारा खोज की गई रमन प्रभाव की व्याख्या की गई।

पेंशनर समाज को अध्यक्ष निधि से चेयर एवं मोटरसाइकिल स्टैंड निर्माण की घोषणा

नगरी/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पेंशनर भवन नगरी में पेंशनर्स समाज द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने अपनी अध्यक्ष निधि से पेंशनर समाज के सामुदायिक भवन के लिए100 नग फाइबर चेयर प्रदान कीं, एवं अपनी अध्यक्ष निधि से साइकिल स्टैंड हेतु 200000 देने की घोषणा की जिससे भवन में बैठने की व्यवस्था एवं साइकिल मोटरसाइकिल खड़े करना सुदृढ़ हो सके। पेंशनर समाज द्वारा पूर्व में एक मांग पत्र के माध्यम से भवन में कुर्सियों की कमी से अवगत कराया गया था, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने महिला दिवस के अवसर पर चेयर उपलब्ध कराई। इसके साथ ही उन्होंने पेंशनर समाज सामुदायिक भवन के सामने लगभग 2 लाख की लागत से टीन शेड मोटरसाइकिल स्टैंड निर्माण कराने की भी घोषणा की, जिससे भवन में आने वाले लोगों को वाहन खड़ा करने की सुविधा मिल सके। इस अवसर पर पेंशनर समाज के सदस्यों ने नगर पंचायत अध्यक्ष का शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया और उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पेंशनर समाज. रेन लाल देव अंगद राम बनपेला, अलका गजपाल, लक्ष्मण प्रसाद गजपाल, शारदा प्रसाद, ग्वले सकून कश्यप हिममडी सोम मोहन साहू सहित नगर पंचायत नगरी के सभापति अश्वनी निषाद शंकर देव अलका साव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

कलेक्टर बीएस उइके ने जिले के आश्रम छात्रावास अधीक्षकों की ली समीक्षा बैठक

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बी.एस. उइके की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में छात्रावास, आश्रम अधीक्षकों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी छात्रावास एवं आश्रम अधीक्षकों और आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त श्री लोकेश्वर पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि आश्रम, छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और दैनिक आवश्यकताओं को विशेष रूप से प्राथमिकता दे। उन्होंने वर्तमान में बोर्ड परीक्षाएं तथा आगामी वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं, इसलिए अधीक्षकों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। छात्रावास में नियमित अध्ययन का माहौल बने, रात्रि अध्ययन के लिए पर्याप्त रोशनी और शांत वातावरण उपलब्ध हो, ताकि विद्यार्थी बिना किसी बाधा के तैयारी कर सकें। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों को भोजन समय पर और निर्धारित मेनू के अनुसार दिया जाए। भोजन पौष्टिक हो, इसकी गुणवत्ता की नियमित रूप से ध्यान रखें। रसोईघर और भोजनालय की स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की सतत निगरानी की जाए। किसी विद्यार्थी के बीमार पड़ने पर तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में उपचार की व्यवस्था कराये। छात्रावास में प्राथमिक उपचार सामग्री रखे, ताकि छोटी-मोटी समस्या का निवारण तुरंत किया जा सके। छात्रावास की साफ-सफाई और स्वच्छता को बनाए रखें, किसी भी प्रकार की गंदगी न हो। उन्होंने कहा कि छात्रावास एवं आश्रम परिसर, कमरे, शौचालय और स्नानागार की प्रतिदिन सफाई की जाए।

गंदे पानी की समस्या से परेशानी, शास्त्री संग युवा नेताओं का अनोखा प्रदर्शन

नाला बना तालाब, मछलियां बनीं विरोध का बड़ा हथियार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के नादगांव स्थित वीआईपी रोड पर वर्षों से जाम पड़े नाले और गंदे पानी की समस्या के विरोध में पूर्व पार्षद व युवा नेता ऋषि शास्त्री अपने कार्यकर्ताओं के साथ अनोखे अंदाज में प्रशासन और सरकार का ध्यान खींचने की कोशिश की। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब नाला साफ नहीं हो पा रहा है और पानी लगातार जमा है, तो क्यों न यहां मछली पालन ही शुरू कर दिया जाए।

दरअसल,सर्किट हाउस वार्ड 43 के युवा नेता जय जायसवाल ने पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री को जानकारी दी कि वीआईपी मार्ग के स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर कई बार शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया है। इतना ही नहीं, लोगों ने टोल फ्री नंबर 1100 में भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन इसके बावजूद आज तक समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया।इसके बाद युवा नेता जय जायसवाल ने पूर्व पार्षद को मौके पर लेजा कर स्थानीय लोगों की समस्या सुनी और पॉस कालोनी निजी अस्पतालों से घिरा वीआईपी मार्ग में अनोखा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने नाले में मछलियां छोड़कर प्रशासन के खिलाफ प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। विधायक प्रतिनिधि के निवास से लेकर बसंतपुर चौक तक नाले में मछलियों की ÷तैराकी÷ कराई गई, जिससे लोगों का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित हुआ।

ऋषि शास्त्री ने कहा कि नादगांव के वीआईपी रोड का यह नाला सालों से जाम पड़ा है, जिससे गंदा पानी जमा रहता है और आसपास के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई शिकायतों और निवेदनों के बावजूद जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधि मौन बने हुए हैं।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यदि प्रशासन और सरकार इसी तरह सोई रही, तो आने वाले समय में यह नाला पूरी तरह ÷मछलीघर÷ बन जाएगा। यह विरोध सोई हुई सरकार और जिम्मेदार अधिकारियों को जगाने के लिए किया गया है, ताकि जल्द से जल्द नाले की सफाई और पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

एफसीआई गोदाम धरसीवां से धान चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

धरसीवां/नवप्रदेश। समिति अध्यक्ष कौशल साहू द्वारा दिनांक 08.03.2026 को थाना धरसींवा में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि कृषक सेवा सहकारी समिति द्वारा वर्ष 2025-2026 में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की गई है। समिति द्वारा किसानों से प्रति क्विंटल 3100 रुपये की दर से धान खरीदी कर उसे एफसीआई गोदाम धरसींवा में सुरक्षित रखा गया था। गोदाम के अंदर लगभग 3500 कट्टा धान की बोरियां, जिनमें प्रत्येक बोरी में 40-40 किलोग्राम धान भरा हुआ था, छल्ली कर सुरक्षार्थ रखी गई थीं तथा बाहर से शटर बंद कर ताला लगाया गया था।

दिनांक 08.03.2026 को शाम लगभग 07.00 बजे गोदाम का निरीक्षण करने पर पाया गया कि धान की बोरियों की छल्ली में से लगभग 60 नग बोरियां गायब हैं। जांच करने पर यह स्पष्ट हुआ कि दिनांक 06.03.2026 की रात्रि से लेकर 08.03.2026 की शाम 07.00 बजे के मध्य किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा गोदाम की दीवार को बाहर से तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया और धान की बोरियों की चोरी कर ली गई। चोरी की गई धान की बोरियों का कुल वजन लगभग 24 क्विंटल तथा अनुमानित कीमत लगभग 74,400 रुपये है। प्रकरण में थाना धरसींवा में अपराध क्रमांक 136/2026 धारा 331(4), 305, 3(5) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पीएम जनमन आवास से जुगरी बैगा के पक्के आशियाने का सपना हुआ पूरा

कवर्धा/नवप्रदेश। शासन की विशेष पिछड़ी जनजातियों को शासन के सभी योजनाओं का लाभ प्रदान करते हुए मुख्य धारा से जोड़ने की पहल का सीधा लाभ कबीरधाम जिले में निवासरत बैगा समुदाय के लोगों को मिल रहा है। जिले के पंडरिया विकासखंड में ग्राम गांगपुर है। जहां बैगा समुदाय की श्रीमती जुगरी बाई बैगा रहती है। उनका अपने परिवार के लिए एक पक्के आशियाने का सपना था, जो अब पीएम जनमन योजना से पूरा हो गया है। जुगरी बैगा ने आवास पूर्ण होने पर खुशी जाहिर करते

हुए बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना ने उनकी दशा और दिशा दोनों बदल दी है। वर्ष 2023-24 में आवास की मंजूरी के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर पात्रता में नाम दर्ज किया गया। आवास के लिए पात्र होने पर जिला प्रशासन द्वारा अविलंब आवास के लिए 2 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान कर प्रथम किशत की राशि रूपये 40 हजार सीधे उनके बैंक खाते में ऑनलाइन डीबीटी से जमा किया गया, जिससे पक्का आवास बनाने का काम शुरू हो गया। रोजगार सहायक और तकनीकी सहायक के मार्गदर्शन पर आवास का निर्माण कार्य आगे बढ़ता गया।

ग्राम जुनवानी में जल उत्सव पखवाड़ा और जल अर्पण दिवस का आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देश एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जिला कबीरधाम के कार्यपालन अभियंता श्री डी. एस. राजपूत के मार्गदर्शन में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन कबीरधाम के तत्वाधान में विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत कंटगीकला अंतर्गत ग्राम जुनवानी में जल जीवन मिशन के तहत जल उत्सव पखवाड़ा एवं जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 08 मार्च से 22 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले जल उत्सव पखवाड़ा का शुभारंभ भी किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित नलजल योजना को ग्राम पंचायत को औपचारिक रूप से हस्तांतरित करना, योजना के संचालन एवं संधारण में ग्राम पंचायत तथा ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना, हर घर जल योजना की उपलब्धि का उत्सव मनाना तथा स्थानीय स्तर पर योजना के स्वामित्व को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत ग्रामवासियों, स्कूली बच्चों, शिक्षकगण एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली से हुई। रैली के माध्यम से जल संरक्षण, स्वच्छ पेयजल एवं जल के विवेकपूर्ण उपयोग के संबंध में जनजागरूकता का संदेश दिया गया।

मेहनत और हौसले से बदली जिंदगी, लखपति दीदी बनीं धूमनी साहू

स्व-सहायता समूह से जुड़कर बनीं आत्मनिर्भर

कवर्धा/नवप्रदेश। श्रीमती धुमीन साहू ने यह साबित कर दिया है कि अगर मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो और सही मार्गदर्शन मिले, तो किस्मत बदलते देर नहीं लगती। कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायत दनियाखुर्द की रहने वाली श्रीमती धुमीन ने राधारानी स्व-सहायता समूह के साथ जुड़कर अपने जीवन की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाया और आज ÷लखपति दीदी÷ के रूप में पहचान बना ली है। अपनी

मेहनत के दम पर अपनी वार्षिक आय को 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख 10 हजार तक पहुँचाया है। आज वे न केवल आत्मनिर्भर हैं, बल्कि अपने गाँव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन चुकी हैं।

स्व-सहायता समूह से मिला नया रास्ता: श्रीमती साहू ने राधारानी स्व-सहायता समूह से जुड़कर आजीविका गतिविधियों की शुरुआत की। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें बचत, ऋण और स्वरोजगार के बारे में जानकारी मिली। समूह के माध्यम से उन्हें चक्रिय निधि से 10 हजार रुपये तथा बैंक ऋण से 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई।

संघर्ष भरा था शुरुआती जीवन

समूह से जुड़ने से पहले श्रीमती धूमनी साहू गांव में मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती थीं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण जीवनयापन करना मुश्किल था। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और दैनिक जरूरतों को पूरा करने में भी उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

स्वरोजगार से बढ़ी आय

समूह से मिली सहायता और प्रशिक्षण के बाद उन्होंने सिलाई मशीन दुकान और फैंसी स्टोर का संचालन शुरू किया। साथ ही कृषि कार्य को भी आगे बढ़ाया।

ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्या निदान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्ति कर उनका सम्पर्क नम्बर जारी किया गया है। जिले के किसी भी ग्राम में पेयजल की समस्या होने पर अथवा ग्राम में हेण्डपम्प खराब हो जाने पर दिये गये नम्बरों पर शिकायत दर्ज कर सकते है। इसके अलावा टोल फ्री न 1800-233-0008 पर भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। जिला स्तर पर सहायक अभियंता आर के ध्रुव, सहायक ग्रेड- 3 दीपक कुरुवंशी मोबाइल नंबर 9810395246, हैण्डपंप तकनीशियन सुरेन्द्र कुमार मोबाइल नंबर 8349062667, विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत उप अभियंता कलीराम पैकरा मोबाइल नम्बर 9826136821, विकासखंड पलारी उप अभियंता संदीप लारेंस मोबाइल नम्बर 7987000945, विकासखंड भाटापारा सहायक अभियंता रीना सिंह मोबाइल नम्बर 7223945588, विकासखंड सिमगा सहायक अभियंता के. एल. देवांगन मोबाइल नम्बर 9826209612 विकासखंड कसडोल सहायक अभियंता मनोज दाखोडे मोबाइल नम्बर 8109200800 से संपर्क किया जा सकता है।

एपीएल अपोलो जैसे नामी कंपनी में 11 छात्रों का चयन

■ **जिले के साथ शासकीय पॉलिटेक्निक संस्थान के लिए गर्व का विषय**

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के शासकीय पॉलिटेक्निक में संस्था परिसर में पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह प्लेसमेंट ड्राइव प्रतिष्ठित कंपनी एपीएल अपोलो बिल्डिंग प्रोडक्ट लिमिटेड द्वारा संचालित किया गया। इस आयोजन में गरियाबंद, महासमुंद तथा धमतरी जिलों के विभिन्न पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई संस्थानों से कुल 48 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 11 विद्यार्थियों का चयन कंपनी द्वारा किया गया। चयनित विद्यार्थियों में 6 डिप्लोमा तथा 5 आईटीआई के विद्यार्थी शामिल हैं। संस्थान के प्राचार्य श्री काजल रॉय ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार के रोजगारपरक आयोजन संस्थान में आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संस्था का प्रयास है कि जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थी इन अवसरों का लाभ उठाएँ, अधिक संख्या में सहभागिता करें और तकनीकी शिक्षा के माध्यम से उपलब्ध हो रही सुविधाओं एवं अवसरों का

अधिकतम उपयोग करें। उन्होंने आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले सभी अधिकारियों, स्टाफ और सहभागी संस्थानों के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी श्री शैलेंद्र खरे ने अपने संदेश में कहा कि प्लेसमेंट केवल नौकरी प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि उज्जवल भविष्य की ओर आगे बढ़ने का एक सशक्त अवसर है। प्लेसमेंट के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार के द्वार खुलते हैं, उन्हें पेशेवर वातावरण से सीधे जुड़ने का अनुभव प्राप्त होता है, जिससे उनके कौशल में निखार आता है और आत्मविश्वास मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि यह अनुभव विद्यार्थियों को समाज एवं अपने समकक्ष साथियों के बीच एक विशिष्ट और प्रभावशाली पहचान स्थापित करने में सहायक होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्लेसमेंट गतिविधियों में भाग लें और उपलब्ध अवसरों का पूर्ण लाभ उठाएँ। संस्था परिवार की ओर से सभी चयनित विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी गई तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र: नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के सवाल पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने सदन में दी जानकारी

31 मार्च 2027 तक बस्तर से अर्द्धसैनिक बलों की हो जाएगी वापसी

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा में मंगलवार को गृह और पंचायत मंत्री विजय शर्मा के विभागों का बजट अनुदान मांग पारित हो गया. इसके पहले अनुदान मांग पर चर्चा के दौरान गृहमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद की समाप्ति के बाद 31 मार्च 2027 तक बस्तर से अर्द्धसैनिक बलों की वापसी हो जाएगी।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती पर आए खर्च का मुद्दा गूंजा. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने गृहमंत्री विजय शर्मा से केंद्र सरकार द्वारा मांगी गई 21 हजार 530 करोड़ रुपये की राशि को लेकर सरकार से स्पष्ट जवाब देने की मांग की।

सदन में डॉ. महंत ने कहा कि 25 जून को केंद्र सरकार की ओर से एक नोटिस आया, जिसमें राज्य में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती पर हुए 21,530 करोड़ रुपये के खर्च का भुगतान केंद्रीय गृह मंत्रालय को करने की बात कही गई है. उन्होंने सवाल उठाया कि राज्य के बजट में इस बड़ी राशि का कहीं उल्लेख नहीं है, ऐसे में सरकार यह भुगतान किस मद से करेगी.

नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि 17 मार्च 2025 को मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर इस राशि को माफ करने का अनुरोध किया था. इसके जवाब में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि इस राशि का भुगतान चार किश्तों में किया जा सकता है. डॉ. महंत ने पूछा कि इतनी बड़ी राशि आखिर किन-किन मदों में खर्च हुई और इसका विस्तृत ब्यौरा सदन को दिया जाना चाहिए. उन्होंने केंद्र-राज्य संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि जब मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे और राज्य में डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री थे, तब केंद्र सरकार ने इस तरह से राज्य से पैसे की मांग नहीं की थी।

इस पर जवाब देते हुए गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि केंद्र से आया पत्र पिछली सरकार के समय से लेकर अब तक की अवधि से जुड़ा है और फिलहाल इसका फाइनल सेटलमेंट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य 31 मार्च 2026 तक सशस्त्र नक्सलवाद का खात्मा करना है और इसके बाद 31 मार्च 2027 तक केंद्रीय सशस्त्र बलों की वापसी की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी।

गृह मंत्री में थोड़ी भी नैतिकता है तो इस्तीफा दें: भूपेश

■ प्रदेश में अफीम की खेती को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अनुदान मांग पर चर्चा के दौरान अफीम की खेती के जरिए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान दो जिलों में अफ़ीम की खेती का मामला उजागर हुआ है। गृहमंत्री में थोड़ी भी नैतिकता है, तो इस्तीफा दे देना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि 5 मार्च को दुर्ग में हो रही खेती की सूचना पुलिस को



फोन कर दे दी गई थी। इसकी कॉल रिकार्डिंग मेरे पास है। आसंदी चाहे तो मैं इसे सदन के पटल पर रख सकता हूँ। लेकिन मंत्री जी इस मामले सदन को गुमराह करने का काम किया. मंत्री अपने वक्तव्य में कहा कि मुखबिर से सूचना मिली थी. यह शर्मनाक है. क्या इस मामले में लीपापोती की जा रही है. विनायक ताम्रकर को हथकड़ी क्यों नहीं लगाई गई? उन्होंने कहा कि इस मामले में नेता-प्रतिपक्ष ने पूरे प्रदेश में जाँच की मांग की गई. आज देखिए सरगुजा अंचल के बलरामपुर जिले के कुमसी ब्लॉक में अफीम की खेती का मामला उजागर हुआ है. छत्तीसगढ़ में नशे की खेती हो रही है. इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? विधानसभा सत्र के दौरान दो जिलों में अफ़ीम की खेती का मामला उजागर हुआ है. गृहमंत्री में थोड़ी भी नैतिकता तो आपको इस्तीफा दे देनी चाहिए।

रायपुर स्मार्ट सिटी के काम की होगी जांच, मंत्री अरुण साव ने की घोषणा

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को ध्यानाकर्षण के दौरान मंत्री अरुण साव ने रायपुर स्मार्ट सिटी के काम की जांच कराए जाने की घोषणा की। सदन में सत्ता पक्ष के ही विधायकों के स्मार्ट सिटी के कार्य में भ्रष्टाचार को लेकर घेरा, जिसके बाद मंत्री ने जांच की घोषणा की। सत्ता पक्ष के विधायक सुनील सोनी ने कहा कि रायपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में 30 करोड़ का काम हुआ है। अकेले म्यूजिकल फाउंटेन में 5.24 करोड़ का खर्च हुआ है। हमारी शिकायत पर ही केंद्र सरकार ने जांच कराई थी। जांच में 18 लाख खर्च हुए थे, जांच रिपोर्ट पटल पर रखी जाए। सुनील सोनी के अलावा भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और धर्मलाल कौशिक ने भी स्मार्ट सिटी के कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया. इस पर मंत्री अरुण साव ने कहा कि किसी भी शिकायत और गड़बड़ी का परीक्षण कराएंगे. दोषी पर कारवाई भी होगी। सदन की कार्यवाही के दौरान कांग्रेस विधायक द्वारिकाधीश यादव ने में ध्यानाकर्षण में शिरपुर महोत्सव में आय-व्यय एवं संचालन व्यवस्था में अनियमितता का मुद्दा उठाया. जवाब देते हुए संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि महोत्सव के आयोजन के लिए 15 लाख रुपए का आबंटन किया गया. चिन्हारी पोर्टल में सभी जानकारी उपलब्ध है. उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 10 लाख रुपए प्रचार के लिए खर्च किया गया। यह कहना उचित नहीं है कि अनियमितता हुई है. बाहर से आए गेस्ट को कोई भुगतान नहीं किया है। इस पर द्वारकाधीश यादव ने कहा कि हंसराज रघुवंशी 60 लाख रुपए एक कार्यक्रम का लेता है। इस पर राजेश अग्रवाल ने कहा कि यह कहना गलत है कि बाहर से आए गेस्ट कलाकार को भुगतान नहीं किया गया। मंत्री ने बताया कि प्रशासन के द्वारा ऑनरिकॉर्ड भुगतान किया गया है। इस पर विधायक ने कहा कि क्या भुगतान का जांच करेंगे। इस पर संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने जांच करने की बात कही।

सदन में उठा व्यावसायिक वाहनों के फिटनेस का मामला, पक्ष-विपक्ष में हुई जमकर बहस

विधानसभा बजट सत्र के सातवें दिन की कार्यवाही के दौरान व्यावसायिक वाहनों के फिटनेस का मामला उठा। विषय पर पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर बहस हुई। विपक्ष ने अंत में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की बात कहते हुए सदन से वॉकआउट किया. विधायक ओंकार साहू ने मामला उठाते हुए पूछा कि तीन सालों में कितने वाहनों को बिना परीक्षण फिटनेस प्रमाण पत्र दिया गया? तीन सालों में परिवहन विभाग द्वारा वाहनों की ओवर लोडिंग बिना परमिट संचालन बिना बीमा पाए जाने पर कितने प्रकरण बने और कितनी राशि वसूल हुई? इस पर परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने कहा - फिटनेस परीक्षण की जानकारी निरंक है। बिना भौतिक परीक्षण फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं दिया जाता है. 3 सालों में ओवरलोडिंग बिना परमिट संचालन के 77810 प्रकरण बनाए गए हैं। 3 सालों में 42 करोड़ 79 लाख 5 हजार 300 रुपए की वसूली हुई है।

वन मंत्री ने दी जानकारी, 3 साल में 9 बाघ और 38 हाथियों की हुई मौत

छत्तीसगढ़ में बीते तीन सालों में 9 बाघ और 38 हाथियों की मृत्यु हुई है। इनके अलावा 562 वन्यजीवों की अस्वाभाविक मृत्यु हुई है। यह जानकारी वन मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस विधायक शेषराज हरवंश द्वारा बाघ और अन्य जानवरों की मौत की मांगी गई जानकारी पर दी। छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के दौरान सातवें दिन की कार्यवाही के दौरान वन मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस विधायक शेषराज हरवंश द्वारा मांगी गई जानकारी पर प्रदेश में बाघ, हाथी और अन्य वन्य जीवों की मौत को लेकर पूछे गए सवाल के यह जानकारी दी।

मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि बीते तीन सालों में छत्तीसगढ़ में 38 हाथियों की मौत हुई है. वर्ष 2023 में बलरामपुर में एक और धरमजयगढ़ में एक-एक हाथी की मौत हुई. वर्ष 2024 में 18 हाथी की मौत हुई, इनमें से रायगढ़ में चार, कोरबा में एक, बलरामपुर में तीन और उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में एक, सूरजपुर में तीन, धमतरी में एक, बिलासपुर में एक, धरमजयगढ़ में तीन, सरगुजा

एलीफेंट रिजर्व में एक हाथी की मौत हुई है।

वर्ष 2025 में 16 हाथियों की मौत हुई, इनमें से रायगढ़ वन मंडल में 7, धरमजयगढ़ में 4, कोरबा में 2, बलरामपुर में एक, सूरजपुर में एक, कटघोरा में एक हाथी की मौत हुई है. वहीं वर्ष 2026 में अब तक दो हाथियों की मौत हुई है, इनमें से एक उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में एक और रायगढ़ वन मंडल में एक हाथी की मौत हुई है।

बीते दो सालों में छत्तीसगढ़ में 9 बाघों की मौत हुई है, इनमें से वर्ष 2024 में सारंगढ़-बिलाईगढ़ वन मंडल और कोरिया में एक-एक बाघ, वर्ष 2025 में अचानकमार टाइगर रिजर्व में एक, नंदनवन वन सफारी में दो, अचानकमार-अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व में दो, सूरजपुर में एक बाघ मिलाकर कुल 6 बाघों की मौत हुई थी. वर्ष 2026 में अचानकमार टाइगर रिजर्व में एक बाघ की मौत हुई है।

गंगाजल लेकर की थी कांग्रेस ने शराबबंदी की बात, उनके नेता जेल गए: सुशांत शुक्ला

दुर्ग जिले में अफीम की खेती को लेकर कांग्रेस पार्टी 12 मार्च को प्रदेश भाजपा कार्यालय का घेराव करने जा रही रही है इस पर आज विधानसभा परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा जिस अफीम मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी सदन में स्थगन लेकर आए थे। उनसे तो यह प्रश्न पुछना चाहिए कि उनके नेता जो एक-एक साल तक जेल में रहे उनको पार्टी से निलंबित क्यों नहीं किया गया? भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में गलत काम करने वाले अपने दल से जुड़े नेता पर भी कार्यवाही हुई है। मै यह सुनिश्चित करना चाहता हू कि भाजपा सरकार में कोई भी गलत काम करेगा उस पर कार्रवाई होगी। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर आरोप लगाते हुए कहा कि अपराध और अपराधियों को संरक्षण देने का काम कांग्रेस पार्टी में सदियों से चला आ रहा हैं। यदि कांग्रेस पार्टी में ही जांच की

जाए तो इतने अपराध दर्ज होगें जिसकी कोई सीमा नहीं। जो नेता अभी जेल में रहे उन पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं करते। कांग्रेस पार्टी केवल बयानबाजी करती है। वहीं राजनांदगांव में मिली नकली शराब को लेकर भी विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के लिए गंगा जल लेकर शराब बंदी की बात की थी और उन्होंने प्रदेश की महिलाओं और जनता को धोखा दिया। उनके कार्यकाल में आबकारी मंत्री पर आरोप लगे अभी जेल से छूटे है वे शराब पर बात न करे तो ही अच्छा है।

वनों को उद्योगपतियों को सौंप रही है प्रदेश की भाजपा सरकार: देवेन्द्र यादव

सदन में आज भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव ने उद्योग व खदानों के खनन कार्य के लिए पेड़ों की कटाई लेकर प्रश्न किया था। उन्होंने वर्ष 2022 से 31 जनवरी 2026 तक उद्योंगो और खनन के लिए पेड़ों की कटाई की अनुमति को लेकर प्रश्न पूछा था। जिसके जवाब में वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि संबंधित जानकारी माननीय सदस्य को दी गई है और सदन में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि 2022 से 31 जनवरी 2026 तक 2,33237 पेड़ काटने की अनुमति मांगी गई है, जिसमें से 1 लाख 95 हजार 292 नग पेड़ कांटे गए है। वहीं उन्होंने कहा कि दूसरे प्रश्न में मांगी गई जानकारी प्रपत्र के माध्यम से दे दी गई है और पेड़ काटने के बाद पेड़ लगाए जाने का कोई प्रावधान नहीं है। मंत्री कश्यप ने कहा कि उद्योग और खदानों के प्रकरणों में व्यपवर्तित क्षेत्र के बदले प्रतिपूरक वनीकरण के माध्यम से

पेड़ लगाए जाते हैं न कि किसी पेड़ के काटने के बदले पेड़ लगाए जाते हैं। इस पर भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव नाराज हो गए । उन्होंने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश के वनांचल को खत्म करने की साजिश की जा रही है। वनों को नष्ट करने की साजिश की जा रही है। जो दस्तावेज सदन में मंत्री जी अपने जवाब में दे रहे है वे अस्पष्ट है। जबकि नियम के अनुरूप यदि आप पेड़ कटाई कर रहे है तो आपको उसके बदले पेड़ लगाने पड़ेंगे।

देह और अंगदान करने में भी महिलाएं अग्रणी, वंदना पाटनकर बनी प्रेरणास्त्रोत

भिलाई/नवप्रदेश। देश और समाज के उत्थान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसमें महिलाएं पुरुषों से पीछे हों। कुछ क्षेत्रों में तो वे पुरुषों से भी दो कदम आगे हैं। मानव जाति के कल्याण के लिए देह और अंगदान करने का संकल्प लेना महिलाओं के लिए कतई आसान नहीं है।

ऐसे में जीजाबाई महिला मंडल भिलाई की अध्यक्ष श्रीमती वंदना पाटनकर ने अपने पचासवें जन्मदिन पर मरणोपरांत देह और अंगदान करने की घोषणा कर नारी शक्ति का मान बढ़ा दिया। अब वे लगातार महिलाओं को इसके लिए प्रेरित करने का पुण्य कार्य कर रही है। उनका कहना है कि यह नश्वर शरीर यदि मरणोपरांत किसी के काम आ सकता है तो इससे बड़ा पुण्य कार्य और कोई नहीं हो सकता। इसी भावना से विभूषित होकर उन्होंने पीड़ित मानवता की सेवा के लिए देह और अंगदान करने का निर्णय लिया। उन्हें इस बात का संतोष है कि उनसे प्रेरित होकर अब और कई महिलाएं देह और अंगदान करने का संकल्प ले रही हैं।

उन्होंने सभी महिलाओं से अनुरोध किया है कि वे इसके लिए आगे आएं और यह पुण्य कार्य कर अपना जीवन धन्य बनाएं। श्रीमती वंदना पाटनकर के मानव कल्याण के इस पुनीत कार्य की सर्वत्र सराहना हो रही है। अनेक समाज सेवी संस्थाओं ने इसके लिए उन्हें सम्मानित किया है। इस बार महिला दिवस पर भी सर्व धर्म सेवा संस्था द्वारा इस्पात नगरी भिलाई में आयोजित एक भव्य समारोह में श्रीमती वंदना पाटनकर तथा अन्य देह व अंगदान करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया।

ड्रग्स स्कैंडल: तुर्किए-थाईलैंड के अलावा सात बार चीन गई नव्या, साथ में रहते थे रसूखदार

■ 300 से ज्यादा लोगों से संपर्क, कई प्रभावशाली नामों पर जांच की आंच नहीं

रायपुर/नवप्रदेश छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित ड्रग्स स्कैंडल में मुख्य आरोपी नव्या मलिक को लेकर नए खुलासों से हड़कंप मचा हुआ है। जांच में सामने आया है कि नव्या वर्ष 2019 से लगातार विदेश यात्राएं कर रही थी। वह तुर्किए और थाईलैंड के अलावा सात बार चीन भी जा चुकी है। बताया जा रहा है कि इन यात्राओं के दौरान उसके साथ कई नेताओं के करीबी और प्रभावशाली लोग भी होते थे।

सूत्रों के मुताबिक नव्या के संपर्क में नेताओं के रिश्तेदारों, कारोबारियों और अन्य रसूखदारों सहित 300 से ज्यादा लोग थे। हालांकि इनमें से कई प्रभावशाली लोगों पर अब तक जांच की आंच नहीं पहुंची है। इस कारण पूरे मामले की जांच को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। जांच एजेंसियों को यह भी जानकारी मिली है कि नव्या के दिल्ली और मुंबई में भी कई संपर्क थे। इन सहयोगियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उल्लेखनीय है कि नव्या मलिक को 3 अगस्त 2025 को मुंबई से गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद पुलिस टीम उसे रायपुर लेकर आई थी। पूछताछ के दौरान यह भी खुलासा हुआ था कि उसके पास एक और मोबाइल फोन है, जिसमें कई प्रभावशाली लोगों के नंबर सेव थे। इस मोबाइल को बरामद करने के लिए पुलिस टीम को दोबारा मुंबई जाना पड़ा था।

नव्या की गिरफ्तारी के बाद कुछ समय तक मामले में तेजी दिखाई दी, लेकिन बाद में जांच की रफ्तार धीमी पड़ गई। गंज थाना पुलिस ने जल्दबाजी में कोर्ट में चालान पेश कर दिया, जिसके बाद नव्या सहित कई आरोपियों को जमानत मिल गई। हालांकि हरियाणा निवासी मोनू विश्नोई अब भी जमानत का इंतजार कर रहा है। प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आरोपी युवती का वर्ष 2019 से विदेश आना-जाना जारी था। वह सात बार चीन और इसके अलावा तुर्किए तथा थाईलैंड भी गई है। उन्होंने कहा कि पहले इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई, लेकिन अब विष्णुदेव साय सरकार में ड्रग्स तस्करी के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं और आरोपियों की गिरफ्तारी की जा रही है।

कई साल से सक्रिय था ड्रग्स सिंडिकेट

जांच में सामने आया है कि राजधानी में यह ड्रग्स सिंडिकेट कई वर्षों से सक्रिय था। शहर के बड़े होटल और क्लबों में आयोजित पार्टियों में ड्रग्स परोसी जाती थी। इन पार्टियों का आयोजन एक इवेंट कंपनी की संचालिका विधि अग्रवाल और उसके सहयोगी करते थे, जिसमें होटल और क्लब के कुछ प्रबंधकों की भूमिका भी बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार ड्रग्स मंगाने की जिम्मेदारी नव्या संभालती थी। वह दिल्ली और मुंबई में मौजूद अपने संपर्कों से ड्रग्स मंगाती थी। इसके बाद ड्रग्स हर्ष आहूजा तक पहुंचती थी, जो अपने साथियों के जरिए इसकी सप्लाई और बिक्री करवाता था।

डॉ. अजय सहाय को मिला 'डॉक्टर ऑफ द ईयर अवार्ड'

रायपुर/नवप्रदेश। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ चैप्टर द्वारा रायपुर में आयोजित 21वीं राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस में राजधानी रायपुर के सुप्रसिद्ध कंसल्टेंट फिजिशियन प्रो डॉ अजय सहाय को ÷डॉक्टर ऑफद ईयर अवार्ड÷ से सम्मानित किया गया । स्थानीय बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मोवा में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के लगभग ढाई सौ डॉक्टर्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विदित हो कि डॉ अजय सहाय अंचल में गरीबों के डॉक्टर के नाम से प्रसिद्ध हैं। वो एक समाज सेवी भी हैं और छत्तीसगढ़ के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों, ट्राइबल्स और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विगत चार दशकों से निस्वार्थ हेल्थकेयर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वो एक फिल्म निर्माता, निर्देशक और लेखक भी हैं।

महोबा बाजार-टाटीबंध क्षेत्र में निगम की कार्रवाई, 30 ठेले-गुमटियां हटाई

■ टीन-त्रिपाल से बनी 15 अवैध दुकानों को भी तोड़ा गया

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर ने जोन-8 क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए महोबा बाजार चौक से टाटीबंध चौक और बिलासपुर मुख्य मार्ग तक बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान लगभग 30 अवैध ठेले और गुमटियों को हटाया गया, वहीं टीन और त्रिपाल से बनाई गई करीब 15 दुकानों को तोड़ दिया गया।

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर यह कार्रवाई जोन-8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के नेतृत्व में की गई। अभियान में कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता अमन चंद्राकर और अनुराग पाटकर, उप अभियंता लोचन चौहान व अबरार खान सहित नगर निवेश विभाग की टीम, टीम प्रहरी और पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

निगम अधिकारियों के अनुसार जोन-8 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-21 शहीद भगत सिंह वार्ड और वार्ड क्रमांक-1 वीर सावरकर नगर क्षेत्र में महोबा बाजार चौक से टाटीबंध चौक तथा टाटीबंध चौक से बिलासपुर मुख्य मार्ग तक सड़क किनारे अवैध रूप से ठेले-गुमटियां और अस्थायी दुकानें लगाई गई थीं। इन्हें हटाकर सड़क और फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और सड़क किनारे अवैध कब्जा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सुविचार

जिस दिन महिलाएं अपने श्रम का हिसाब मांगने बैठ गई तो उस दिन मानव इतिहास की सबसे बड़ी धोखाधड़ी उजागर हो जाएगी।

दुनिया में गहराता तेल संकट

अमेरिका और इजराइल जिस तरह ईरान पर लगातार हमले तेज कर रहे हैं और जवाबी कार्यवाही में ईरान भी इजराइल तथा अमेरिका परस्त खाड़ी देशों पर बम बरसा रहा है। उससे यह जंग लंबी जाने की संभावना बलवति हो गई है। इस जंग के चलते दुनिया में तेल संकट गहराने लगा है। पड़ौसी देश पाकिस्तान में तो पेट्राल और डीजल के दाम आसमान छूने लगे हैं जिससे वहां हाहाकार मच गया है। फिल्हाल भारत में पेट्रोल और डीजल के दाम नहीं बढ़े हैं लेकिन घरेलू गैस की कीमत में प्रति सिलेन्डर 60 रूपये की तथा कमर्शियल गैस सिलेन्डर में 115 रूपये की वृद्धि हो गई है जिससे आम आदमी का घरेलू बजट गड़बडा गया है। यदि यह युद्ध लंबा चला तो भारत में भी पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ना तय है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत सौ डॉलर पार कर गई है और इसके 200 डॉलर तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। यही नहीं बल्कि उर्वरकों के दाम भी बढ़ सकते हैं। यदि ऐसा हुआ तो निश्चित रूप से दुनिया के कई देशों की अर्थव्यवस्था डगमगा जाएगी और उनके लिए गेहूं के साथ घून पीसने वाली कहावत चरितार्थ हो जाएगी। गौरतलब है कि इस जंग के चलते तेल उत्पादक खाड़ी देशों में तेल के प्लांटों को ही ज्यादा निशाना बनाया जा रहा है। इजराइल ने तो ईरान के कई तेल टीपों पर बमबारी कर दी जिसे लेकर अमेरिका इजराइल के बीच ही मतभेद पैदा हो गये हैं। तेल डीपों में आग लगने से अमेरिका की चिंता बढ़ गई है। जबकि इजराइल का कहना है कि उसने उन तले डीपों को इसलिए निशाना बनाया है क्योंकि उनका इस्तेमाल ईरान मिसाल लांचर्स में ईंधन भरने के लिए करता था। कुल मिलाकर तेल प्लांटों और डिपों को बमबारी का निशाना बनाये जाने से दुनिया पर तेल संकट और बढ़ सकता है जिससे कई देशों में मंहगाई बम फूटेगा और इसका गंभीर दुसपरिणाम उन करोंड़ो निर्दोष लोगों को भुगतना पड़ेगा जिनका इस जंग से कोई लेना देना नहीं है। ऊपर से डोनाल्ड ट्रंप ने यह बयान देकर जले पर नमक छिड़कने का काम किया है कि जंग की थोड़ी बहुत कीमत तो सबको चुकानी पड़ती है। डोनाल्ड ट्रंप बेशक इसकी कीमत चुकाएं लेकिन उनकी सनक के चलते दुनिया के अन्य देश भला क्यों इसके दुसपरिणाम भोगेंगे। बहरहाल जहां तक भारत की बात है तो इसके पास अभी एक माह तक का पर्याप्त तेल भंडार है और रूस से भी कच्चे तेल की आपूर्ति यथावत् जारी है इसलिए फिल्हाल भारत को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है लेकिन यदि यह जंग रूस और यूक्रेन की जंग की तरह ही लंबी चली तो इसके दुष्प्रभाव से भारत भी अछुता नहीं रहेगा और यहां भी पेट्रोल डीजल तथा रसोई गैस के दामों में आग लग सकती है और त्रहि त्राहि मच सकती है। इस जंग को लेकर भारत की संसद में भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई है और बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन ही विपक्ष ने इस मुद्दे को लेकर सदन की कार्यवाही ठप कर दी थी। इसके बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लोकसभा और राज्यसभा में बयान देकर देशवासियों को आस्वस्थ किया है कि भारत स्थिति पर नजर रहे हुए है और एहतियाती कदम उठा रहा है। वैसे तो बेहतर यही होगा कि यह जंग जल्द खत्म हो।

धोखा मिला तो दिल टूटा

वर्षा वार्ष्णेय

आँखों ने चुपचाप कहा बस अब और नहीं
पर अंदर कहीं एक आवाज़ थी
ये अंत नहीं ये तो एक शुरुआत है
पैसे के पीछे भागे लोग,
अपनों को जाने कब छोड़ गए
जो साथ निभाने की कसमें खाई थीं
वो सब शब्दों में तोड़ गए
मैं गिरा ज़रूर था उस दिन
पर टूटा कभी बिल्कुल नहीं
धोखे ने मुझे सिखा दिया
भरोसा सब पर करना नहीं
अब मेहनत मेरी पहचान है
सच्चाई हमेशा मेरे साथ है
धीरे-धीरे ही सही मगर
अब खुद पर ही विश्वास है
पैसा आए तो सिर न झुके
जाए तो कभी दिल न रोए
जिसके पास आत्मसम्मान हो
वो हर हाल में ख्वाब संजोए
धोखा देने वाले शायद
आज चैन से सो जाते हों
पर सच्चाई की राह चलने वाले ही
एक दिन नया इतिहास बनाते हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1881 - 11 मार्च 1881 को कोलकाता के टाउन हॉल में रामनाथ टैगोर की प्रतिमा स्थापित की गई थी. यह खास है क्योंकि पहली बार किसी भारतीय की प्रतिमा को सार्वजनिक स्थल पर लगाया गया था। 1948 - भारत के पहले आधुनिक पोत 'जल उषा' का विशाखापत्तनम में जलावतरण हुआ था. यह भारतीय नौसेना के लिए महत्वपूर्ण कदम था. कई मीडिया रिपोर्ट्स में इसकी तारीख 14 मार्च भी बताई जाती है। 1951 - नई दिल्ली में पहले एशियाई खेलों का आयोजन शुरू हुआ. इसे भारतीय खेल इतिहास में बड़ी उपलब्धि माना जाता है. 1985 - कोंस्तान्तिन चेरेंकों की मौत के बाद मिखाइल गोर्बाच्योफ को सोवियत संघ का सर्वोच्च नेता चुना गया। 1990 - संसद में मतदान के बाद लिथुआनिया ने खुद को सोवियत संघ से स्वतंत्र घोषित किया। ऐसा करने वाला वह पहला सोवियत गणराज्य था। 1996 - सैटेनिक वर्सेज के लेखक सलमान रुश्दी के खिलाफ फ्तवा को ईरान ने वापस लिया। 1999 इंफोसिस कंपनी पहली भारतीय कंपनी है जो नैशडैक अंतरराष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज की सूची में आई।

योगेश कुमार गोयल

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है लेकिन दुर्भाग्य से धूम्रपान और तंबाकू की लत इस अमूल्य धन को तेजी से नष्ट कर रही है। हर साल मार्च के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को धूम्रपान की आदत छोड़ने के लिए प्रेरित करना और समाज को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष यह दिवस 11 मार्च को मनाया जा रहा है। यह एक ऐसा अवसर है, जब लोग अपने जीवन में एक नई शुरुआत कर सकते हैं और धूम्रपान मुक्त जीवन की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

नो स्मोकिंग डे: निकोटीन का जहर और समाज का मौन संकट

हर वर्ष इस दिन एक विशेष थीम के साथ लोगों को तंबाकू से दूर रहने का संदेश दिया जाता है। इस वर्ष का संदेश है 'धूम्रपान से मुक्त जीवन की शुरुआत एक धूम्रपान-मुक्त दिन से होती है।' इसका अर्थ स्पष्ट है कि यदि कोई व्यक्ति केवल एक दिन भी धूम्रपान से दूरी बना ले तो वह आगे चलकर इसे पूरी तरह छोड़ने की दिशा में पहला कदम उठा सकता है। तंबाकू और निकोटीन की लत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के कारण हर वर्ष लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इनमें से करीब 70 लाख लोग सीधे धूम्रपान करने वाले होते हैं जबकि लगभग 12 लाख लोग ऐसे होते है, जो स्वयं धूम्रपान नहीं करते लेकिन दूसरों के धुएं के संपर्क में आने के कारण गंभीर बीमारियों का शिकार बन जाते हैं। यह स्थिति बताती है कि धूम्रपान केवल करने वाले व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके आसपास रहने वाले परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। हाल के वर्षों में देखा गया है कि दुनिया के कई देशों में धूम्रपान करने वालों की संख्या में कमी आई है लेकिन इसके बावजूद चिंता का विषय यह है कि युवाओं और किशोरों में तंबाकू के उपयोग की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है।

वैश्विक रिपोर्टों के अनुसार 13 से 15 वर्ष की आयु के लगभग 3.7 करोड़ बच्चे किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। ई-सिगरेट और अन्य नए निकोटीन उत्पादों ने इस समस्या को और जटिल बना दिया है। आकर्षक पैकेजिंग, फ्लेवर और डिजिटल मार्केटिंग के जरिए इन उत्पादों को युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाने की कोशिश की जा रही है। विज्ञापन प्रतिबंधों के बावजूद सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से युवाओं को लक्ष्य बनाकर प्रचार किया जाता है। इस कारण किशोरों में तंबाकू की लत तेजी से फैल रही है, जो भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है। तंबाकू के दुष्प्रभाव केवल कैंसर तक सीमित नहीं हैं। यह शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है। धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर का प्रमुख कारण है और दुनिया में होने वाली फेफड़ों के कैंसर से लगभग 85 प्रतिशत मौतें धूम्रपान के कारण होती हैं। इसके अलावा तंबाकू हृदय रोग, स्ट्रोक, दमा, ब्रोंकाइटिस और कई अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों को जन्म देता है। लंबे समय तक तंबाकू का सेवन करने से मुंह, गले, पेट, लीवर और आंतों के कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। तंबाकू की

नो स्मोकिंग डे पर विशेष

समस्या भारत में भी काफी गंभीर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के 25 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। इनमें अधिकांश पुरुष हैं लेकिन महिलाओं में भी इसका उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। भारत में तंबाकू सेवन के कई रूप प्रचलित हैं, जैसे खैनी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा और सुपारी के साथ तंबाकू का सेवन। इन उत्पादों की आसान उपलब्धता और कम कीमत के कारण लोग जल्दी इसकी लत के शिकार हो जाते हैं। विभिन्न शोधों में यह भी सामने आया है कि तंबाकू से होने वाली बीमारियों का इलाज बहुत महंगा होता है। यदि तंबाकू के उपयोग को नियंत्रित नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं पर इसका आर्थिक बोझ बहुत अधिक बढ़ सकता है। मुंह के कैंसर के मामलों में भारत पहले से ही दुनिया के कई देशों से आगे है और इसका मुख्य कारण तंबाकू तथा गुटखे का व्यापक उपयोग है। धूम्रपान केवल शारीरिक ही नहीं, मानसिक और सामाजिक समस्याओं को भी जन्म देता है। तंबाकू की लत व्यक्ति को धीरे-धीरे निर्भर बना देती है। कई युवाओं में यह लत अवसाद, चिंता और आत्मविश्वास की कमी जैसी मानसिक समस्याओं को भी जन्म देती है। जब किशोरावस्था में यह आदत लग जाती है तो उसे छोड़ना बेहद कठिन हो जाता है और इसका प्रभाव उनके पूरे जीवन पर पड़ता है। धूम्रपान के खतरों को देखते हुए समाज में व्यापक जागरूकता की आवश्यकता है।

सरकारों ने तंबाकू नियंत्रण के लिए कई कानून बनाए हैं, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाया है और तंबाकू उत्पादों पर चेतावनी संदेश भी अनिवार्य किए हैं। इसके बावजूद केवल कानून से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। इसके लिए सामाजिक जागरूकता और व्यक्तिगत संकल्प दोनों जरूरी हैं। पत्रकारिता के अपने लंबे अनुभव के दौरान मैंने नशे के दुष्प्रभावों पर व्यापक अध्ययन किया है। वर्ष 1993 में मेरी पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' प्रकाशित हुई थी, जिसमें तंबाकू और अन्य नशों से होने वाले भयानक परिणामों का विस्तार से उल्लेख किया गया था। उस समय भी यह चेतावनी दी गई थी कि यदि समाज ने समय रहते नशे के खिलाफ जागरूकता नहीं बढ़ाई तो इसके दुष्परिणाम आने वाली पीढ़ियों को भुगतने पड़ेंगे। आज तीन दशक बाद भी यह चिंता उतनी ही प्रासंगिक दिखाई देती है। बहरहाल, नो स्मोकिंग डे हमें याद दिलाता है कि जीवन का हर पल अमूल्य है और इसे किसी भी तरह की लत के कारण बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए। धूम्रपान छोड़ना कठिन अवश्य है लेकिन असंभव नहीं। यदि व्यक्ति दृढ़ निश्चय कर ले और परिवार तथा समाज का सहयोग मिले तो वह आसानी से इस लत से मुक्त हो सकता है। आज जरूरत इस बात की है कि हम स्वयं भी धूम्रपान से दूर रहें और दूसरों को भी इसके खतरों के बारे में जागरूक करें। आखिरकार, एक स्वस्थ समाज की शुरुआत स्वस्थ व्यक्तियों से ही होती है। यदि हम तंबाकू से दूरी बनाकर जीवन को अपनाएं तो न केवल अपना स्वास्थ्य सुरक्षित रख सकते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक बेहतर और सुरक्षित वातावरण तैयार कर सकते हैं।

डॉ. राघवेंद्र शर्मा

11 मार्च का वह पावन दिवस मात्र कैलेंडर की एक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय स्वाभिमान के उस प्रखर सूर्य के महाप्रयाण का दिन है, जिसने अपने रक्त की अंतिम बूंद से राष्ट्र की अस्मिता को सींचा था। धर्मवीर छत्रपति संभाजी महाराज का जीवन उस धधकती ज्वाला के समान है, जिसने औरंगजेब के अहंकार को राख में मिला दिया और हिंदवी साम्राज्य की नींव को वज्र जैसी अडिगता प्रदान की। शिवाजी महाराज के स्वर्गारोहण के पश्चात जब चारों ओर से संकट के बादल मंडरा रहे थे और मुगलिया सल्तनत की गिद्ध जैसी दृष्टि दक्षिण भारत को निगलने के लिए आतुर थी, तब शंभू राजा ने उस प्रलयंकारी तूफान के विरुद्ध अकेले खड़े होकर वह शौर्य गाथा लिखी, जिसे सुनकर आज भी कायरों की रूह कांप जाती है। उनका संघर्ष केवल राज्य की सीमाओं को बचाने का नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा का महायज्ञ था। अपने नौ वर्षों के संक्षिप्त किंतु अत्यंत तेजस्वी शासनकाल में उन्होंने मुगलों, सिद्दियों, पुर्तगालियों और अंग्रेजों जैसे शत्रुओं को एक साथ धूल चटाकर यह सिद्ध कर दिया कि शेर का शावक कभी झुकना नहीं जानता।

संभाजी राव: भारतीय संप्रभुता और सनातन को समर्पित जीवन दर्शन

संभाजी महाराज का जीवन प्रतिकूलताओं की उस कसौटी पर कसा गया था, जहाँ साधारण मनुष्य टूट जाता है, परंतु वे निखरकर कुंदन बन गए। एक ओर औरंगजेब अपनी पूरी शक्ति, अपार धन और विशाल सेना के साथ दक्षिण को रौंदने आया था, तो दूसरी ओर स्वराज के भीतर छिपे गद्दारों और षड्यंत्रकारियों का जाल बिछा हुआ था। उन्हें अपनों के विश्वासघात और शत्रुओं के क्रूर आक्रमणों के बीच एक साथ युद्ध लड़ना पड़ा। आर्थिक तंगी, किलों की घेराबंदी और निरंतर सैन्य अभियानों के बावजूद उन्होंने एक भी किला मुगलों के हाथ नहीं लगने दिया। संभाजी महाराज ने युद्ध के मैदान में बिजली की गति से प्रहार किया और मुगलों की रसद काट दी, जिससे औरंगजेब जैसा क्रूर शासक भी वर्षों तक भटकने के लिए विवश हो गया। उनके जीवन का वह अंतिम अध्याय तो मनुष्यता के इतिहास में वीरता की पराकाष्ठा है। जब संगमेश्वर में विश्वासघात के कारण वे पकड़े गए, तो औरंगजेब ने उन्हें अपमानित करने और धर्म परिवर्तन कराने के लिए अमानवीय प्रताड़नाओं का सहारा लिया। उनकी आंखें निकाल ली गईं, जीभ काट दी गई, और खाल तक उधेड़ दी गई, किंतु उस महामानव के मुख से केवल 'नमो नमः शिवाय' और स्वधर्म के प्रति निष्ठा ही प्रकट हुई। उन्होंने मृत्यु को तो गले लगाया, लेकिन अपने स्वाभिमान और पूर्वजों के धर्म को आंच नहीं आने दी। उनकी शहादत ने पूरे महाराष्ट्र में वह ज्वाला प्रज्वलित की, जिसने अंततः मुगल साम्राज्य का अंत कर दिया।

संभाजी महाराज ने भारतीय इतिहास के समक्ष वह आदर्श स्थापित किया, जो सिखाता है कि राष्ट्र के लिए बलिदान होना किसी पराजय का नाम नहीं, बल्कि अमरता का मार्ग है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि जब सिद्धांत और प्राणों के बीच चुनाव करना हो, तो सिद्धांतों के लिए प्राणों की आहुति देना ही श्रेष्ठ है। उनके जीवन दर्शन से हमें यह

(छत्रपति संभाजी राव की पुण्यतिथि पर विशेष)

सीख मिलती है कि शत्रु चाहे कितना भी बलवान क्यों न हो, यदि मन में दृढ़ निश्चय और धर्म के प्रति अटूट आस्था हो, तो उसे घुटने टेकने पर मजबूर किया जा सकता है। वे केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि संस्कृत के प्रकांड विद्वान और प्रजावत्सल शासक भी थे। उन्होंने सिखाया कि ज्ञान और वीरता का संगम ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति है। आज के भारतीय नागरिकों को उनके जीवन से यह गंभीर पाठ पढ़ने की आवश्यकता है कि देश के भीतर पनपने वाली गद्दारी और फूट किसी भी बाहरी आक्रमणकारी से अधिक घातक होती है। इतिहास साक्षी है कि यदि संभाजी महाराज के साथ अपनों ने विश्वासघात न किया होता, तो भारत का चित्र कुछ और ही होता।

पुनः वैसी परिस्थितियां न आएं और हमें फिर किसी वीर योद्धा का बलिदान न देना पड़े, इसके लिए प्रत्येक भारतीय को कुछ कड़े संकल्प और ऐहतियातें बरतने की आवश्यकता है। सबसे महत्वपूर्ण है राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति अटूट निष्ठा। हमें जाति, पंथ और क्षेत्रीयता की उन दीवारों को ढहाना होगा जो हमें भीतर से खोखला करती हैं और बाहरी ताकतों को हस्तक्षेप का अवसर देती हैं। इतिहास का सबसे बड़ा सबक यही है कि जब-जब हम बंटे हैं, तब-तब हमें लूटा और प्रताड़ित किया गया है। आज के युग में वैचारिक युद्ध और छद्म वेश में छिपे शत्रुओं को पहचानना अनिवार्य है। हमें अपनी सुरक्षा व्यवस्था और सामरिक शक्ति को इतना सुदृढ़ करना होगा कि शत्रु हमारे विरुद्ध विचार करने से पहले भी सौ बार सोचे। स्वधर्म और स्वसंस्कृति के प्रति हीनभावना को त्यागकर गर्व के साथ अपनी जड़ों से जुड़ना ही संभाजी महाराज को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नागरिक के रूप में हमें सतर्क रहना होगा कि कहीं हमारी व्यक्तिगत स्वार्थसिद्धि राष्ट्र के हितों से ऊपर न हो जाए। हमें भ्रष्टाचार और गद्दारी जैसी दीमकों को समाज से उखाड़ फेंकना होगा। संभाजी महाराज का रक्त हमारे भीतर इस चेतना का संचार करे कि भारत भूमि का प्रत्येक कण पवित्र है और इसकी रक्षा के लिए हमें सदैव तत्पर रहना है। जिस दिन हम सामूहिक रूप से यह संकल्प ले लेंगे कि 'राष्ट्र प्रथम', उस दिन कोई भी औरंगजेब इस पावन धरा की ओर आंख उठाकर देखने का दुस्साहस नहीं कर पाएगा। आइए, 11 मार्च को उस महान बलिदानी को नमन करते हुए हम अपने भीतर के राष्ट्रप्रेम को जागृत करें और एक ऐसे समर्थ भारत का निर्माण करें जो विश्व में अपनी वीरता और ज्ञान के लिए पुनः शिरोमणि बने। धर्मवीर संभाजी महाराज का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, यदि हम उनके संघर्ष से सीख लेकर स्वयं को राष्ट्र के प्रति समर्पित कर दें। जय शिवाजी, जय शंभूराजे!

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

पहले वो डराएंगे बहुत डराएंगे डराने के लिए तुम्हें पहले खुद पर निर्भर बनाएंगे डर से तुम्हारी बुद्धि दब जाएगी तुम अबुद्ध सी होकर जिओगी तुम निर्भर होकर जिओगी फिर वो कहेंगे तुममे तो बुद्धि नही तुम निर्भर हो हम पर तो तुम गुलाम रहो फिर तुम गुलाम हो जाओगी तो पहले डरना छोड़ो बत्तमीज हो जाओ पर मजबूत बनो तब वो तुमसे डरेंगे तब तुम उनको गुलाम ना बनाना तुम उन्हें अपना बनाना क्योंकि तुम उसकी श्रजक हो हां तुम नारी हो।

- प्रीति श्रीवास्तव



बनकर सदा ही रही पहेली डरती निकली सदा अकेली देवी बनकर पूजी जाती हर कोई चाहे, बने सहेली बदल रहा है भले जमाना लाज को अपनी खुद ही बचाना महिला दिवस की देके बधाई ढूंढ रहे नित नया बहाना सोच बदलनी होगी सबको सम्मानित नजरों से देखें हर घर में रहतीं महिलाएं कोख में फिर से रहकर देखें।

- जे डी कुदाल

रिश्ते जब रूह से जुड़ते हैं तो उजाले होते हैं, पर उसी उजाले के पीछे कई अँधेरे होते हैं। लोग चेहरों की हँसी पढ़ते रह जाते हैं अक्सर, कौन जाने कि नज़रों में कितने समंदर ठहरे होते हैं। इश्क़ जब दिल की ख़ामोश इबादत बन जाता है, तब आँसू भी दुआ बनकर ही बहते होते हैं। जिसे दुनिया दर्द समझती है अक्सर– संत कहते हैं वही रूह के रास्ते होते हैं।

- डॉ. कुसुम शुक्ला

दिया सभी कुछ आपने, नहीं दिया क्यों ज्ञान। मात पिता के फ़र्ज़ को,मत भूलें सन्तान।। मेकॉले की है विजय, बदला भारत देश। संस्कारमय था कभी,अब अभद्र परिवेश।। समय शेष है बहुत कम, जागो अब इंसान। संस्कार की हो धनी, हर इक की संतान।। **- शुचि 'भवि'**

रंग कितना जमा लिया तुमने अपना चक्कर चला लिया तुमने शायरी छप रही किताबों में खुद को शायर बना लिया तुमने हर तरफ़ बस तुम्हारे चर्चे हैं नाम इतना कमा लिया तुमने क्या हुआ है ज़रा बताओ तो जो गगन सिर उठा लिया तुमने एक खूबी तुम्हारी है 'संजय'हाथ सबसे मिला लिया तुमने।

- संजय कुमार गिरि

तुम्हारे मौजूदा देवता जब हो गए हैं , दल्ले कोठों के अबे! किस धर्म और मज़हब से, उम्मीद तुमको है तुम्हीं रब हो , तुम्हीं हो देवता औलादों के अपनी इबादत ख़ाक में जाएँ "मसीहा" मोहब्बत रहे कायम । **- केदारनाथ शब्द मसीहा**

तेरे शहर में मेरे गांव सा सादापन कहाँ। तेरे शहर में मेरे गांव सा अपनापन कहाँ।। चला आ छोड़ भीड़ भरा शहर का मौसम। तेरे शहर में मुझ सा तेरा हमदम कहाँ।।

- डॉ सविता वर्मा

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपको लाभ दिलाने वाला है। आप अपनी ऊर्जा को अच्छे कामों में लगाएंगे। आज किसी सामाजिक कार्यक्रम में आपकी भागीदारी रहेगी।

वृष: आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की नई सौगात लाया है। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया मिलेगा।

मिथुन : आज आपका दिन बहुत शुभ रहेगा। आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। आर्ट स्टूडेंट्स के लिए दिन फेवरेबल रहेगा।

कर्क : आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। यदि आज आप नया व्यवसाय शुरू करने के लिए आज का दिन शुभ साथ ही आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद भी मिलेगी।

सिंह : आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। स्पोर्ट्स से जुड़े लोगों की आज शानदार जीत होगी। आज घर के बड़े-बुजुर्ग की सेवा करने से आपको अच्छा महसूस होगा।

कन्या : आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। आप अपने कुशल प्रबंधन से रोजगार के नए संसाधन विकसित करने में सफल होंगे। आज कार्यक्षेत्र में भी चुनौतियों का सामना करने अपनी प्रतिभा का उचित प्रदर्शन से सभी को स्तब्ध कर देंगे।

तुला : आज आपका दिन थोड़ा व्यस्तता से भरा हो सकता है। आप पिछले छूटे कामों को पूरा करने में बिजी रहेंगे। आज आपको किसी भी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से बचना चाहिए।

वृश्चिक : आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जायेंगे। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है।

धनु : आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। व्यापार के क्षेत्र में थोड़ी मुश्किलों के बाद लाभ का योग बन रहा है। बेवजह की भाग दौड़ से बचें। आध्यात्मिकता की ओर आपका रुझान होगा।

मकर : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहेगा। सेहत के लिहाज से आप स्वास्थ्य रहेंगे।

कुंभ : आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

मीन : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज रोजगार के अच्छे अवसर मिलेंगे। आज शाम दोस्तों के साथ मूवी देखने का प्लान बन सकता है। धन से जुड़ी चिंताएं छूमंतर हो जाएगी।

QUIZ TIME

1) विश्व पर्यटन दिवस 2025 का थीम क्या है?

2) दुनिया का पहला 'कैशलेस समाज' कौन सा देश बना है?

3) मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2026 का आयोजन कहाँ किया गया था?

4) हिंगोट युद्ध उत्सव किस राज्य से जुड़ा है?

5) भारतीय प्रेस क्लब की पहली महिला अध्यक्ष कौन बनी हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पर्यटन और सतत रूपांतरण (2) स्वीडन (3) बार्सिलोना, स्पेन (4) ओडिशा (5) संगीता बरुआ पिशारोती

पहेली

शब्द सामर्थ्य -338

(आनंद साहू)

बाएं से दाएं

1. बाल, चरन, मासरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. माँ का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. [illegible] 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेचैन 24. मन, चित, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, पालित करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंग, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 337 का हल

श्रमिक सम्मेलन : विभिन्न योजनाओं से श्रमिक परिवारों को मिल रही आर्थिक सहायता- गजेंद्र यादव

■ **9556 श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत 10 करोड़ 42 लाख रुपए से अधिक की सहायता**

भिलाई/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में श्रम विभाग द्वारा श्रमिक सम्मेलन का आयोजन आज महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में किया गया। सम्मेलन के दौरान छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित श्रमिकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 9 हजार 556 श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 10 करोड़ 42 लाख 7 हजार 343 रूपए की राशि अंतरित की गई।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री यादव ने छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं के हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए। इनमें मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना और मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना शामिल हैं।

श्रमिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा लगातार योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मजदूरों द्वारा विभिन्न प्रकार के काम करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। ऐसे में यदि किसी श्रमिक के साथ कोई दुर्घटना हो जाती थी तो उसके परिवार को जीवन भर आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ती थी। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल का गठन किया गया। मंडल के माध्यम से प्रदेश के मजदूर भाई-बहनों का श्रम विभाग में पंजीयन शुरू किया गया और श्रमिक कार्ड बनाए गए, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही महिला श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन उपलब्ध कराई गई, जिससे वे घर बैठे काम कर सकें। राज्य में गरीबों के लिए दो रुपये किलो चावल की योजना भी शुरू की गई थी। पहले यह सुविधा केवल गरीबी रेखा के अंतर्गत आने वाले परिवारों को मिलती थी, लेकिन बाद में श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिक कार्ड धारकों को भी इसका लाभ मिलने लगा। इस तरह श्रमिकों को राशन कार्ड और श्रम कार्ड के माध्यम से खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित की गई। अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने भी मंडल द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने भी संक्षिप्त उद्बोधन दिया। इस अवसर पर तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, भोजराम सिन्हा, तुलसी साहू, ललेश्वरी साहू, पार्षद मनीष कोठारी, पार्षद गुलराम साहू, अध्यक्ष महिला मोर्चा स्वीटी कौशिक, अध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन कीर्ति नायक, श्रम अधिकारी विकास सरोडे, श्रम निरीक्षक बसंत वर्मा मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

राज्यसभा प्रत्याशी वर्मा से महापौर बाघमार ने की सौजन्य मुलाकात

दुर्ग। राज्यसभा प्रत्याशी घोषित होने पर लक्ष्मी वर्मा से महापौर अलका बाघमार ने एमआईसी साथियों के साथ उनके निवास स्थान पहुँचकर सौजन्य मुलाकात की और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सरस्वती माता की मूर्ति भेट की। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि लक्ष्मी वर्मा राज्यसभा के लिए प्रत्याशी घोषित होने से छत्तीसगढ़ को एक मजबूत और प्रभावी नेतृत्व मिलेगा। राज्यसभा जैसे महत्वपूर्ण मंच पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करना पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उनके अनुभव, कार्यशैली और जनहित के प्रति समर्पण से निश्चित रूप से प्रदेश के विकास को नई दिशा और गति मिलेगी।

प्रशासन ने समोदा में हटाई अवैध कब्जा

दुर्ग। जिले के जनपद पंचायत दुर्ग के अतंर्गत ग्राम समोदा में जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की गई, अवैध कब्जों पर जेसीबी के माध्यम से शासकीय भूमि रिक्त कराई गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त तहसीलदार क्षमा यदु द्वारा राजस्व अमले और पुलिस विभाग के सहयोग से ग्राम समोदा राजस्व निरीक्षक मंडल जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग के अतंर्गत शासकीय घास भूमि खसरा नम्बर 778 रकबा 0.13 हेक्टेयर भूमि पर किये गये अवैध पक्का दुकान निर्माण, टीन शेड लगाकर दुकान निर्माण तथा सीमेंट पोल लगाकर किया गया तार घेरा को हटाने की कार्रवाई की गई। ग्राम के ही श्री ब्रजेश ताम्रकार पिता श्री गिरजाशंकर ताम्रकार द्वारा उक्त शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किया गया था। अतिक्रमण हटाने के दौरान राजस्व निरीक्षक रेखा शुक्ला, पटवारी चन्द्रिका प्रसाद खरें, श्री शत्रुहन मिश्रा, अनिता साहू, संदीप देशमुख और पुलिस विभाग के अधिकारी तथा पंचायत जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीणजन मौजूद थे।

हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

भिलाई। सुपेला थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर धारदार हथियार से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने कुछ दिन पहले विवाद के दौरान युवक के गाल और सीने पर हमला कर उसे घायल कर दिया था। घटना के बाद से वह फरार था, जिसे पुलिस ने तलाश कर पकड़ लिया। पुलिस ने उसके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया हथियार भी जब्त किया है। 14 फरवरी को कृष्णा नगर फरीद मोहल्ला के रहने वाले सलमान उद्दीन ने सुपेला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उसने बताया कि शाम करीब 5:30 बजे वह राजा सोनी के घर के पास एक निर्माणाधीन मकान के पास खड़ा था। इसी दौरान हड्डी गोदाम क्षेत्र का रहने वाला आरिफकुरैशी वहां पहुंच गया। उसने पुरानी बातों को लेकर सलमान से विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। इसी दौरान उसने अपने पास रखे धारदार हथियार से सलमान पर हमला कर दिया।

टक्कर से बुजुर्ग की मौत अन्य 4 घायल

कुम्हारी। राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर कुम्हारी महाराष्ट्र बैंक के पास सोमवार की रात करीब 8 बजे देवभोग दूध डेयरी से मजदूरी कर ऑटो से गोगांव रायपुर लौट रहे मजदूरों से भरी ऑटो को टमाटर से भरी आईचर वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो सड़क पर ही पलट गया और उसमें सवार गोगांव निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग टीकाराम खूंटे का ईलाज के दौरान मौत हो गई वहीं ऑटो में सवार चार अन्य लोग घायल हो गए। कुम्हारी थाने से मिली जानकारी के अनुसार ऑटो क्रमांक छ्त्त 04 ञ्ज 1947 एवं आईचर वाहन क्रमांक छ्त्त 04 हृह 3322 दोनों वाहनों को थाने में रखा गया है। दुर्घटना सोमवार की रात लगभग 8 बजे की है दोनों वाहन भिलाई की ओर से रायपुर जा रहे थे आईचर में टमाटर भरा हुआ था वहीं जानकारी में बताया कि हादसे में घायल व्यक्तियों का ईलाज चल रहा है वहीं गोगांव रायपुर निवासी एक व्यक्ति टीकाराम खूंटे का ईलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना की जा रही है।

आज शीतला अष्टमी पर विशेष आरती, भजन कीर्तन और प्रसाद वितरण

कुम्हारी। बड़े तालाब स्थित ग्राम देवी मां शीतला मंदिर प्रांगण में आज दिन बुधवार को शीतला अष्टमी के अवसर पर भक्तों द्वारा मां की विशेष पूजा व दिन भर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है यह आयोजन प्रति वर्ष चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी के अवसर पर जय माँ शीतला सेवा समिति के तत्वावधान किया जाता है इस दिन माँ शीतला की विशेष पूजा आरती हवन पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजक समिति द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी रखा गया है जिसमें नगर के विभिन्न प्रसिद्ध जस भजन मंडलियों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी वहीं यह भी जानकारी दी गई कि चैत्र नवरात्र के अवसर पर मंदिर प्रांगण में ज्योति कलश स्थापित किया जाएगा जिनका प्रारंभ 19 मार्च दिन से होगा समिति के सदस्य रामकुमार चक्रधारी, अनिल सोनकर व रवि सोनकर ने यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरपंचों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान करने का दिया भरोसा

विधायक ललित के नेतृत्व में सरपंचों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही, सीएम से भी मिले

दुर्ग/नवप्रदेश। आज दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के नेतृत्व में दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों के सरपंचों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाही देखा और मुख्यमंत्री से सौजन्य मुलाकात किया।

इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने सरपंचों को विधानसभा की कार्यवाही के बारे में जानकारी दी और उनके साथ क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की। सरपंचों ने विधायक के साथ विधानसभा की कार्यवाही को देखा और सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद, सरपंचों ने मुख्यमंत्री से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने सरपंचों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान करने का आश्वासन दिया।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा हमारा उद्देश्य है कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सरकार तक पहुँचाना और उनका समाधान कराना। हम सरपंचों के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे और अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचना है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर राजू यादव, सैनिक भुवन लाल देशमुख, भागवत राम पटेल, हुपेन्द्र कुमार देशमुख, अनुसूईया साहू, नारायण साहू, प्रेमीन साहू, सुमरन लाल साहू, गायत्री साह, पुरुषोत्तम लाल साहू, चुम्मन लाल यादव, योगेश्वरी बाई, लक्ष्मी देवी साहू, किशोर कुमार साहू, लक्ष्मी यदु, महेश कुमार यादव, मीना यादव, गोपी चंद यादव, जीतेन्द्र गुप्ता, तुषार साहू, दुलारी देशलहरे, रामसिंह निषाद, कौशल प्रसाद निषाद, बसन्ती निषाद, गीता गजपाल, मोतिम निषाद, बालकिशन निषाद, संतोषी साहू, कुलेश्वर साहू, भुवन लाल देशमुख, पुष्पा बाघमारे सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जल संरक्षण को बढ़ावा देने निगम का नलों में टोटी अभियान जारी

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार शहर के जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत नलों में टोटी लगाने का अभियान शुरू कर दिया है। इसका उददेश्य नागरिकों द्वारा नल खुला छोड़ने से होने वाले पानी की बरबादी को रोकना और जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। निगम के अधिकारियों ने बताया है कि पानी का उपयोग करने के बाद लोग नल बंद नहीं करते, जिससे अनावश्यक पानी की बर्बादी होती है। इस समस्या के समाधान के लिए सभी सार्वजनिक नलों में विशेष टोटियां लगाई जा रही है, जिससे पानी की खपत नियंत्रित रहे और नागरिको में पानी की बचत के प्रति जागरूकता बढ़े। नगर पालिक निगम भिलाई ने शहर के सभी नागरिको से अपील की है कि नल का उपयोग करते समय सावधानी बरतें और टोटी का सही उपयोग करें, ताकि पानी का महत्व समझा जा सके और संसाधनों की बर्बादी रोकी जा सके। नल है तो जल है और जल है तो कल है। ''जल है तो कल है'' यदि आज हम पानी बचाएंगे, तभी हमारा भविष्य कल सुरक्षित रहेगा।

महापौर शशि सिन्हा ने की वार्ड में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

रिसाली/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड 09 डीपीएस रिसाली सेक्टर में नाली निर्माण किया जाएगा। इस कार्य के लिए महापौर शशि सिन्हा ने 07 लाख 50 हजार की राशि अपने निधि से स्वीकृत की है। उन्होंने मंगलवार को भूमिपूजन कर कार्य आरंभ कराया। महापौर शशि सिन्हा ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों से कहा कि प्राथमिकता पर कार्य स्वीकृत की है और विकास कार्य को मूर्त रूप देने भूमिपूजन भी साथ ही साथ कर रही है। उन्होंने ब्लाक 275 से ब्लाक 281 तक नाली निर्माण कार्य किया जाएगा। भूमिपूजन में मोहन राव, कृष्ण वेणू, शकुंतला वर्मा, गिरजा ठाकुर, सुमन ध्रुव देवांगन, फोश ठाकुर उपस्थित थे।

मुक्तिधाम नवीनीकरण: मंत्री गजेन्द्र की पहल से 1 करोड़ स्वीकृत

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर की जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिवनाथ नदी स्थित मुक्तिधाम एवं वार्ड 52 बोरसी मुक्तिधाम के नवीनीकरण के लिए शासन से स्वीकृति मिल गई है। शहर विधायक एवं केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव की पहल पर दोनों मुक्तिधामों के जीर्णोद्धार के लिए 50-50 लाख रुपये कुल 1 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

बोरसी क्षेत्र के नागरिक लंबे समय से क्षेत्र के मुक्तिधाम के नवीनीकरण और मूलभूत सुविधाओं की मांग कर रहे थे, ताकि स्थानीय नागरिक अपने परिजनों का अंतिम संस्कार वहीं सुगमता से कर सकें। वहीं शिवनाथ नदी स्थित मुक्तिधाम में दुर्ग शहर के विभिन्न क्षेत्रों से नागरिक अंतिम संस्कार के लिए पहुंचते हैं, जिसके कारण यहां अक्सर भीड़ रहती है। वर्षों पहले बने इन मुक्तिधामों की स्थिति को देखते हुए उनके नवीनीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए मंत्री गजेन्द्र यादव ने शासन स्तर पर पहल की और दोनों मुक्तिधामों के नवीनीकरण के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत कराई। नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद यहां अंतिम संस्कार करने सुव्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध होंगी। शासन से स्वीकृति मिलने पर दुर्ग शहर के नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने मंत्री यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। केबिनेट मंत्री यादव ने कहा कि जनता की सेवा ही उनका प्रमुख उद्देश्य है। जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप निरंतर विकास कार्यों की योजना बनाकर उन्हें क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के 8 मुक्तिधामों के एक साथ जीर्णोद्धार के लिए राशि स्वीकृत कराई थी, जिसका कार्य अब अंतिम चरण में है।

'सुशासन' मतलब 'सूखा नशा आसन': मिलिंद

■ **नवनियुक्त महामंत्री निकिता मिलिंद ने भाजपा सरकार पर लगाए गंभीर आरोप।**

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने दुर्ग शहर कांग्रेस की कार्यकारिणी में निकिता मिलिंद को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति पर नवनियुक्त महामंत्री मिलिंद ने कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व का आभार। वही विशेष रूप से धीरज बाकलीवाल का आभारी हूँ। यह पद मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ जिम्मेदारी भी है। मैं पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने एवं कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करूंगी। वहीं नवनियुक्त महामंत्री मिलिंद ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए सवालों किया है कि सुशासन' मतलब 'सूखा नशा आसन' अब जवाब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा को देना है. उनको बताना होगा कि अफ़ीम की इस खेती में कौन-कौन मंत्री/अधिकारी शामिल हैं? नव्या मलिक का नाम सरकार की लिस्ट से किसने बाहर किया? नव्या मलिक कितने बार विदेश गई और किसके साथ विदेश गई? विनायक ताम्रकार मुख्यमंत्री निवास में कब-कब आया है? विनायक ताम्रकार के किन-किन नेताओं और अधिकारियों से संबंध हैं? यह खेत भाजपा किसान नेता विनायक ताम्रकार का है. जो दुर्ग के ग्राम समोदा में स्थित है। सूखे नशे की तस्करी में लिप्त नव्या मलिक, जिसका नाम प्रदेश का बच्चा-बच्चा जानता है, उसका जिक्र सरकार की लिस्ट में था ही नहीं। मिलिंद ने कहा कि कमल के फूल वाली पार्टी के नेता अपने 10 एकड़ खेत में अब अफ़ीम के पौधे और फूल उगा रहे हैं. आपको बता दूँ कि अवैध नशीला पदार्थ हेरोइन का निर्माण भी इसी अफ़ीम के पौधे से होता है। इसी हेरोइन की सप्लायर नव्या मलिक भी थी. लेकिन नव्या मलिक अचानक से सरकार की सूची से बाहर कैसे हो गई? क्या नव्या मलिक और भाजपा के सूखे नशे की फ़ैक्ट्री में भी कोई कनेक्शन है? ये सवाल हैं छत्तीसगढ़ की जनता के बीच तैर रहे हैं। जिस प्रकार से भाजपा के इस नेता का बड़े अधिकारियों और मंत्रियों के साथ उठना-बैठना है।

महापौर अलका की अनोखी पहल, शादियों में पहुंचकर दूल्हा-दुल्हन को भेंट की हेलमेट

■ **जीवन अनमोल है, सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी,सुरक्षित जीवन का संकल्प लें, हेलमेट जरूर पहनें : महापौर**

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने एक अनोखी पहल करते हुए तीन अलग-अलग शादियों में पहुंचकर नव-विवाहित वर-वधु को शुभकामनाएं दीं और उन्हें हेलमेट भेंट किया। इस अवसर पर एमआईसी शशि साहू, सरिता चंद्रकार, सुरूचि उमरे सहित अन्य मौजूद रही। महापौर ने नव-दंपतियों को उनके नए जीवन की मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन अनमोल है और इसकी सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। उन्होंने नव-दंपतियों से अपील की कि वे स्वयं भी हेलमेट पहनें और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम किया जा सके। महापौर की इस पहल को उपस्थित लोगों ने सराहा और इसे सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने वाला सराहनीय कदम बताया। महापौर ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि शादियों में केवल फूल-गुलदस्ते देने की परंपरा के बजाय नवदंपतियों को हेलमेट भेंट करने की पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हेलमेट एक जीवन कवच है जो सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान बचाने में भूमिका निभाता है। यदि शादी जैसे शुभ अवसरों पर हेलमेट भेंट करने की परंपरा शुरू हो जाए तो इससे समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और लोगों को सुरक्षित जीवन जीने की प्रेरणा मिलेगी।

वरिष्ठ अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों ने परिचालन एवं अनुरक्षण गतिविधियों में सुरक्षित कार्यप्रणालियों पर दी विस्तृत जानकारी

संयंत्र में जीरो एक्सीडेंट, जीरो ब्रेकडाउन विषय पर प्रदर्शन संवर्धन कार्यशाला

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास केंद्र में विगत दिनों में जीरो एक्सीडेंट, जीरो ब्रेकडाउन विषय पर एक प्रदर्शन संवर्धन कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला की परिकल्पना मुख्य महाप्रबंधक (ओएचपी एवं एसपी-3) संजीव वर्गीज द्वारा की गई थी। कार्यशाला में ओर हैंडलिंग प्लांट (ओएचपी) के कार्यपालक, गैर-कार्यपालक तथा संविदा कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके साथ ही सिंटर प्लांट-3 (एसपी-3) के कार्यपालकों की सहभागिता भी रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यवहार आधारित सुरक्षा पद्धतियों को बढ़ावा देना तथा सुरक्षित कार्य व्यवहारों को सुदृढ़ कर एक मजबूत एवं स्थायी सुरक्षा संस्कृति का निर्माण करना रहा। कार्यक्रम में तकनीकी एवं सहभागितापूर्ण सत्रों में वरिष्ठ अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों ने परिचालन एवं अनुरक्षण गतिविधियों में सुरक्षित कार्यप्रणालियों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पूर्व मुख्य महाप्रबंधक (सेफ्टी एवं फायर सर्विसेज) तथा वर्तमान में सेफ्टी स्किल डेवलपमेंट फाउंडेशन (एसएसडीएफ) की गवर्निंग काउंसिल के सदस्य जी.पी. सिंह ने अपने व्यापक अनुभव साझा करते हुए प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। मुख्य महाप्रबंधक (बीआरएम) योगेश शास्त्री ने 'सर्वोत्तम परिचालन एवं अनुरक्षण पद्धतियों' विषय पर एक विचारोत्तेजक एवं संवादात्मक सत्र संचालित किया। वहीं मुख्य महाप्रबंधक (ओएचपी एवं एसपी-3) संजीव वर्गीज ने 'ओनरशिप एवं 360 डिग्री सेफ्टी ऑब्जर्वेशन' विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने समूह चर्चा, विचार-विमर्श एवं संचार अभ्यासों में सक्रिय भागीदारी करते हुए परिचालन एवं अनुरक्षण में सर्वोत्तम पद्धतियों को अपनाने जैसे विषयों पर चर्चा की। इन सत्रों में स्वामित्व की भावना, 360 डिग्री अवलोकन तथा सक्रिय सुरक्षा उपायों के माध्यम से दुर्घटनाओं एवं उपकरणों में खराबी की संभावनाओं को कम करने पर विशेष बल दिया गया। प्रतिभागियों द्वारा कन्वेयर उत्पादकता बढ़ाने, उपकरणों में सुधार लाने तथा परिचालन दक्षता को सुदृढ़ करने से संबंधित व्यावहारिक रणनीतियों पर भी चर्चा की गई, जो ओर हैंडलिंग प्लांट के सुचारु संचालन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागियों द्वारा अपने समूहों के माध्यम से कार्ययोजनाओं एवं प्रमुख सीखों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों ने कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए उन्हें कार्यस्थल पर इन सुझावों को लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के सफल समन्वयन में महाप्रबंधक प्रभारी (एचआर-एल एंड डी) संजीव श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (एचआर- एल एंड डी) मुकुल सहारिया तथा उप महाप्रबंधक (ओएचपी) प्रशांत जैन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

न्यूज गैलरी

लूट की वारदात को अंजाम देने वाला एक आरोपी गिरफ्तार, दो अब भी फरार

महासमुंद/नवप्रदेश। सोमवार को दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में अज्ञात तीन युवकों ने मिलकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। सांकरा थाना अंतर्गत ग्राम कसहीबाहरा निवासी लिलेश्वर सहीस ने

शिकायत की है कि 8 मार्च को बाइक क्रमांक सीजी 06 एच सी 8936 से अपने दोस्त चुमन सहिस, देवा ध्रुव के साथ रात करीब 11 बजे ग्राम कसीबाहरा से अपने दोस्त हलधर ध्रुव को लेने सरायपाली गया था वापसी में लोहरिनडोंगरी जरहा पुलिया के पास रात करीब 2 बजे पल्सर बाइक में तीन अज्ञात हमारी बाइक के आगे अपनी बाइक खड़ा कर चाकू दिखाकर हमसे 2 नग मोबाइल और 500 रुपए नकद लूट कर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार इससे पहले उक्त तीनों ने पिथौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक पेट्रोल पंप से नकदी लगभग 36,500 रुपए एवं एक मोबाइल लूटकर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार हेमंत साहू ने थाने में शिकायत की है कि 8 मार्च की रात करीब 2:15 बजे एक पल्सर बाइक पर सवार अज्ञात तीन युवकों ने सो रहे सेल्समैन और कर्मचारियों को जगाया। बाद आरोपियों ने चाकू की नोक पर डरा-धमका कर लूटपाट शुरू कर दी। लुटेरों ने मौके से नकदी लगभग 36,500 रुपए व एक मोबाइल लूटकर ले गए। स्टॉफ ने रात को ही इस घटना की सूचना 112 को दी, इधर घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में तीनों संदिग्ध युवक कैद हो गए हैं।

त्रिमूर्ति कॉलोनी में नवीन साइन बोर्ड का नपाध्यक्ष ने किया लोकार्पण

महासमुंद/नवप्रदेश। त्रिमूर्ति कॉलोनी वार्ड नंबर 16 के मुख्य प्रवेश द्वार पर नवीन साइन बोर्ड (नाम पट्टिका) का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड पार्षद धनेंद्र चंद्राकर के साथ वार्डवासियों की उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना कर किया। श्री साहू ने साइन बोर्ड की सौगात मिलने पर कॉलोनी वासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह साइन बोर्ड त्रिमूर्ति कॉलोनी की पहचान को मजबूत करेगा। तथा आगंतुकों का स्वागत करते हुए उन्हें सही दिशा और जानकारी प्रदान करने में मदद करेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, जय देवांगन, जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, ईश्वरी संजय भोई, पार्षद मुस्ताक खान, भाऊ राम साहू, बड़ेमुन्ना देवार सहित वार्डवासी राजेश्वरी चंद्राकर, रीता चंद्राकर, आशा चंद्राकर, शशि चंद्राकर, लता चंद्राकर, मेनका चंद्राकर, गीतांजलि भुवाल, मेघा चंद्राकर, पिंकी चंद्राकर, किरण चंद्राकर, अर्चना तिवारी, दीपक तिवारी, बिंदु ठाकुर, शैलेन्द्र भुवाल, दीप अग्रवाल, अजय विश्वास, बी. आर. बंजारे, चेतन चंद्राकर, अर्जुन चंद्राकर आदि कॉलोनी वासी उपस्थित थे।

अछोली में लाखों के जेवर की चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव थाना के एक मकान से चोरों ने लाखों के आभूषण पार कर दी। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(ए) अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम अछोली निवासी देवेन्द्र चंद्राकर ने पुलिस को बताया कि 7 मार्च को बड़े भाई की शादी में शामिल होने पूरा परिवार महासमुंद गया था।10 मार्च को जब शादी से लौटे तो देखा की चैनल और घर के अंदर कमरों का ताला टूटा हुआ था।वहीं एक कमरे के अंदर रखी आलमारी से इस्तेमाली एक नग सोने की चैन 13 ग्राम, सोने का गेहूं दाना 10 नग , सोने की एक जोड़ी कान का लटकन, दो नग सोने की फुल्ली, सोने का मंगलसूत्र 10 ग्राम, सोने का मंगलसूत्र 04 ग्राम, सोने की चैन पेन्डेंट 08 ग्राम, सोने का कान का सुईधागा 03 ग्राम, सोने की 05 नग अंगूठी, सोने का 12 नग गेहूं दाना, चांदी की एक पायल (कीमती 3.55 लाख रुपए) अज्ञात ने पार कर दी।

राइस मिल के गोदाम से 60 बोरी धान चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खरखरी के एक राइस मिल से 60 बोरी धान चोरी का आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम खरखरी निवासी प्रेनलाल प्रधान ने सिंघोड़ा पुलिस से शिकायत की है कि खरखरी में राईस मिल से लगे गोदाम से 60 बोरी धान चोरी हो गई। 7 मार्च की रात 10 बजे रोजाना की तरह वह राईस मिल व गोदाम बंद कर घर गया । दूसरे दिन गोदाम का ताला टूटा हुआ था और गोदाम से 60 बोरी धान गायब था। पुलिस ने चोरी का अपराध दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने धान बेचने की कोशिश करते दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

किराया न देने पर युवक के साथ मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना में मकान किराया न देने पर एक युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस को अंकित कुमार सिंह ने बताया कि वह स्टील फेब्रिकेशन का काम करता है। उसने तैयूब खान की गोदाम को करीब 02 साल से किराया में लिया हुआ है और पिछले 3 माह से गोदाम का किराया नहीं दे पाया है। 8 मार्च की शाम करीब 04.30 बजे अपनी दुकान के शटर के पास खड़ा था, तभी तैयूब खान का भतीजा आबिद खान, सैफ खान, आफ्ताब अन्य साथियों के साथ आए और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है।

पुरानी दुश्मनी को लेकर मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम कोसरंगी में एक युवक से मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड नंबर 03 ग्राम कोसरंगी भाठापारा निवासी रवि बंजारे ने बताया कि ग्राम कोसरंगी के सिद्ध बाबा मंदिर चौक के पास उसका फल और किराना दुकान है, जिसमें ग्राम कोसरंगी निवासी ईशु साहू उसके साथ काम करता है। 8 मार्च को वह और ईशु साहू दुकान बंद कर ठेला को घर ले जा रहा था। रात लगभग 8 बजे ग्राम कोसरंगी के भाटापारा चौक पुलिया के पास योगेश साहू ने उसे देखकर पुरानी रंजिशवश गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत अपराध कायम किया है।

राजिम-फिंगेश्वर-महासमुंद मुख्य जिला मार्ग के लिए 153.82 करोड़ स्वीकृत

- 35.5 किमी सड़क का होगा मजबूतीकरण एवं उन्नयन

गरियाबंद/नवप्रदेश। राज्य शासन ने गरियाबंद जिले में मुख्य जिला मार्ग राजिम-फिंगेश्वर-महासमुंद के मजबूतीकरण और उन्नयन के लिए 153 करोड़ 82 लाख 34 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस राशि से 35.5 किमी सड़क का मजबूतीकरण और उन्नयन किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क व पुल-पुलिया निर्माण के लिए 139 करोड़ 48 लाख 72 हजार रुपए तथा भू-अर्जन एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए 14 करोड़ 33 लाख 62 हजार रुपए मंजूर किए

हैं। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा इस साल 1 जनवरी को केन्द्रीय सड़क निधि योजनांतर्गत इस सड़क के मजबूतीकरण एवं उन्नयन की स्वीकृति प्रदान की गई थी। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से आज राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है। श्री साव ने कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्रियों एवं संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

लोक निर्माण विभाग ने प्रमुख अभियंता को कार्य की निविदा समय-सीमा में करने, निर्माण कार्य प्राक्कलन व कार्य संपादित करने में मितव्ययिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने निर्माण एजेंसी से अनुबंधित समय-सीमा में काम पूर्ण किया जाना सुनिश्चित कराने को कहा है।

अफीम की खेती के विरोध में फूंका बीजेपी का पुतला

खरोरा में कांग्रेस का शक्ति-प्रदर्शन

- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश का हुआ भव्य स्वागत

खरोरा /नवप्रदेश। अफीम की खेती के विरोध में फूंका बीजेपी का पुतला, पूर्व मुख्यमंत्री का हुआ भव्य स्वागत खरोरा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा के नेतृत्व में आज क्षेत्र में भारी राजनीतिक सरगर्मी देखी गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक ओर जहाँ छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ऐतिहासिक स्वागत किया, वहीं दूसरी ओर बीजेपी नेता के खेत में अफीम की खेती मिलने के विरोध में जमकर प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया।?बीजेपी नेता के खिलाफ आक्रोशः पुतला दहन?खरोरा के मुख्य चौक पर कांग्रेसियों ने बीजेपी शासन और उनके नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

हाल ही में एक बीजेपी नेता के खेत में अफीम की खेती पकड़े जाने के विरोध में कांग्रेस ने पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सत्ता के संरक्षण में इस तरह के अवैध धंधे फल-फूल रहे हैं, जो प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।पूर्व मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत और बैठक? पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ब्लॉक कांग्रेस खरोरा द्वारा नगर के तिगड़ा चौक में में भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात आयोजित सांगठनिक बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नेताओं ने आगामी रणनीति तैयार की।प्रमुख नेताओं का तीखा प्रहार (कथन):? भूपेश बघेल (पूर्व मुख्यमंत्री): ÷बीजेपी के शासन में अब 'अपराध' और 'नशा' ही उनकी पहचान बन गई है। एक तरफ किसानों को धान बेचने के लिए रुलाया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ उनके नेता अफीम की खेती कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता यह सब देख रही है और वक्त आने पर करारा जवाब देगी।?छाया वर्मा (पूर्व राज्यसभा सांसद): बीजेपी का असली चेहरा अब सामने आ रहा है। विकसित भारत का नारा देने वाले लोग प्रदेश को नशे की गर्त में धकेल रहे हैं। हम चुप नहीं बैठेंगे, सड़क से सदन तक इस भ्रष्टाचार और अवैध कामों के खिलाफ लड़ेंगे।?पप्पू राजेंद्र बंजारे (जिला अध्यक्ष): जिला कांग्रेस कमेटी हर उस अन्याय के खिलाफ खड़ी है जो छत्तीसगढ़ की अस्मिता को चोट पहुँचाए। बीजेपी नेताओं के काले कारनामों का पर्दाफाश करना हमारा कर्तव्य है।?अश्वनी वर्मा (ब्लॉक अध्यक्ष): खरोरा ब्लॉक का एक-एक कार्यकर्ता आज जोश में है। हमने अफीम कांड के विरोध में पुतला फूंका है और आने वाले दिनों में मनरेगा और धान खरीदी की समस्याओं को लेकर इस आंदोलन को और उग्र करेंगे। इनकी रही प्रमुख मौजूदगी।

भाजपा नेता देवांगन ने राज्यसभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा को दी बधाई

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री किशोर देवांगन ने छत्तीसगढ़ से भाजपा की नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा से मंगलवार को उनके रायपुर स्थित निवास में सौजन्य मुलाकात कर उन्हें राज्यसभा सदस्य बनने की बधाई और शुभकामनाएं दी। श्रीमती वर्मा ने भी देवांगन को धन्यवाद के साथ-साथ भाजपा की रीति-नीति को पूरी ईमानदारी से आगे बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर पर जनहित में कार्य करते रहने की सलाह दी।

देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 30 वर्षों से राजनीति में सक्रिय रहीं श्रीमती वर्मा ने भाजपा के लिए जी-तोड़ मेहनत की है, जिसके चलते भाजपा द्वारा उन्हें विभिन्न पदों पर सुशोभित किया जाता रहा है। इस दौरान उन्होंने जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष के रूप में भी

उल्लेखनीय कार्य कर रायपुर जिलेवासियों में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ाया है। साथ ही प्रदेश में भाजपा सरकार की वापसी के लिए रणनीति बनाने में भी अहम योगदान दिया है, जिसके चलते राष्ट्रीय संगठन ने उन्हें राज्यसभा के लिए चुना। इससे निश्चित तौर पर राज्यसभा में भाजपा को एक सशक्त व मुखर महिला सांसद का साथ मिलेगा, जो विपक्षियों को मोदी सरकार की ओर से मुंह-तोड़ जवाब देंगी। साथ ही छत्तीसगढ़ की विभिन्न समस्याओं को लेकर भी आवाज बुलंद करेंगी।

कलार समाज परिक्षेत्र छुरा का निर्वाचन संपन्न, सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित

छुरा/नवप्रदेश। कलार समाज परिक्षेत्र छुरा का निर्वाचन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। विशेष बात यह रही कि सभी पदों पर पदाधिकारी निर्विरोध मनोनीत किए गए, जिससे समाज में एकता और आपसी सद्भाव का संदेश गया।

निर्वाचन प्रक्रिया समाज के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी विजय सिन्हा के निर्देशन पर नामांकन आदि सभी प्रक्रिया का पालन किया गया। जिसमें पुनः इस वर्ष भी नवनिर्वाचित मंडलेश्वर शिवलालसिन्हा ग्राम रक्सी,सचिव प्रकाश सिन्हा खड़मा , कोषाध्यक्ष हरिराम सिन्हा टेंगनाबासा ,महिला मंच ,अध्यक्ष पार्वती सिन्हा रानीपरतेवा ,महिला मंच कोषाध्यक्ष लक्ष्मी सिन्हा रानीपरतेवा , ,महिला मंच सचिव भारती सिन्हा छुरा, ,युवा मंच अध्यक्ष गुलशन सिन्हा खड़मा ,युवा मंच सचिव उमेश सिन्हा टेंगनाबासा,युवा मंच कोषाध्यक्ष उत्तम सिन्हा जरगांव निर्विरोध निर्वाचित हुए,एवं रमेश सिन्हाटेंगनाबासा को संरक्षक बनाया गया।

विकसित भारत रोजगार और अजीविका की नई गारंटी वीबीजीरामजीः परदेशी राम

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत पिपरौद में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष परदेसी राम साहू ने चौपाल लगाकर विकसित भारत रोजगार और अजीविका की नई गारंटी जी राम जी श्रमिक कल्याण योजना के साथ चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर जन चौपाल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार किया। पहले 100 दिन का काम अब 125 दिन का हो गया है, अधिक काम का मतलब हर घर के लिए अधिक आय और अधिक समृद्धि, मजदूरी भत्ते में कोई कटौती नहीं होगी। इस अधिनियम के साथ मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक कार्य समाप्त के 15 दिनों के भीतर होगा और विलंब पर मुआवजा दिया जाएगा। ग्राम स्तर पर लिए गए निर्णय योजनाओं का आधार

होंगे जिन्हे ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। जी राम जी योजना में सभी योग्य लाभार्थीयो को 25त्न अधिक मजदूरी मिलेगी डिजिटल सिस्टम के माध्यम से बायोमेट्रिक उपस्थिति और साप्ताहिक अपडेट से भुगतान में देरी नहीं होगी राज्य सरकार बुआई एवं कटाई के मौसम में 60 दिनो तक कार्य रोक सकती है। कार्यक्रम में प्रमिला बाई मानिकपुरी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दूज राम साहू, सरपंच प्रतिनिधि भीखम साहू, संतोष साहू, रोजगार सहायक देवक राम साहू, समारु साहू, धरवन साहू, लुकेश कंवर, पंच चेतन साहू, हरिश्चंद्र साहू, रुपा साहू, पार्वती साहू, प्रियंका साहू, राधा बाई कंवर एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

चूड़ामणि साहू बने प्रदेश साहू संघ के संगठन सचिव

धरसीवां/नवप्रदेश। प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष डाक्टर निरेन्द्र साहू द्वारा बहुप्रतीक्षित प्रदेश साहू संघ कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें प्रदेश संगठन सचिव के पद पर रायपुर गुमा निवासी चुड़ामणी साहू की नियुक्ति की

गई यह नियुक्ति श्री साहू के सामाज मे पूर्व में मिले जिम्मेदारी का सफ्लतापूर्वक निर्वहन, उत्कृष्ट योगदान, कर्मठता एवं समाज के प्रति निष्ठा व समर्पण को देखते कि गयी। गौरतलब हो कि चूड़ामणि साहू इसके पहले प्रदेश साहू संघ व्यापारी प्रकोष्ठ के महामंत्री के साथ तहसील साहू संघ धरसीवा के अध्यक्ष की बागडोर भी संभाल चुके है तहसील साहू संघ धरसीवा के अध्यक्ष रहते हुए समाज के हित में अनेकों उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

सांसद की पहल पर छत्तीसगढ़ को 3,942 करोड़ का भारतनेट प्रोजेक्ट

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण डिजिटल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। केंद्र सरकार के संचार मंत्रालय ने भारतनेट परियोजना के तहत राज्य के लिए 3,942 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है, जिसके माध्यम से 11 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों को रिंग टोपोलॉजी आधारित हाई-स्पीड इंटरनेट नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इस निर्णय के पीछे महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी द्वारा उठाई गई पहल और लगातार किए गए प्रयासों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गौरतलब है कि 5 दिसंबर 2025 को लोकसभा में

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने छत्तीसगढ़ में भारतनेट 2.0 की जमीनी स्थिति का मुद्दा उठाया था। उन्होंने सदन में कहा था कि डिजिटल इंडिया की इस महत्वपूर्ण परियोजना का राज्य में अपेक्षित रूप से क्रियान्वयन नहीं हो पाया है। कई स्थानों पर ऑप्टिकल फाइबर केबल अधूरी पड़ी हैं, खुदाई अधूरी छोड़ दी गई है और पंचायतों, शासकीय विद्यालयों तथा स्वास्थ्य केंद्रों को डिजिटल कनेक्टिविटी का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। सांसद ने यह भी ध्यान दिलाया था कि जल जीवन मिशन जैसी अन्य विकास परियोजनाओं के दौरान कई स्थानों पर पहले से बिछी फाइबर केबल क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन मरम्मत के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं की उपलब्धता प्रभावित हुई है।सांसद रूपकुमारी चौधरी ने केंद्रीय संचार मंत्री से भी मुलाकात कर इस विषय पर विस्तृत मांग-पत्र भी सौंपा, जिसमें परियोजना की समीक्षा।

छग स्वर्णकार महिला मंडल ने मनाया होली मिलन और महिला दिवस उत्सव

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़िया स्वर्णकार महिला मंडल द्वारा 'होली मिलन समारोह' का आयोजन स्थानीय सोनी समाज सामुदायिक भवन में किया गया। होली मिलन का उत्सव और भी खास रहा क्योंकि यह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में रंगों, प्रेम और सामाजिक समरसता का अनूठा संगम देखने को मिला।

समारोह का शुभारंभ भगवान राधा-कृष्ण की मूर्ति की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। पश्चात महिलाओं ने पारंपरिक फाग

गीतों और राधा-कृष्ण के भजनों पर जमकर नृत्य किया। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गिले-शिकवे भुलाते हुए सभी ने सामाजिक एकता का संदेश दिया। महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सरला सोनी ने सभी को होली और महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, 'हमें स्वयं पर दृढ़ विश्वास और आत्मविश्वास रखना चाहिए।

कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने अधिकारी लेंगे गोद

- विकास कार्यों में रूचि नहीं लेने वाले सरपंच और सचिवों पर होगी कार्रवाई: कलेक्टर

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में कुपोषण को समाप्त करने के लिए अधिकारियों को कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उनके स्वास्थ्य एवं पोषण सुधार की दिशा में एक नई पहल शुरू की गई है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अधिकारियों को चिन्हांकित कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उन्हें पोषित करने की जिम्मेदारी दी है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज सुबह 10 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित कर जिले में संचालित शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री लंगेह ने बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में धान उठाव के कार्य में तेजी लाएं और शेष धान का उठाव 25 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए कृषि विभाग को शिविर आयोजित कर किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। कृषि उप संचालक ने बताया कि वर्तमान में शिविर लगाकर समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री लंगेह ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने सभी छात्रों के अपार कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विकासखण्ड अधिकारियों को निर्देशानुसार काम करने कहा है। साथ ही जिनकी प्रगति संतोषप्रद नहीं है ऐसे बीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

छोड़ने से मना किया, मारपीट कर बाइक में लगाई आग

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली पुलिस ने मारपीट कर बाइक में आग लगाने के मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध कायम किया है। मुकेश प्रधान ने थाने में रिपोर्ट लिखाई है कि वह राजेश अग्रवाल के श्याम किराना स्टोर्स कुटेला में काम करता है। 8 मार्च की दोपहर लगभग 2:30 बजे वह राजेश अग्रवाल की बाइक सीजी 06 जीबी 9561 को लेकर झिलमिला के प्रसाद भंडारा में प्रसाद खाना खाने जा रहा था। पटेल टेंट हाऊस के पास पहुंचने पर मोहल्ले का राजू सराफमिला, जिसने उसे झिलमिला चौक तक छोड़ने कहा, जब उसने कहा कि मुझे भूख लग रही है, मैं तुझे नहीं छोड़ सकता।

गर्मियों का समय निर्माण कार्यों के लिए अनुकूल, पूरी तेजी से हो काम : कलेक्टर

- गर्मियों में पेयजल और बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए अधिकारियों को जरूरी व्यवस्थाओं के निर्देश
- 15 वर्षीय बालिकाओं को लगेंगे गर्भाशय के कैंसर से बचाव के लिए टीके, कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को तैयारी के दिए निर्देश

कवर्धा/नवप्रदेश। सभी स्वीकृत निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कराएं जाएं। जो कार्य फील्ड में चल रहे हैं उसकी गुणवत्ता की मॉनिटरिंग नियमित रूप से की जाए। मार्च से जून तक का यह समय निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त है, अतः सारे काम पूरी तेजी के साथ हों, यह बातें कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में सभी निर्माण एजेंसीज के अधिकारियों से निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की ठेकेदार से टाइमलाइन लें और उसी के अनुसार नियमित रूप से निरीक्षण और मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर ने सड़क, छात्रावास व अन्य भवनों, विद्युत सबस्टेशन के साथ अन्य निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा की।

कलेक्टर वर्मा ने पीएम जनमन योजना की समीक्षा करते हुए विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों में आयुष्मान कार्ड बनाने के जो लक्ष्य मिले हैं उसे जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके लिए उनके गांवों में जाकर कैंप लगाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने आयुष्मान योजना के तहत इलाज करने वाले अस्पतालों की भी नियमित जांच करने के लिए निर्देशित किया। जल शक्ति अभियान के तहत मोर गांव मोर पानी अभियान की

समीक्षा के दौरान सभी संबंधित विभागों को जल स्त्रोतों की ऑनलाइन एंट्री करने के निर्देश दिए गए।

गर्मियों के मौसम को ध्यान रखते हुए कलेक्टर वर्मा ने पीएचई एवं सभी नगरीय निकाय के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने जहां भी हैडपंप बिगड़ने की समस्या आती है इसके लिए पीएचई विभाग तत्काल सुधार करने की तैयारी रखे। नगरीय निकायों में भी नियमित जलापूर्ति की व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के लिए वैकल्पिक स्त्रोतों को चिन्हित कर के रखने के लिए भी निर्देशित किया। इसी प्रकार विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि निर्बाध बिजलीआपूर्ति की व्यवस्था हो। जहां कहीं पेड़ों की छटनी या मेंटेनेंस की जरूरत हो वह कर लिया जाए। ताकि विद्युत आपूर्ति में अनावश्यक परेशानी न हो।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भाशय के कैंसर से बचाव के लिए 14 वर्ष पूर्ण कर 15 वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी बालिकाओं के लिए विशेष टीकाकरण अभियान प्रारंभ होने जा रहा है। इसके लिए स्कूलों और छात्रावासी बालिकाओं को यह टीके लगाए जाएंगे। कलेक्टर ने कहा कि इस टीकाकरण अभियान में अधिक से अधिक पात्र बच्चियों को लाभान्वित करने के लिए सर्व संबंधित विभाग आपसी समन्वय से काम करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को टीकाकरण के लिए सभी आवश्यक तैयारियां करने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर ने पीएम आवास और जनमन के तहत बनने वाले आवासों की समीक्षा करते हुए सभी सीईओ जनपदों को निर्देश दिए कि जो आवास अप्रारंभ हैं उन्हें तत्काल प्रारंभ कराएं। इसके लिए डोर स्टेप मॉनिटरिंग किया जाए।

बैठक में राजस्व से जुड़े मामलों की भी विस्तार से समीक्षा की गई और सभी संबंधित राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में एडीएम विनय पोयाम, नरेन्द्र पैकरा, पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर, कवर्धा, चेतन साहू, बोड़ला सागर सिंह, लोहारा शिल्पा देवांगन, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, रूचि शार्दुल सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

महापौर मधुसूदन ने सुबह वार्ड में पानी, सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

राजनांदगांव। मूलभुत सुविधा बिजली,पानी, सफाई संबंधी समस्या से अवगत होने महापौर मधुसूदन यादव द्वारा वार्डो में निरीक्षण कर वार्डवासियों से रूबरू हो जानकारी ले रहे है। इसी कडी में वार्ड नं. 40 व 44 के नंदई व शिव कालोनी, आर्शीवाद कालोनी एवं महेश नगर क्षेत्र में साफ सफाई एवं पेयजल के लिए महापौर यादव आज सुबह बाजार विभाग की प्रभारी सदस्य केवरा वियज राय, पार्षद सतीश साहू, सेवक उईके व अरूण साहू तथा निगम के तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ जायजा लेकर वार्ड एवं कालोनीवासियो से रूबरू हो चर्चा किए। सर्वेश्वरदास स्कूल मैदान में पेंशन भवन के लिए भवन का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी को भवन में रंग-रोगन कर व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। साथ ही नंदई एवं महेश नगर व कालोनी क्षेत्र में साफसफाई का जायजा लेकर महापौर यादव कालोनी वासियों के चर्चा किए। उन्होंने कहा कि कचरा नाली व रोड में न डाले, बल्कि घर में ही कचरा पृथककर डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदीयो को देवे तथा डस्टबिन का उपयोग करे। उन्होंने नंदई में दुकानदारो से डस्टबिन रखने समझाईस दिये तथा निगम के अधिकारियो से कहा कि मुक्कड के कचरे को रोड में फैलने से रोकने प्रतिक्षालय को हटाकर उसी स्थान पर कचरा डालने व्यवस्था के निर्देश दिए।

खो-खो एवं वॉलीबाल का आज चयन ट्रायल

बालोद। आल इंडिया सिविल सर्विसेज खो-खो एवं वॉलीबाल के चयन ट्रायल का आयोजन 11 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ द्वारा ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज खो-खो के चयन ट्रायल का आयोजन शारीरिक शिक्षा अध्ययन शाला खेल परिसर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में तथा वॉलीबाल प्रतियोगिता के चयन ट्रायल का आयोजन माधव राव सप्रे शासकीय उच्चतर माध्यमिक वॉलीबाल ग्राउण्ड रायपुर में सुबह 9 से 10 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खो-खो के लिए शिवराज साहू मोबाईल नंबर 8871419609 तथा वॉलीबाल हेतु टीएन रेड्डी मोबाईल नंबर 9131181059 को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जनपद पंचायत गुण्डरदेही में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक संपन्न

बालोद। जनपद पंचायत गुण्डरदेही के सभाकक्ष में जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी निखत सुल्ताना की अध्यक्षता में 26 ग्राम पंचायतों के सचिव एवं रोजगार सहायकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा शेष आवासों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिन ग्राम पंचायतों में आवास निर्माण की प्रगति धीमी है, वहाँ कार्यों को गति देने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रथम किश्त राशि जारी समस्त हितग्राहियों को आवास निर्माण यथाशीघ्र प्रारंभ कराने तथा प्रारंभ आवासों का शीघ्र जियो टैगिंग सुनिश्चित कराने को कहा। द्वितीय किश्त प्राप्त कर चुके हितग्राहियों के आवासों को 15 दिवस के भीतर पूर्ण कराने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। वर्ष 2024-26 तक के अपूर्ण आवासों को 30 मार्च 2026 तक शत् प्रतिशत पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। उन्होंने सभी पूर्ण आवासों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित करने के निर्देश दिए। उक्त समीक्षा बैठक में जनपद स्तर से एसडीओ, पीओ, प्रधानमंत्री आवास के विकासखण्ड समन्वयक एवं सचिव तथा रोजगार सहायक उपस्थित थे।

समाज को नशामुक्त बनाने मादक पदार्थ नियंत्रण और एनडीपीसी अधिनियम पर रेंज स्तरीय कार्यशाला

राजनांदगांव/नव प्रदेश। मंगल भवन पुलिस लाइन राजनांदगांव में दिनांक 10.03.2026 को नशीली दवाओं के बढ़ते खतरे को रोकने और समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से आज कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज द्वारा एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य केंद्र नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीसी) अधिनियम, 1985 के प्रावधानों और उनकी व्यावहारिक चुनौतियों पर चर्चा करना था। कार्यशाला में कानूनी जागरूकता प्रशिक्षण सत्र में विषय विशेषज्ञों द्वारा एनडीपीएस अधिनियम की महत्वपूर्ण धाराएं, तलाशी एवं जब्ती की वैधानिक प्रक्रिया, साक्ष्य संधारण, केस

डायरी लेखन, चार्जशीट तैयारी तथा न्यायालयीन प्रक्रिया में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन किया गया ताकि जांच में कोई तकनीकी खामी न रहे। प्रक्रियात्मक प्रशिक्षणः मादक पदार्थों की पहचान, उनकी सैंपलिंग प्रक्रिया और कानूनी दस्तावेजों को तैयार करने के सही तरीकों पर विशेष जोर दिया गया। कठोर प्रावधानः कार्यशाला में बताया गया कि कॉमर्शियल मात्रा में ड्रग्स पाए जाने पर 10 से 20 वर्ष तक के कठोर कारावास का प्रावधान है। समापन पर पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज बालाजी राव ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय के परिपेक्ष में स्मार्ट पुलिसिंग करते हुए नई नई वैज्ञानिक तकनीकों और विभिन्न पोर्टल का उपयोग करें और सभी प्रकरणों में आरोपियों की दोष सिद्धि में बढ़ोतरी की जाए। मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, तकनीकी रूप से मजबूत विवेचना एवं टीम वर्क की आवश्यकता पर बल दिया। प्रशिक्षण में के.के. चतुर्वेदी (डीडीपी, महासमुंद), उप पुलिस अधीक्षक केशरी नंद नायक, अधीक्षक अनिल कुमार (नारकोटिक्स क्राइम ब्यूरो), पूर्व डीएसपी राकेश जोशी, सहित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता वाधवानी, उपपुलिस अधीक्षक नवी मोनिका पांडे, एसडीओपी गंडई मानकलाल कश्यप, एसडीओपी मानपुर नोहर लाल मंडावी सहित रेंज के चारों जिलों से सहायक उप निरीक्षक से निरीक्षक स्तर तक 66 अधिकारियों ने सहभागिता दी।

दिव्यांगजनों को उपकरण प्रदान करने कल शिविर

- गांधी सभागृह में जनपद पंचायत एवं निगम क्षेत्र के दिव्यांग जनों का मूल्यांकन

राजनांदगांव/नव प्रदेश। जिला कार्यालय समाज कल्याण जिला राजनांदगांव द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एग्रीकल्चर एन्श्युरेंस कम्पनी आफइंडिया लिमिटेड (।प्ब) के निगमीत समाजिक दायित्व (बैत) भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) जबलपुर द्वारा राजनांदगांव जिले के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु दिनांक 12 मार्च को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक गांधी सभागृह राजनांदगांव में जनपद पंचायत राजनांदगांव एवं नगर निगम क्षेत्र राजनांदगांव के दिव्यांग जनों का मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आवश्यकता अनुसार निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण 40 प्रतिशत से उपर के दिव्यांग जनों को उपलब्ध कराने हेतु चिन्हांकित किया जावेगा। महापौर मधुसूदन यादव ने दिव्यागजनों से शिविर का लाभ लेकर सहायक उपकरण प्राप्त करने की अपील की है वही निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि ऐसे दिव्यांग जन जिनकी मासिक आय 22 हजार 5 सौ रूपये प्रति माह से कम हो अपने साथ आय प्रमाण पत्र, मोबाईल नंबर एवं यूडीआइडी प्रमाण पत्र व आवासी प्रमाण पत्र हेतु आधारकार्ड की छाया प्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से लाकर शिविर स्थल पर उपस्थित होना सूनिश्चित करें।

शी-मार्ट फॉर रूरल वोमेन्स लेड इंटरप्राइजेज का वेबिनार आयोजित

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला पंचायत कबीरधाम के सभा कक्ष में गत दिवस सीईओ श्री अभिषेक अग्रवाल के साथ सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शी मार्ट फ़ॉर रूरल वोमेन्स लेड इंटरप्राइजेज पर आयोजित वेबिनार का श्रवण किया। वेबिनार को पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल रूप से संबोधित किया गया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री द्वारा महिला समूह की भूमिका, समाज में उनकी भागीदारी, लखपति दीदी और आजीविका जैसे अनेक पहलुओं पर प्रकाश डाला । जिले

के सभी जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत, संकुल स्तर पर समूह की दीदियो द्वारा कार्यक्रम को सुनकर प्रधानमंत्री से प्रेरणा ली। इस अवसर पर कबीरधाम जिले में महिला समूह की दीदियों ने विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम को सुनकर आगे बढ़ने हेतु नई प्रयास करने की बात कही।

संपत्ति कुर्की के भय से आरोपियों ने किया सरेंडर

- अवैध रेत उत्खनन एवं फायरिंग प्रकरण में दो फरार आरोपी न्यायालय में हुए पेश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। थाना बसंतपुर में 11 जून 2025 की रात्रि ग्राम मोहड़ नदी में अवैध रूप से रेत निकालने के लिए रैम्प निर्माण हेतु जेसीबी चालक पहुंचा था। इसे रोकने के लिए कुछ ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे, तभी एक कार में सवार 7-8 व्यक्ति वहां पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मारपीट करते हुए फायरिंग की। उक्त रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर

में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में किया था। प्रकरण में भगवती निषाद, उम्र 49 वर्ष, निवासी ग्राम झोला, थाना अंडा जिला दुर्ग, संजय रजक 48 वर्ष, निवासी मोहड़ राजनांदगांव, अभिनव तिवारी 42 वर्ष, निवासी ग्राम सोमनी राजनांदगांव, अतुल सिंह तोमर 24 वर्ष, जितेन्द्र नारौलिया 30 वर्ष, अमन सिंह परिहार 27 वर्ष, अभय सिंह तोमर 20 वर्ष, कृष्णा उर्फ गोलू गुर्जर उर्फ गोलू दनगस 24 वर्ष, पांचो निवासी ग्वालियर (म.प्र.), फ्ली उर्फ मनू उर्फ मनोज सिकरवार 25 वर्ष, निवासी ग्राम खिडौरा, थाना चिन्नौनी, जिला मुरैना (म.प्र.) प्रकरण के अन्य फरार दो आरोपी में संजय सिंह 33 वर्ष, निवासी ग्वालियर (म.प्र.), अमन बैसन्दर 28 वर्ष, निवासी शताब्दीपुरम, जिला ग्वालियर (म.प्र.) के विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अंकिता शर्मा के निर्देशन में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे थे। फरार आरोपियों में दो ने 10 मार्च को न्यायालय में संपत्ति कुर्क होने के डर से उपस्थित हुए। जहां न्यायालय ने जेल भेज दिया।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202603104700008
/अ-06अ/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हरिशचन्द्र साहू पिता स्व. श्री केजू राम साहू नवासी ग्राम कचान्दुर तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि मौजा कचान्दुर प.ह.नं 17 रा.नि.म. जेवरा सिरसा, स्थित भूमि खसरा नंबर 1005 रकबा 0.4050 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जिसकी ऋणपुस्तिका कमांक पी-0656577 है, किन्तु वर्तमान में उक्त भूमि का नक्शा में रकबा कम / छोटा दर्शाया जा रहा है जबकि वास्तविक रकबा 0.4050 है। उक्त संबंध में भूमि का पूरा रकबा 0.4050 के अनुसार ही नक्शा बनाये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.03.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग-01 (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ती नूतन देशमुख (NUTAN DESHMUKH) पिता जे. एल. देशमुख (J. L. DESHMUKH) उम्र 33 वर्ष, निवासी- जोन-2, सड़क-6, वार्ड नं.-53, न्यू आदर्श नगर दुर्ग तह0. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ :- यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है । यह कि, मेरे समस्त अंकसूची एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रो मे मेरा नाम नूतन देशमुख (NUTAN DESHMUKH) पिता जे.एल. देशमुख (J.L. DESHMUKH) दर्ज है। यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक एवं अन्य दस्तावेजों मे मेरा नाम नूतन देशमुख (NUTAN DESHMUKH) पिता जीवन लाल देशमुख (JEEVAN LAL DESHMUKH) दर्ज हो गया है। जे. एल. देशमुख (J. L. DESHMUKH) एवं जीवन लाल देशमुख (JEEVAN LAL DESHMUKH) दोनो एक ही व्यक्ति के नाम है अर्थात मेरे पिता का ही नाम है जो कि सत्य एवं सही है। यह कि मेरा सही व वास्तविक नाम नूतन देशमुख (NUTAN DESHMUKH) पिता जे. एल. देशमुख (J. L. DESHMUKH) है। मै अपने आधार कार्ड, पेन कार्ड, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेजो एव अन्य अभिलेखो मे मै अपना नाम नूतन देशमुख (NUTAN DESHMUKH) पिता जे. एल. देशमुख (J.L. DESHMUKH) दर्ज कराना चाहती है एवं इसी नाम से जानी व पहचानी जाऊंगी। इस संबंध में मेरे द्वारा नाम परिवर्तित बाबत् छ.ग. राजपत्र में प्रकाशन कराने हेतु आवश्यक दस्तावेजो के साथ यह शपथ पत्र श्रीमान के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
नूतन देशमुख पिता जे. एल. देशमुख
निवासी- जोन-2, सड़क-6,
वार्ड नं. 53 न्यू आदर्श नगर दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं, आदित्य सोनी (Aditya Soni) पिता लक्ष्मीकांत सोनी (Laxmikant - Soni) आयु 29 वर्ष, निवासी आर-9 जनता क्वार्टर, वार्ड नं. 46, पद्मनाभपुर दुर्ग छत्तीसगढ़ 491001 (R-9 Janta Quarter, Ward No. 46, Padmnabhpur, Durg, C.G. - 491001) विधिवत शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता/करती हूँ : यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ तथा इस शपथ पत्र का निष्पादन करने हेतु पूर्णतः सक्षम एवं अधिकृत हूँ। यह कि कि मेरे पिता का सही एवं वास्तविक नाम लक्ष्मीकांत सोनी (Laxmikant Soni) है। यह कि मेरे शैक्षणिक अभिलेखों/ दस्तावेजों, विशेषकर कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची/प्रमाण पत्र में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश लक्ष्मीकांत सोनी (Lakshmikant Soni) अंकित हो गया है, जो कि मात्र वर्तनी त्रुटि (spelling/clerical mistake) है। यह कि लक्ष्मीकांत सोनी (Laxmikant Soni) तथा लक्ष्मीकांत सोनी (Lakshmikant Soni) दोनों नाम एक ही व्यक्ति के लिए प्रयुक्त हुए हैं, और दोनों में कोई भिन्नता नहीं है। यह कि मेरे पिता का सही नाम भविष्य में सभी अभिलेखों/दस्तावेजों/ शैक्षणिक रिकॉर्ड/सरकारी रिकॉर्ड में लक्ष्मीकांत सोनी (Laxmikant Soni) ही अंकित किया जाए। यह कि यह शपथ पत्र मैं संबंधित शैक्षणिक बोर्ड/विद्यालय/ शासकीय विभाग/राजपत्र (Gazette) / अन्य प्राधिकरण में नाम सुधार हेतु प्रस्तुत करने के लिए दे रहा/रही हूँ। यह कि उपरोक्त कथन सत्य एवं सही हैं तथा इसमें कुछ भी असत्य नहीं है।

शपथकर्ता
आदित्य सोनी पिता लक्ष्मीकांत सोनी
निवासी आर-9 जनता क्वार्टर,
वार्ड नं. 46, पद्मनाभपुर दुर्ग
(छ.ग.) पिन. 491001

नाम-परिवर्तन

मैं अब्दुल्लाह कुरैशी (Abdullah Quraishi) पिता मोहम्मद सैफुल्लाह कुरैशी (Mohammad Saifullah Quraishi) आयु लगभग 28 वर्ष, व्यवसाय वकील, निवासी-भवानी माता चौक, वार्ड क्र. 41 तहसील दुर्ग, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491001, शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि : यह कि, मैं इस शपथपत्र का शपथकर्ता हूँ तथा इस शपथपत्र में वर्णित सभी तथ्य मेरे व्यक्तिगत ज्ञान में सत्य हैं। यह कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम मोहम्मद अब्दुल्लाह कुरैशी (Mohammad Abdullah Quraishi) तथा मेरे पिता का नाम मोहम्मद सैफुल्लाह कुरैशी (Mohammad Saifullah Quraishi) अंकित है। यह कि मेरे शैक्षणिक अभिलेखों (10वीं, 12वीं अंकसूची एवं अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों) में मेरा नाम अब्दुल्लाह कुरैशी (Abdullah Quraishi) तथा मेरे पिता का नाम एम सैफ कुरैशी (M Saif Quraishi) अंकित है। यह कि मेरे पासपोर्ट एवं अन्य पहचान पत्रों में मेरा नाम अब्दुल्लाह कुरैशी (Abdullah Quraishi) तथा मेरे पिता का नाम मोहम्मद सैफुल्लाह कुरैशी (Mohammad Saifullah Quraishi) अंकित है। यह कि मोहम्मद अब्दुल्लाह कुरैशी (Mohammad Abdullah Quraishi) एवं अब्दुल्लाह कुरैशी (Abdullah Quraishi) दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही नाम हैं। यह कि एम सैफ कुरैशी (M Saif Quraishi)", "M.D. Saifullah Quraishi) एवं मोहम्मद सैफुल्लाह कुरैशी (Mohammad Saifullah Quraishi) तीनों नाम मेरे पिता के ही नाम हैं तथा एक ही व्यक्ति के लिए प्रयुक्त हुए हैं। यह कि नामों में यह अंतर केवल संक्षिप्त रूप/स्पेलिंग/लिपिकीय त्रुटि के कारण है, न कि पहचान परिवर्तन या किसी प्रकार की धोखाधड़ी के कारण। यह कि भविष्य में मैं अपने सभी शासकीय, अर्थ-शासकीय, शैक्षणिक एवं विधिक अभिलेखों में अपना नाम अब्दुल्लाह कुरैशी (Abdullah Quraishi) तथा पिता का नाम मोहम्मद सैफुल्लाह कुरैशी (Mohammad Saifullah Quraishi) ही उपयोग करूंगा। यह शपथपत्र मैं राजपत्र प्रकाशन (Gazette Notification) जन्म प्रमाण पत्र सुधार, शैक्षणिक दस्तावेज सुधार एवं अन्य शासकीय कार्यवाही हेतु प्रस्तुत कर रहा हूँ। यह कि उपरोक्त कथन सत्य एवं सही हैं तथा इनमें कोई तथ्य असत्य या छिपाया नहीं गया है।

शपथकर्ता
अब्दुल्लाह कुरैशी

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104100066

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी हमीद खान पिता/पति हाजी अमीर खान पता केलाबाड़ी दुर्ग, जाहीद खान पिता/पति हाजी अमीर खान पता केलाबाड़ी दुर्ग, के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 664/5(0.0240) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अलिया अफ्शा पिता/पति हमीद खान पता म.न. 284 मस्जिद के पास केलाबाड़ी दुर्ग, सैफिया अरशी पिता/पति हमीद खान पता एचएन 199 स्ट्रीट 04 कसारीडीह वार्ड 42, अफजल खान पिता/पति हमीद खान पता म.न. 284 मस्जिद के पास केलाबाड़ी दुर्ग, जाहीद खान पिता/पति हाजी अमीर खान पता केलाबाड़ी, स्वालेहा अफ्शा पिता/पति हमीद खान पता कानी डबरी वार्ड नं. 07 धमतरी के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.03.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.02.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लुबुकराम साहू पिता स्व. गैंद सिंह साहू निवासी चिरपोटी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा गैंद सिंह साहू आ. गुहाराम साहू की जन्म/मृत्यु दिनांक 21.09.2017 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.03.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती शारदा मिश्रा (Sharda Mishra) आयु 45 वर्ष, पति शिव प्रसाद मिश्रा (Shiv Prasad Mishra) निवासी-मकान न. 390 गुरूघासी दास वार्ड कसारीडीह दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि यह कि, मैं उपरोक्त दर्शाये पते पर निवास करती हूँ। यह कि, मेरे पर नाम भारत सरकार का आधार कार्ड जारी किया गया है जिसमें मेरी नाम मीना मिश्रा पति शिव प्रसाद मिश्रा दर्ज है जो त्रुटिपूर्ण है जिसका आधार नंबर 7806 1597 9584 है। यह कि, मेरे कक्षा दसवी-बारहवी के अंकसूची में मेरी नाम मीना शर्मा पिता श्री राम कृष्ण शर्मा दर्ज है जो कि शादी के पूर्व का नाम है। जो कि मेरी शादी के पश्चात मेरी नाम शारदा मिश्रा पति शिव प्रसाद मिश्रा दर्ज हो गया है जो कि सत्य एवं सही है। यह कि, मेरे पुत्र प्रतीक मिश्रा के शालेय प्रमाण-पत्र में मेरी नाम शारदा मिश्रा पति शिव प्रसाद मिश्रा दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। यह कि, उक्त शपथ-पत्र मीना मिश्रा पति शिव प्रसाद मिश्रा स्थान पर शारदा मिश्रा पति शिव प्रसाद मिश्रा दर्ज कर गजट में प्रकाशन कराने के समर्थन में यह शपथ-पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
शारदा मिश्रा पति शिव प्रसाद मिश्रा
निवासी-मकान न. 390 गुरूघासी
दास वार्ड कसारीडीह दुर्ग,
तहसील व जिला दुर्ग छ.ग.

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202603103800008
/39/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक प्रमोद तिवारी पिता स्व. बहल प्रसाद तिवारी, निवासी ठेठवार पारा दुर्ग के आवेदन अनुसार दुर्ग नजूल स्थित भूमि शीट क. 20 डी, भूखण्ड क. 88, रकबा 170 वर्गमीटर भूमि बसंता बाई बेवा बनवासी के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदन अनुसार धारक द्वारा 1972 में पंजीकृत बयनामा आवेदक के दादी चेतुती बाई बेवा भूखन प्रसाद तिवारी द्वारा खरीदी गई, किन्तु नामांतरण नहीं कराया गया। विकेता बसंता बाई बेवा बनवासी की मृत्यु दिनांक 02.06.1983 को एवं केता देहुती बाई पति भुखन प्रसाद की मृत्यु दिनांक 11.05.2010 को हो चुकी है। बेहुती बाई के विधिक वारिसान बहल प्रसाद तिवारी है। जिसकी मृत्यु दिनांक 02.04.2015 को हो चुकी है। उनके वारिसान प्रमोद तिवारी है। उक्त आधार पर आवेदक द्वारा धारक का नाम विलोपित कर स्वयं के नाम पर नामांतरण दर्ज करने आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25.03.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.02.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202603103800006
/41/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक रतन पाटनी पिता स्व. भूरमालजी जैन, निवासी मोतीपारा दुर्ग के आवेदन अनुसार दुर्ग नजूल स्थित भूमि शीट क. 29 सी, भूखण्ड क. 306/1, क्षेत्रफल 110.30 वर्गमीटर भूमि प्रकाशचंद पिता स्व. भूरमल जैन एवं अन्य के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारकगण में से प्रकाशचंद पाटनी की मृत्यु दिनांक 12.09.2022 को एवं उनकी पत्नि सुलोचना की मृत्यु दिनांक 29.10. 2017 को हो चुकी है, मृतक के कोई वारिसान नहीं है। उक्त आधार पर आवेदक द्वारा मृतक धारक का नाम विलोपित शेष सहधारकों का नाम यथावत रखने आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25.03.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.02.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202602100400220
/अ-02/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री यशवंत व अन्य 05 पिता / पति स्व. फिरंगी साहू निवासी मठपारा दुर्ग ग्राम दुर्ग द्वारा नीचे वर्णित अनुसूची में उल्लेखित ग्राम, खसरा, रकबा भूमि के दर्शित प्रयोजन अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर के द्वारा जारी अधीसूचना दिनांक 22.12.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ राजस्व संहिता (व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण) नियम 2025 में दिये गये निर्धारित प्ररूप-एक में भूमिस्वामी द्वारा भूमि उपयोग के व्यपवर्तन तथा स्वनिर्धारण की सूचना व घोषणा पत्र छ.ग. भुरा संहिता 1959 यथासंशोधित 2022 की धारा 59/172 के तहत् इस न्यायालय में अन्य दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है :-

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	आवेदि.भू. खसरा नं.	रकबा हे. वर्गमीटर	प्रयोजन
ग्राम दुर्ग प.ह.न. 19 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग	770/78	0.0120	आवासीय

अतएव उपरोक्त उपर वर्णित भूमि के व्यपर्वतन / पुर्ननिर्धरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा जारी होने की तिथि से 07 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति अथवा दावा स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति/अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि में दावा आपत्ति के पश्चात् दावा आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

नाम-परिवर्तन

मै प्यारे लाल पिता श्री चरण सिंह, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम पाहंदा तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार हैं। यह कि, मै असम रायफल नागालैंड में रायफल मैन (जी.डी.) के पद पर पदस्थ हूं मेरा नम्बर 124793 एफ हैं। यह कि, मेरे विभाग के सर्विस रिकार्ड मे मेरे पिता श्री चरण सिंह का जन्म तिथि 01/07/1948 एवं माता श्रीमती बिसंतीन बाई की जन्म तिथि 01/08/1955 दर्ज है, जो की गलत हैं। यह कि, मेरे पिता चरण सिंह का सही व वास्तविक जन्म तिथि 01/01/1949 एवं मेरी माता श्रीमती बिसंतीन बाई की जन्म तिथि 01/01/1954 है जो उनके आधार कार्ड में दर्ज हैं। यह कि, मैं अपने विभाग के सर्विस रिकार्ड मे अपने पिता चरण सिंह का सही व वास्तविक जन्म तिथि 01/01/1949 एवं माता श्रीमती बिसंतीन बाई की जन्म तिथि 01/01/1954 दर्ज करवाना चाहता हूं। यह कि, शपथपत्र मेरे विभाग के सर्विस रिकार्ड मे मेरे पिता चरण सिंह का सही व वास्तविक जन्म तिथि 01/01/1949 एवं माता श्रीमती बिसंतीन बाई की जन्म तिथि 01/01/1954 दर्ज करने बाबत श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ। अतः यह शपथपत्र सादर प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ता
प्यारे लाल पिता श्री चरण सिंह
निवासी ग्राम पाहंदा तहसील
पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं जनक राम उम्र 50 वर्ष आ. स्वर्गीय के फकीर निवासी मकान नम्बर 10/एफ सड़क 49 सेक्टर 11 खुर्सीपार भिलाई तह व जिला दुर्ग छ.ग. पिन 490011 का निवासी हूँ, निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ:- यह कि मैं भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई के विभाग ब्लास्ट फर्नेस, पद-जूनियर इंजिनियरिंग एसोसिएट के पद पर कार्यरत हूँ। मेरा परसनल नंबर 401454 है। यह कि मेरे सर्विस रिकार्ड, मेडिकल बुक, पर्सनल फाईल एवं मेरे पुत्र के आधार कार्ड कमांक 9449 2275 8138 में पुत्र का नाम वाई ज्ञान प्रकाश (Y GYAN PRAKASH) दर्ज है। यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र भिलाई नगर निगम, भिलाईनगर, जन्म दिनांक 13/12/2008 रजिस्ट्रीकरण कमांक 003032009002201 रजिस्ट्रीकरण दिनांक 01/07/2009 जन्म के तहत बना हैं इसमें मेरे पुत्र का नाम यमपल्ली ज्ञान प्रकाश (YAMPALLI GYAN PRAKASH) दर्ज हैं। जोकि मेरे पुत्र का सही एवं प्रचलित नाम हैं। यह कि मेरे पुत्र के शाला रिकार्ड एवं अंक-सूची में पुत्र का नाम (YAMPALLI GYAN PRAKASH) दर्ज हैं। तथा कक्षा दसवीं उत्तीर्ण के अंक सूची में भी दर्ज हैं तथा इसमें भी मेरे पुत्र का सही एवं प्रचलित नाम दर्ज हैं। यह कि मेरे सर्विस रिकार्ड, मेडिकल बुक, पर्सनल फाईल एवं मेरे पुत्र के आधार कार्ड कमांक -9449 2275 8138 में पुत्र का नाम सुधार कर पूर्ण नाम यमपल्ली ज्ञान प्रकाश (YAMPALLI GYAN PRAKASH) सुधार करवाना चाहता हूँ। यह कि भविष्य में किसी प्रकार की अड़चनें न आवे जिसके मेरे सर्विस रिकार्ड पुत्र के आधार कार्ड, नया पैन कार्ड बनवाते समय एवं अन्य सभी जगहों पर जहाँ-जहाँ आवश्यक हैं में नाम सुधार की आवश्यकता हैं। अत: अब मेरे पुत्र को यमपल्ली ज्ञान प्रकाश (YAMPALLI GYAN PRAKASH) आत्मज (JANAK RAM) जनक राम के नाम से जाना एवं पहचान जाए। मेरा पुत्र अवयस्क होने के कारण यह शपथपत्र पिता क्षरा प्रस्तुत किया गया हैं।

शपथकर्ता
जनक राम

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202602101000094
/अ-27/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमित सिंह पिता स्व. राम सिंह निवासी अंबेडकर नगर सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.न. 7501 रकबा 0.050 हे. भूमि आवेदक एवं अन्य के नाम पर शमिलात खातें में दर्ज है। उपर वर्णित भूमि को खातेदारों द्वारा आपसी सहमती के अनुसार खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदनमय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 26.03.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202602101000074/अ-6अ/सन्- 2025-26

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00045 हे.
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- अफताब अहमद सिदिकी /अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आफ्ताब अहमद सिदिकी पिता/पति/विभाग मो. शकुर सिदिकी पता- भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग की भूमि खसरा न. 2760 रकबा 0.02 हे. भूमि को आवेदक द्वारा क्रय कर नामान्तरण कराकर ऋण पुस्तिका प्राप्त कर लिया गया है। उक्त भूमि वर्तमान पटवारी अभिलेख में रकबा 0.02 हे. की जगह 0. 0083 हे. दर्ज हो गया दर्ज है। जिसे त्रुटी सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 24.03.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है! निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.03.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने दो दिव्यांग बच्चों को प्रदान किया व्हील चेयर

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समाज कल्याण विभाग के माध्यम से दो दिव्यांग बालकों को व्हील चेयर प्रदान किया। व्हील चेयर प्राप्त करने वालों में विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पिकरी के सुशांत केवट पिता भागवत प्रसाद केवट एवं कसडोल के राज मल्होत्रा पिता रोहित मल्होत्रा शामिल है। व्हील चेयर मिलने से दोनों बालको को स्कूल आने -जाने सहित अन्य दैनिक कार्य के लिये सुगमता होगी। इस दौरान उप संचालक सिनीवाली गोयल सहित समाज कल्याण विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कुकेरा में गूंजी गौ-महिमा : महाराज पृथु के आदर्शों से मिली राष्ट्र-सेवा की प्रेरणा

धरसीवां/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कुकेरा के पावन प्रांगण में 'श्रीराम गौ सेवा संगठन' एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित आठ दिवसीय 'श्रीमद् गौ भागवत कथा' के तृतीय दिवस पर श्रद्धा और संकल्प का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। 'गौ सम्मान आव्हान अभियान' के तहत आयोजित इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में हजारों की संख्या में श्रद्धालु गौ-महिमा के साक्षी बने। कथा के मुख्य आकर्षण के रूप में पाटेश्वर धाम के पूज्य संत श्री रामबालकदास जी महाराज का गरिमामय आगमन हुआ। महाराज जी ने अपने प्रखर संबोधन में कहा कि ÷गौ माता केवल एक पशु नहीं, बल्कि वह साक्षात् आदि शक्ति का स्वरूप हैं। जब तक भारत की धरती पर गौ-माता असुरक्षित है, तब तक राष्ट्र की पूर्ण समृद्धि संभव नहीं है।÷ उन्होंने 'गौ सम्मान आव्हान अभियान' के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए उपस्थित जनसमूह को गौ-माता को 'राष्ट्रमाता' का दर्जा दिलाने हेतु संगठित होने का संकल्प दिलाया।

विधायक अनुज ने विकास कार्यों की स्वीकृति पर साव का जताया आभार

धरसीवां /नवप्रदेश। विधानसभा के बजट सत्र 2026-27 में अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने क्षेत्र की प्रगति के लिए लोक निर्माण और विकास कार्यों की झड़ी लगाने हेतु उप-मुख्यमंत्री एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। विधायक ने सदन में बताया कि मुख्य बजट में उनके निर्वाचन क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांगों को प्राथमिकता दी गई है, जिससे क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।धरसींवा क्षेत्र कों विकास कार्यों की मिली बड़ी सौगात हैं जिसमें लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत लगभग 82.40 करोड़ की लागत से 17 आंतरिक मार्गों की स्वीकृति मिली है। सड़क चौड़ीकरणः कचना से वीआईपी रोड (20 करोड़) तथा कचना-पिरदा मार्ग को फोरलेन करना (6.40 करोड़)।, ब्रिज निर्माणः सिलयारी-मांढर लेवल क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज (14.95 करोड़) और कचना-खमारडीह मार्ग पर उच्च स्तरीय पुल का चौड़ीकरण (8 करोड़)। खेल एवं शिक्षाः खरोरा में इंडोर स्टेडियम व खेल मैदान का जीर्णोद्धार (3 करोड़) और बरौदा व माठ में शासकीय हाई स्कूल भवनों के लिए 1.5 करोड़ की स्वीकृति।, ग्रामीण कनेक्टिविटीः निलजा-खौना, मोहदी-असौंदा, कपसदा-सिलयारी और धरसींवा-तिल्दा मार्ग जैसे प्रमुख आंतरिक सड़कों के लिए बजट आवंटन।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय, नवापारा (तर्री) में विज्ञान संकाय के तत्वावधान में छात्र-छात्राओं द्वारा वर्किंग एवं नॉन-वर्किंग मॉडलों की प्रदर्शनी एवं प्रस्तुति का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार की भावना तथा प्रयोगात्मक ज्ञान के प्रति रुचि का विकास करना था। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण तथा विज्ञान एवं तकनीकी नवाचार जैसे विषयों पर आधारित विभिन्न आकर्षक वर्किंग एवं नॉन-वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों में वैज्ञानिक सिद्धांतों के व्यावहारिक उपयोग तथा उनकी रचनात्मक सोच का प्रभावी प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम में उपस्थित प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और अनुसंधान की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में जिज्ञासा, प्रयोगशीलता तथा नवाचार की भावना को विकसित करती हैं और उन्हें विज्ञान के प्रति जागरूक बनाती हैं। भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेमेन्द्र उपाध्याय ने अपने वक्तव्य में बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस महान भारतीय वैज्ञानिक सी. वी. रमन की ऐतिहासिक खोज ÷रमन प्रभाव÷ की स्मृति में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि डॉ. रमन की यह खोज भौतिकी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसने भारत को विश्व विज्ञान जगत में विशिष्ट पहचान दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे वैज्ञानिक जिज्ञासा, निरंतर अध्ययन तथा प्रयोग की भावना को अपनाकर विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार की दिशा में कार्य करें।

कार्यक्रम के दौरान विज्ञान संकाय के प्राध्यापकगण ने विद्यार्थियों के मॉडलों का अवलोकन कर उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया तथा भविष्य में और अधिक रचनात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया गया।

फूलों की होली में झूमीं मातृशक्ति, गरियाबंद में रंग-गुलाल और गीतों की गूंज

■ **श्रीराधे नवल किशोरी महिला मानस समिति का होली मिलन समारोह**

गरियाबंद/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर श्री राधे नवल किशोर महिला मानस समिति द्वारा होली मिलन एवं महिला दिवस का संयुक्त आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंगल हटरी शीतला पारा भवन में हुआ, जहां समिति की मातृशक्तियों ने फूलों और रंग-बिरंगी गुलाल से सूखी होली खेलकर पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने फाग गीत, भजन और कविताओं की प्रस्तुति दी। ढोलक और मंजीरे की थाप पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया और पूरे वातावरण को गुलाबी रंग में रंग दिया।

समिति की अध्यक्ष मंजरी गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन पिछले तीन वर्षों से लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मथुरा-वृंदावन की तर्ज पर फूलों की होली खेलकर पानी की बचत का संदेश भी दिया जाता है। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण पर आधारित गीत और कविताओं के माध्यम से महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया कि वे अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर कुछ पल अपने लिए भी जिएं और खुशियां साझा करें।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बिंदु सिन्हा और वार्ड पार्षद पुष्पा साहू भी शामिल हुईं। उन्होंने अपने संबोधन में महिलाओं को आगे बढ़ने और समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। समिति की ओर से दोनों अतिथियों का शाल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि तीज-त्योहार, सावन उत्सव और होली मिलन जैसे आयोजनों के माध्यम से भारतीय संस्कृति को जीवित रखना उनका मुख्य उद्देश्य है। होली ऐसा पर्व है जो आपसी गिले-शिकवे भुलाकर सभी को एक सूत्र में पिरोने का संदेश देता है।

इस अवसर पर बिंदु सिन्हा, पुष्पा साहू, मंजरी गुप्ता, शशिप्रभा सिन्हा, पुष्पा यादव, अनुराधा निर्मलकर, नेहा यादव, चित्ररेखा वर्मा, वंदिता यादव, मीनाक्षी ठाकुर, चित्ररेखा ध्रुव, सुमन बी.पी. देवांगन, सुमन एन. देवांगन, दीपा साहू, विमला साहू, कुसुमलता सिन्हा, अभिलाषा उपाध्याय, लोकेश्वरी पाल, श्यामबती साहू, हेमलता सिन्हा, रेखा सिन्हा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही।

पानी के लिए वन्यजीवों के गांवों की ओर आने की आशंका

लाखों की लागत से बना स्टॉप डेम क्षतिग्रस्त, गहराने लगा जल संकट

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के नगरी विकासखंड के जंगल क्षेत्रों में वन्यजीवों को गर्मी के दौरान पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाए गए स्टॉप डेम पहली ही बारिश में क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इन जल संरचनाओं पर लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद उनके जल्दी खराब होने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं जंगलों में पानी की कमी के कारण वन्यजीवों के गांवों की ओर आने की आशंका भी बढ़ती दिखाई दे रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरी रेंज अंतर्गत गजकन्हार के जंगल क्षेत्र में पिछले 2 वर्ष गर्मियों के दौरान वन्यजीवों के लिए पानी रोकने के उद्देश्य से स्टॉप डेम का निर्माण कराया गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार पहली ही बारिश में डेम का निचला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे पानी का बहाव रुक नहीं पाया। बताया जाता है कि निर्माण के दौरान पानी रोकने के लिए आवश्यक गेट भी नहीं लगाया गया था, जिसके कारण संरचना प्रभावी रूप से काम नहीं कर पाई। बाद में विभाग द्वारा अस्थायी रूप से मिट्टी भरकर मरम्मत की गई, लेकिन इससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका।

इसी प्रकार नगरी मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर ग्राम गजकन्हार के जंगल क्षेत्र (बीट क्रमांक 273) एवं आप पास में बने एक अन्य स्टॉप डेम की स्थिति भी चिंताजनक बताई जा रही है। बारिश के दौरान डेम के किनारों की मिट्टी बह जाने से उसकी संरचना कमजोर हो गई थी। विभाग द्वारा बाद में मिट्टी भरकर मरम्मत का प्रयास किया गया, किंतु स्थानीय लोगों का कहना है कि यह उपाय स्थायी नहीं है और अगली बारिश में फिर नुकसान होने की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जंगलों में पर्याप्त जल स्रोत नहीं होने से वन्यजीव पानी की तलाश में गांवों के आसपास आने लगे हैं, जिससे ग्रामीणों में चिंता का माहौल है और मानव-वन्यजीव संघर्ष की आशंका भी बढ़ सकती है।

ग्रामीणों और क्षेत्र के लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की समीक्षा करने तथा भविष्य में मजबूत और टिकाऊ जल संरचनाएं बनाने की मांग की है, ताकि जंगलों में वन्यजीवों के लिए स्थायी जल व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

इस संबंध में जानकारी वन परिक्षेत्र अधिकारी नगरी से जानकारी लेने के लिए वन विभाग कार्यालय पहुंचे तब विभागीय अधिकारी वहां मौजूद नहीं थे जिसमें दुरभाष के माध्यम से जब हमने रेंजर से जानकारी मंगा तब उन्होंने ने जानकारी देने से साफ मना करते हुए कहा कार्यालय से जानकारी ले लिजिए कहा साथ कर्मचारी ने जानकारी नहीं है कहा गया।

मोदी सरकार महंगाई रोकने में विफल रहेः श्रद्धा ठाकुर

गरियाबंद/नवप्रदेश। मोदी सरकार महंगाई रोकने में विफल है। उनके कार्यकाल के 13 साल में अनेक बार बेतहाशा एलपीजी गैस के दम की वृद्धि हो गई है, जहां कांग्रेस की सरकार में 430 गैस के दाम थे तो भाजपा 5 रुपए भी वृद्धि होने पर चिल्ला-चिल्ला कर विरोध प्रदर्शन करती थी।

मोदी सरकार ने अपनी सरकार आने पर गैस के दाम कम करने की बात कही थी। 500 रुपए में गैस उपलब्ध कराने की बात कही थी, लेकिन आज तीसरी बार आने के बाद भी लगातार बेतहाशा वृद्धि हो रही है। कहीं न कहीं इसके लिए मोदी सरकार की आर्थिक नीति, व्यापार नीति, विदेश नीति, असफल होना है। आज महिलाएं फिर से चूल्हे की ओर जा रही है अपनी गृहस्थी के बजट को ठीक करने फिर से धुंए की ओर जा रही है। आज हर महिला परेशान है।

उन्होंने कहा कि एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपए की वृद्धि किए जाने से आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। घरेलू उपयोग की आवश्यक वस्तु होने के कारण एलपीजी गैस हर परिवार की जरूरत है। कीमतों में इस प्रकार की बढ़ोतरी से विशेष रूप से मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों की रसोई का बजट प्रभावित होगा।

वर्तमान समय में पहले से हीः महंगाई बढ़ रही है, ऐसे में गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपए की वृद्धि आम जनता के लिए चिंता का विषय है। आम लोगों की आय में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुई है। जबकि आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही है। सरकार से मांग की जाती है कि एलपीजी गैस की कीमतों में की गई इस वृद्धि पर पुनर्विचार किया जाए और आम जनता को राहत देने उचित कदम उठाया जाए। साथ ही गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के हितों को ध्यान में रखते गैस की कीमतों को नियंत्रित रखने की दिशा में ठोस नीति बनाई जाए।

इंडिया स्किल में जिले की एक बड़ी उपलब्धि

n **कलेक्टर बीएस उइके ने नोहर को शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

गरियाबंद/नवप्रदेश। इंडिया स्किल आयोजन में प्रथम स्थान प्राप्त कर ईस्ट जोन की रीजनल प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर कौशल श्रेणी रेन्यूबल एनर्जी में मेडल ऑफएक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त करने पर कलेक्टर श्री बीएस उइके ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में ग्राम तर्रा निवासी नोहर लाल पटेल को पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान कलेक्टर ने क्रेड़ा विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि नोहर लाल पटेल को जिले का रेन्यूबल एनर्जी के लिए ब्रांड अम्बेसडर बनाएं।

उल्लेखनीय है कि इंडिया स्किल 2025-26 के ईस्ट जोन की रीजनल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के युवाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 12 पदक और 04 मेडल ऑफएक्सीलेंस अर्जित कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इंडिया स्किल 2025-26 की प्रतियोगिता चार चरणों में जिला, राज्य, रीजनल एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गई थी। इसका समापन 02 मार्च 2026 को भुवनेश्वर में हुआ। लाईवलीहुड कॉलेज की सहायक परियोजना अधिकारी श्रीमती श्रृष्टि मिश्रा ने बताया कि कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इंडिया स्किल 2025-26 का आयोजन 28 जुलाई 2025 को जिला स्तरीय एवं 03 और 04 फरवरी 2026 को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गरियाबंद जिले के ग्राम तर्रा निवासी नोहर लाल पटेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया है। नोहर लाल पटेल ने लाईवलीहुड कॉलेज गरियाबंद में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत कोर्स सोलर पीवी इंस्टॉलर (सूर्यमित्र) में 27 जनवरी 2025 से 02 अप्रैल 2025 तक आवासीय कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

अकाल मृत्यु से बचने के लिए भागवत कथा का श्रवण करें : पं झम्मन शास्त्री

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री नारायणी नवल धाम मंदिर प्रांगण मे आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह मे व्यास जी बताते है। कथा का उद्देश्य केवल यश पाने के लिए किसी इच्छा के अधीन किया गया धर्म कार्य नहीं बल्कि कथा के माध्यम से अंतःकरण को शुद्ध किया जाता है। भगवान को पाने की इच्छा तो परीक्षित और सुखदेव का संवाद ही सुन ले तो जीवन धन्य हो जाएगा अकाल मृत्यु से बचने के लिए भागवत कथा का श्रवण अवश्य करें यह बात श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस में पंडित झम्मन शास्त्री ने कहीं । उन्होंने कहा कि प्रभु की लीला के बगैर ना कोई जन्म ले सकता है। ना किसी की मृत्यु हो सकती है ।इसी कालचक्र में ईश्वर की सहमति विद्यमान है। रहती है। अकृतार्थ जीवात्मा को पुनर्जन्म लेना पड़ता है। इसलिए 24 घंटे मे कम से कम सवा घंटा प्रभु की स्तुति भजन कीर्तन के माध्यम से करना चाहिए ।जीवन का उद्देश्य ईश्वर को पाना है

ना कि केवल धन वैभव और जिवकोपार्जन के लिए लगे रहना। महाराज जी ने संकीर्तन का महत्व बताते हुए कहा की प्रभात फेरी राम नाम संकिर्तन से युवाओं में सनातन धर्म के प्रति जागृति लाने का तरीका भी है ।उन्होंने कहा कि रामराज लाना हो तो कर्ज माफी नहीं बल्कि कर्ज लेना ही न पड़े ऐसा वातावरण बनाना पड़ेगा ।शास्त्री जी ने कहा कि जब कोई व्यक्ति सात्विक मन से ईश्वर को पाने की चेष्टा करता है तो शुकदेव जैसे ज्ञानी का प्रदार्पण होता है।

रानीगांव में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और होली मिलन समारोह संपन्न

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत रानीगांव और समस्त स्व-सहायता समूह अंजनी, रानीगांव, सारंगपुरी के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मानस मंच, अंजनी में आयोजित हुआ, जहाँ क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी दर्ज कराई। इस भव्य कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी उपस्थित हुईं। उन्होंने अपने संबोधन में महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी द्वारा महतारी वंदन की 25वीं किस्त मिलने पर बधाइयाँ भी दी।

प्रथम पेज का शेष

एलपीजी सिलेंडर की स्ट्राइक...

तरफ से अब तक होटल बंद रखने का कोई आधिकारिक फैसला नहीं लिया गया है। एसोसिएशन ने पत्र में कहा कि फूड इंडस्ट्री दिन-रात चलती है और ये अस्पतालों, आईटी पार्कों और कॉलेज हॉस्टलों के लिए खाने का मुख्य स्रोत है। ट्रेन यात्रियों और व्यापारिक यात्रियों को खाना उपलब्ध कराने में होटलों की बड़ी भूमिका है. सिलेंडर की सप्लाई रुकने से इन सभी सेवाओं में बाधा आएगी और आम जनता को भारी असुविधा होगी।

बेंगलुरु में कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद

बेंगलुरु में होटलों के एक एसोसिएशन ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद होने के बाद कामकाज पर असर पड़ने की चिंता जताते हुए एसओएस जारी किया है। पिछले शनिवार को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में इजाफा होने से घरेलू सिलेंडर 60 रुपए और कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 115 रुपए का इजाफा हुआ था। यह कदम ईरान-इजरायल युद्ध और मिडिल ईस्ट में मुख्य एनर्जी शिपंग रूट में आई रुकावट के बीच उठाया गया है।

दुर्ग के बाद बलरामपुर में....

आशीष कुंजाम सहित पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। यहां अफीम के डोडे तैयार मिले, और डोडों में चीरा भी लगाया गया था। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि अफीम के डोडों से अफीम निकाला जा रहा था। पुलिस और प्रशासन की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है। इसमें शामिल लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

विनायक के भाई के अवैध...

तहसील न्यायालय से पहले ही बेदखली का आदेश जारी किया गया था, लेकिन काफी समय तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया। ग्राम पंचायत के सरपंच ने भी इस अतिक्रमण की शिकायत प्रशासन को दी थी। जिला प्रशासन द्वारा बेदखली वारंट जारी होने के बाद आखिरकार आज राजस्व अमले ने बुलडोजर से अवैध निर्माण को हटाते हुए दुकान को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।''

मालखाने में सुरक्षित है जब्त पौधे, फर्नेस में जलाकर नष्ट करने की तैयारी

इससे पहले ग्राम समोदा में अफीम की खेती के मामले में प्रशासन ने खेत में खड़ी पूरी फसल की कटाई की। जिला प्रशासन और पुलिस की निगरानी में महिला मजदूरों ने अफीम के पौधों को काटकर एकत्र किया। इन पौधों को चार ट्रैक्टरों में भरकर सेंट्रलाइज्ड मालखाना भेज दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जब्त किए गए पौधों को फिलहाल सुरक्षित रखा गया है। इनके नष्टीकरण के लिए पर्यावरण विभाग से अनुमति लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अनुमति मिलने के बाद अफीम के पौधों को भिलाई इस्पात संयंत्र या किसी औद्योगिक इकाई के फर्नेस में जलाकर नष्ट किया जाएगा।

लोकसभा स्पीकर के खिलाफ...

संसदीय इतिहास में भी इसे एक महत्वपूर्ण पल माना जा रहा है। आजादी के बाद यह केवल तीसरी बार है जब लोकसभा के स्पीकर को हटाने की मांग औपचारिक प्रस्ताव के जरिए सदन में लाई गई है, जिससे संसद के भीतर संवैधानिक बहस और राजनीतिक टकराव तेज हो गया है।

अमित शाह और गौरव गोगोई में टकरावः बहस के दौरान अध्यक्षता कर रहे जगदंबिका पाल की चेयर को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए, जिस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के बीच भी तीखी बहस हुई, जिससे सदन में राजनीतिक टकराव और तेज हो गया।

छत्तीसगढ़ में 20% बढ़ सकता...

लिए याचिका दायर की है। इस याचिका में बताया गया है कि प्रचलित दर से 26216 करोड़ का राजस्व मिलने की संभावना है। इसी के साथ साल भर का खर्च 25460 करोड़ बताया गया है। ऐसे में 756 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन इसी के साथ पिछले सत्रों की अंतर की राशि का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि, नए सत्र के फायदे को पुराने अंतर की राशि में कम करने के बाद भी 63 सौ करोड़ के राजस्व की और जरूरत होगी। नए सत्र में 26 सौ करोड़ का राजस्व मिलेगा, पुराना घाटा 63 सौ करोड़ है।

घाटे के हिसाब से बढ़ेगा टैरिफ

बिजली नियामक आयोग अब जनसुनवाई के बाद लेखा जोखा देख रहा है। आयोग तय करेगा कि वास्तव में कंपनी का कितना घाटा मान्य होगा। जानकारों के मुताबिक, अगर आयोग ने 63 सौ करोड़ के घाटे को पांच हजार करोड भी माना तो इसके कारण बिजली की कीमत 20 फीसदी तक बढ़ानी पड़ेगी। बीते साल पांच सौ करोड़ का घाटा मानने पर दो फीसदी दाम बढ़े थे।

कोविड-वैक्सीनेशन पर...

में कोविशील्ड की पहली खुराक लेने के बाद 2 महिलाओं की मौत हो गई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा ?

- मौजूदा व्यवस्था को देखते हुए टीकाकरण के बाद दुष्प्रभावों की जांच के लिए कोर्ट की तरफ से अलग समिति बनाने की जरूरत नहीं है।

- कोर्ट ने यह भी साफ किया है कि इस फैसले का मतलब यह नहीं है कि कोई व्यक्ति कानून का सहारा नहीं ले सकता है।

- कोर्ट ने कहा कि मुआवजा नीति बनाने का मतलब यह नहीं माना जाएगा कि भारत सरकार या किसी अन्य अथॉरिटी ने अपनी गलती या कानूनी जिम्मेदारी स्वीकार कर ली है।

आईसीएमआर का दावा- वैक्सीन से इसका संबंध नहीं

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) ने अपनी स्टडी में बताया कि देश में हार्ट अटैक से होने वाली अचानक मौतों का कोविड वैक्सीन से कोई सीधा संबंध नहीं है। यह स्टडी 18 से 45 साल के लोगों की अचानक मौत पर आधारित है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्टडी में कहा गया है कि भारत की कोविड वैक्सीन सेफ और इफेक्टिव है। इससे होने वाले गंभीर साइडइफेक्ट के मामले रेयर हैं।

कोवैक्सिन और कोवीशील्ड बनाई गई थी

स्टडी में बताया गया है कि अचानक हुई मौतों की अन्य वजहें हो सकती हैं। इनमें जेनेटिक्स, लाइफस्टाइल, पहले से मौजूद बीमारी और कोविड के बाद के कॉम्प्लिकेशन शामिल हैं। भारत में दो कोविड वैक्सीन विकसित हुई थीं। भारत बायोटेक ने आईसीएमआर के सहयोग से कोवैक्सिन का निर्माण किया था।

'धान खरीदी में कुप्रबंधन, सरकार...

चूहा कौन हैं? इसकी जॉच करने की जरूरत है। इतने बड़े भ्रष्टाचार को लेकर हमने सदन में स्थगन लाया है लेकिन सरकार ने गोलमोल जवाब दिया है, मंत्री के जवाब में मजबूरी है गलत जानकारी देते है और अधिकारियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। मंत्री पूरी तैयारी से आते नहीं है। अधिकारी सही जानकारी देते नहीं है। हमारी मांग है कि इसकी गंभीरता से जांच कराने की आवश्यकता है।

किसी भी समाज की प्रगति महिलाओं की भागीदारी के बिना संभव नहीं: कुलपति घोष

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चार दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय 'राइट, जस्टिस एंड एक्शन फॉर ऑल वुमन एंड गर्ल्स' रखा गया, जिसमें चार दिनों तक विभिन्न विद्वान वक्ताओं ने महिलाओं के अधिकार, समानता, सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष तथा सम-कुलपति डॉ जयति चटर्जी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। चार दिनों तक चली इस राष्ट्रीय कार्यशाला में छात्राओं एवं महिलाओं ने अपनी प्रतिभाओं की प्रस्तुति दी। साथ ही शिक्षा, अधिकार, नेतृत्व और सामाजिक भागीदारी जैसे विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। मुख्य अतिथि हर्षिता पांडे ने कहा कि महिलाओं को केवल अधिकारों की जानकारी ही नहीं, बल्कि उन्हें लागू कराने की क्षमता भी विकसित करनी होगी। शिक्षा और जागरूकता से ही समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव है। उन्होंने युवतियों को आत्मनिर्भर बनने और नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर दिन समानता और समता का होना चाहिए।

विश्वविद्यालय का प्रयास छात्राओं को सुरक्षित, समान और प्रेरणादायी वातावरण मिले

कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति महिलाओं की भागीदारी के बिना संभव नहीं है। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि छात्राओं को सुरक्षित, समान और प्रेरणादायी वातावरण मिले, जहाँ वे शिक्षा के साथ-साथ नेतृत्व और नवाचार की दिशा में भी आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है और यह लगातार बढ़ती जा रही है आज महिलाएं घर समाज के साथ पूरे देश में बराबरी के साथ खड़ी हैं । सम कुलपति डॉ. जयंती चटर्जी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक विषय नहीं बल्कि विकास की आधारशिला है। जब महिलाएँ शिक्षित, जागरूक और आत्मविश्वासी होती हैं तो पूरा समाज मजबूत बनता है। उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ आशिमा फ्रैंकलिन ने किया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ संगीता सिंह एवं डॉ मनीषा द्विवेदी रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं प्राध्यापक अधिकारी कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

बिजली बिल बकाया वसूली का लक्ष्य पूरा नहीं, 5 एई को नोटिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिजली विभाग द्वारा बकाया बिजली बिल की वसूली तेज करने चलाए जा रहे अभियान के बीच लक्ष्य पूरा नहीं कर पाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। ईडी एके अम्बस्थ ने लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं कर पाने पर 5 सहायक अभियंताओं (एई) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिन अधिकारियों को नोटिस दिया गया है उनमें गोलबाजार की एई प्रीता इक्का, मस्तूरी के तरुण कौशिक, रतनपुर के राजेन्द्र गौड़, पाली और सिरगिट्टी क्षेत्र के एई शामिल हैं। विभाग ने इन अधिकारियों से जल्द स्पष्टीकरण देने को कहा है। साथ ही उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में बिजली चोरी रोकने के लिए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

पुराने नस्तियों-अभिलेखों के विक्रय के लिए निविदा 16 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। महाधिवक्ता कार्यालय, बिलासपुर द्वारा कार्यालयीन नस्तियों एवं अभिलेखों को विनिष्ट कर विक्रय किए जाने के लिए सीमित निविदा आमंत्रित की गई है। जारी सूचना के अनुसार इच्छुक निविदाकार 16 मार्च की शाम 5 बजे तक अपनी निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा की शर्तों के अनुसार नस्तियों और अभिलेखों को विनिष्ट करने के लिए आवश्यक मशीन कार्यालय परिसर में स्थापित करनी होगी।यह निविदा महाधिवक्ता के आदेशानुसार जारी की गई है।

यादव समाज का होली मिलन आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। महिला एवं युवा यादव समाज बिलासपुर के तत्वावधान में 11 मार्च बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, एकता और पारंपरिक संस्कृति को बढ़ावा देना है। आयोजकों ने बताया कि होली मिलन समारोह में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी जाएंगी तथा समाज की एकता और संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की जाएगी।इस अवसर पर समाज के पदाधिकारीगण एवं प्रमुख सदस्य उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता, युवाओं की भागीदारी और समाज के विकास से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। महिला एवं युवा यादव समाज के महासचिव टीकाराम यादव ने सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

बिलासपुर संभाग के 8 जिलों की महिलाओं को राहत पहुंचाने सुनवाई

159 प्रकरण में हुई महा जन सुनवाई 28 प्रकरणों को किया नस्तीबद्ध

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक द्वारा राज्य की महिलाओं को त्वरित राहत पहुँचाने के उद्देश्य से एक वृहद और संवेदनशील निर्णय लिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोग द्वारा 10 मार्च को बिलासपुर संभाग के लिए महा जन-सुनवाई सप्ताह का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष, बिलासपुर में किया जा रहा है। आज बिलासपुर संभाग में 02 महा जन-सुनवाई व प्रदेश स्तर पर 377वी एवं जिला स्तर पर 22वीं सुनवाई हुई। जिसमें बिलासपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिले बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर चांपा, सक्ति, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ के कुल 159 प्रकरणों की एक साथ सुनवाई की गई।

इस महाजन-सुनवाई में बिलासपुर संभाग के जिला कोरबा के 29 में से 05 प्रकरण, जांजगीर-चाम्पा के 22 में से 04 प्रकरण सक्ती के 1 0 में से 0 1 प्रकरण रायगढ़ के 46 में से 05 प्रकरण तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़, के 13 में से 03, मुंगेली के 07 में से 03, जीपीएम 02, बिलासपुर के 19 में से 04 प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

पीड़िता को नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने के निर्देश

दोनो पक्ष उपस्थित आवेदिका ने तीनो अनावेदक के खिलाफ बलात्कार की शिकायत दर्ज कराया था उसके पश्चात पण्डापारा थाना जिला जशपुर में एफआईआर दर्ज हुआ और तीनो अनावेदक जेल में थे और उनका मामला न्यायालय में चल रहा है आवेदिका को जशपुर की संरक्षण अधिकारी को आवेदिका की सहयोग के लिए सुपुर्द किया गया कि वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से नि:शुल्क अधिवक्ता आवेदिका को दिलाये ताकि आवेदिका अनावेदकगणो के खिलाफ उचित पैरवी कर सके प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है। दोनो पक्ष उपस्थित पुलिस महानिरिक्षक सरगुजा की रिपोर्ट प्रस्तुत है जिसके अनुसार आवेदिका के साथ काई मानपिट नहीं की गई आवेदिका के उपर अनावेदक क्र0-01 के सोने के गहने चोरी की शिकायत पर थाना सुरजपुर पुलिस के द्वारा जॉच किया गया था उनके द्वारा आवेदिका का बयान का विडीयो दिखाया गया जिस पर आवेदिका का कथन है।

आरक्षित टिकट के अवैध व्यापार में संलिप्त 7 टिकट दलाल गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल सेवा आज के परिप्रेक्ष्य में भारत की लाइफलाइन के रूप में कार्य कर रही है। यह यात्रा का सरल एवं आरामदायक साधन होने के कारण प्रतिदिन लाखों यात्री रेलवे के माध्यम से एक राज्य से दूसरे राज्य तथा एक शहर से दूसरे शहर की यात्रा करते हैं। किंतु त्योहारी सीजन, गर्मी की छुट्टियों तथा वैवाहिक सीजन के दौरान यात्रियों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि होने से रेलवे टिकटों का अवैध व्यापार तथा कालाबाजारी करने वाले सक्रिय हो जाते हैं।

कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला - उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

//द्वितीय निविदा सूचना//

क्रमांक/आब./निविदा/2026/282 उ.ब. कांकेर, दिनांक 09/03/2026

सर्वसाधारण की विशेष जानकारी के लिए यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि **शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में संचालित को - लोकेटेड मदिरा दुकान में से देशी मदिरा दुकान कांकेर एवं देशी मदिरा दुकान अंतागढ़ को नवीन स्थल पर स्थानांतरण कर क्रमशः कम्पोजिट देशी मदिरा दुकान सरोना एवं कम्पोजिट देशी मदिरा दुकान आमाबेड़ा के लिए भवन उपयुक्त स्थल पर किराये पर लिये जाने हेतु पृथक-पृथक निविदा आमंत्रित की जाती है।** इच्छुक निविदाकार, निविदा शर्तों के अधीन तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के बंद लिफाफे, एक बड़े लिफाफे में रख कर बंद लिफाफा दिनांक 19/03/2026 को दोपहर 2.00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. जिला-उ.ब. कांकेर में जमा कर सकेगें। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। तकनीकी निविदा उसी दिन सायं 04:00 बजे निविदा मूल्यांकन हेतु गठित समिति के समक्ष खोला जावेगा।

निविदा के **नियम / शर्तो** की जानकारी एवं निविदा प्रपत्र, जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी. एल. जिला-उ.ब.कांकेर के पक्ष में कम्पोजिट देशी मदिरा दुकान सरोना एवं कम्पोजिट देशी मदिरा दुकान आमाबेड़ा के लिये भवन किराये पर लेने हेतु पृथक-पृथक देय राशि रू 1180/- (अक्षरी एक हजार एक सौ अस्सी रू.) (जी.एस.टी.सहित) का बैंक ड्राफ्ट (किसी भी राष्टीयकृत बैंक द्वारा जारी) जमा कर कार्यालयीन कार्यदिवस में कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. जिला-उ.ब. कांकेर से प्राप्त किया जा सकता है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जिला आबकारी अधिकारी
हेतु कलेक्टर
जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

जी- 252607097/2

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई
आकाश गंगा, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) 490023,
ई-मेल: Bhilai-nagar-nigam@cg.gov.in

// अंतिम आम-सूचना//

क्रमांक /सात/दो/भ.अ./2026/1318A भिलाई, दिनांक 25/02/2026

छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 292 एफ (2) के प्रावधानो के अधीन नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था के द्वारा जुनवानी क्षेत्र में विकसित स्मृति नगर कालोनी का प्रबंध अधिग्रहित किये जाने के प्रस्ताव की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तथा अंतिम सार्वजनिक सूचना क्रमशः दिनांक 15.10.2025, 26.11.2025 एवं 15.12.2025 को 02 (दो) स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कर प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर आपत्तियां आमंत्रित की गई थी। जिसके अनुक्रम में प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई दिनांक 12.01.2026 एवं 25. 01.2026 को की गई है। प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई हेतु अंतिम आम-सूचना एतदद्वारा जारी की जा रही है। संबंधित आपत्तिकर्ता दिनांक 11.03.2026 को कार्यालयीन समयावधि में सभाकक्ष, नगर पालिक निगम भिलाई में स्वतः या प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

सूचना जाने।

आयुक्त
नगर पालिक निगम भिलाई

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email ID - rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **24286** दिनांक **03.02.2026**
वार्ड का नाम- **56- ले. अरविंद दीक्षित वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **56** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR446F00644** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **NAVKAR ASSOCIATES** पिता / पति श्री/ श्रीमती **S/O LATE SHRI UMEDCHAND GOLECHA** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **CHETAN GANESH VINCHURKAR** पिता /पति श्री/श्रीमती **GANESH VINCHURKAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्री विवेकानंद दुबे
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 2)
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **28689** दिनांक **05.03.2026**
वार्ड का नाम- **26- दानवीर भामाशाह वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **26** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR111C00368** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **KU. PUSPALATA GEORGE USHA GEORGE** पिता / पति श्री/ श्रीमती **P. GEORGE** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **JYOTI GEORGE** पिता /पति श्री/श्रीमती **SW. P. GEORGE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्री संतोष पांडेय
(जोन कमिश्नर)
जोन (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

राइट्स लिमिटेड
(भारत सरकार का प्रतिष्ठान)
शिखर, प्लॉट नं. 1, सेक्टर-29, गुड़गांव-122001
सीआईएन नं. एल74899डीएल1974जीओआई007227

निम्नलिखित पद/विषयों के लिए केवल साक्षात्कार के माध्यम से पेशेवरों की आवश्यकता है।

बीसी सं.	व्यक्तिगत सलाहकार(आईसी) पद एवं अनुशासन	[illegible]	सेवाओं के लिए भुगतान (₹ में प्रतिमाह)	चयन प्रक्रिया अस्थायी कार्यक्रम
YP/06/26	निर्माण प्रबंधक-एचबीएसी	01	75,000/-	दिनांक: 25-26 मार्च, 2026 विधि: ऑनलाईन/ऑफलाईन व्यक्तिगत रूप से (आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 मार्च 2026 को अपरांह्न 03:00 बजे तक
YP/07/26	प्रबंधक-क्वालिटी कंट्रोल	01	75,000/-	
YP/08/26	प्रबंधक-एचएसई/सुरक्षा	01	75,000/-	
YP/09/26	वरिष्ठ अभियंता-सिविल	01	75,000/-	
YP/10/26	वरिष्ठ अभियंता-विद्युत	01	75,000/-	
YP/11/26	वरिष्ठ अभियंता-मैकेनिकल	01	75,000/-	
YP/12/26	वरिष्ठ अभियंता-एचबीएसी	01	75,000/-	
YP/13/26	बिलिंग अभियंता	01	50,000/-	
YP/23-R1/25	वरिष्ठ प्रबंधक (एसएचई)	01	आवेदन करने की अंतिम तिथि-25.03.2026	

संपूर्ण जानकारी के लिए उम्मीदवार राइट्स वेबसाइट **www.rites.com** पर **Career Section** के अधीन प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन देख सकते हैं।

आम सूचना

मेसर्स परफेक्ट वायर, प्रोप.-श्री अनमोल एक्का, पिता श्री रंजित एक्का, निवासी-मेन रोड, झिंगो, जिला-बलरामपुर (छ0ग0) 497118 को सीएसआईडीसी लिमिटेड द्वारा औद्योगिक क्षेत्र-मेटल पार्क फेस-2, जिला-रायपुर (छ0ग0) में भूखण्ड क्रमांक 115, रकबा 1161.45 वर्गमीटर (0.116 हेक्टे.) भूमि का आबंटन किया जाकर पट्टाभिलेख दिनांक 16/03/2018 को किया गया।

इकाई द्वारा निष्पादित पट्टाविलेख की कंडिकाओं का उल्लंघन करने के कारण भूमि निरस्तीकरण आदेश क्रमांक जिव्याउके-रा/भू.आ./2025/70, दिनांक 31/01/2025 द्वारा भूमि आबंटन आदेश एवं पट्टाभिलेख निरस्त किया गया था। निरस्तीकरण आदेश के विरूद्ध इकाई द्वारा कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है।

पत्र क्रमांक सीएसआईडीसी / भू.आ./2025/2601 दिनांक 20/06/2025 के द्वारा **"छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-2015" (यथा-संशोधित)** में प्रावधानित नियमानुसार उक्त भूखड पर निर्मित परिसम्पत्तियों को **01 माह** के भीतर हटाकर निरस्त भूखण्ड का आधिपत्य कार्यालय को सौपने हेतु जारी किया गया है, जिसमें नियमानुसार एकपक्षीय आधार पर पंचनामा बनाकर भूखण्ड का आधिपत्य प्राप्त करने की कार्यवाही की जावेगी का लेख किया गया था।

अतः **"छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-2015" (यथा-संशोधित)** प्रावधानित नियमानुसार पूर्व में जारी भूमि-निरस्तीकरण आदेश को प्रभावशील मानते हुये भूमि का आधिपत्य पंचनामा के माध्यम से प्राप्त किये जाने की कार्यवाही की जा रही है, यदि पंचनामा कार्यवाही पर किसी व्यक्ति/कार्यालय/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के **07 दिवस** के भीतर लिखित में मय अभिलेखों में अधोहस्ताक्षकर्ता के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए भूमि का आधिपत्य प्राप्त कर लिया जाएगा एवं इस संबंध में कोई दावा स्वीकार योग्य नहीं होगा ।

(ए.एच. यजदानी)
मुख्य महाप्रबंधक (भू-आबंटन)
सी.एस.आई.डी.सी.

संवाद- 47150/1

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email ID - rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **29113** दिनांक **06.03.2026**
वार्ड का नाम- **52- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **52** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR446J00053** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **CHANNU LAL THAKUR** पिता / पति श्री/ श्रीमती **B. L. THAKUR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **KRISHAN SINGH RAJPUT** पिता /पति श्री/श्रीमती **HARI SINGH RAJPUT** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्री विवेकानंद दुबे
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)(Successor Company of CSEB) CIN U40108CT2003SGC015822
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (ST:RE) GUDHIYARI, RAIPUR E mail ID- ce.stre@cseb.gov.in

No.02-08/MT/2025-26/Tr No.-2903 to T-2906/ 7500 /Raipur Dt- 06.03.2026

First (1st) Extension Notice

The due date of submission of E-bid for the following tenders are here by extended up to 12.03.2026. the revised schedule is as under:-

Sr. No.	Tender No / Rfx no.	Name of work	Tender amount (excl. GST) (in Lacs.)	Eligible class for bidding	Time & Due date of submission
1	Tr.no 2903 RFx-8100049515	Electrification at Village - **MALIKACHHAR**, Under - Kartala D/C under (O&M) Dn. Korba, under DMF fund (070).	₹84.93	Class I,II,III & IIIA	12.00 noon 12.03.2026
2	Tr.no 2904 RFx-8100049516	Electrification at Village - **Balsendha**, Under - Kartala D/C under (O&M) Dn. Korba, under DMF fund (070).	₹83.97	Class I,II,III & IIIA	12.00 noon 12.03.2026
3	Tr.no 2905 RFx-8100049517	External Electrification of Chilbahari basahat at Village - **BUDBUD**, Under - Pali D/C under (O&M) Dn. Katghora, under DMF fund (070).	₹31.04	Class I,II,III & IIIA	12.00 noon 12.03.2026
4	Tr.no 2906 RFx-8100049518	Electrification of Majratola Khartiya, Rapapara, Bakratola & Gangihar of UE Village - **NANDMALI**, Under - Darima D/C under (O&M) Dn. Ambikapur, under MMMTVY (051).	₹31.96	Class I,II,III & IIIA	12.00 noon 12.03.2026

SAVE ELECTRICITY S - 47138/3

Chief Engineer (PROJECT)
CSPDCL: RAIPUR

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर
जोन क्रमांक-09
मोवा थाना के पीछे स्थित सामुदायिक भवन

क्र./918/न.पा.नि/जोन क्र. 09/2026 रायपुर, दिनांक 09.03.2026

।। प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायपुर के जोन क्रमांक-9 में निम्न कार्य हेतु सीलंबद निविदा नियमानुसार तीन लिफाफा पद्धति से दिनांक 24.03.2026 को संध्या 5.30 तक निविदायें रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्र. 09 में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए दिनांक 16.03.2026 को संध्या 5:00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा कर सकेगें। दिनांक 17.03.2026 को संध्या 5.00 बजे तक निविदा प्रपत्र जारी होगें। प्राप्त निविदायें अगले कार्यदिवस को अपरान्ह 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी।

क्र.	मद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित व्यय (रूपये में)	अमानती राशि (रूपये में)	निविदा प्रपत्र मूल्य	निविदा प्रपत्र प्रारूप	समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी	एस.ओ.आर. दर
1	संधारण मद	जोन क्रमांक 9 अंतर्गत जल विभाग में हैण्डपंपों के लिए आवश्यक सामग्री क्रय करने का कार्य	399786.00	4000.00	750.00	B	04 माह	कार्य के अनुभवी फर्म एवं संस्था	नान एस.ओ. आर. आईटम
2	संधारण मद	जोन क्रमांक 9 अंतर्गत जल विभाग में पावर पंपों के लिए सबमर्सिबल मोटर पंप क्रय करने का कार्य	387984.00	4000.00	750.00	B	04 माह	कार्य के अनुभवी फर्म एवं संस्था	नान एस.ओ. आर. आईटम
3	नल/बल्क मद	जोन क्रमांक 9 अंतर्गत जल विभाग में पावर पंपों के लिए विद्युत सामग्री क्रय	395335.00	4000.00	750.00	B	04 माह	कार्य के अनुभवी फर्म एवं संस्था	नान एस.ओ. आर. आईटम

नोट- 1. कार्य से संबंधित जानकारी एवं शर्ते कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक-09 से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा संबंधी जानकारी नगर निगम पोर्टल से भी प्राप्त की जा सकती है।
2. लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. व शपथ पत्र एवं चाही गई समस्त दस्तावेज।
3. लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।
4. (अ) + (ब) एक अन्य तीसरे लिफाफे (स) में भरकर ही स्पीड पोस्ट के द्वारा प्राप्त किया जावेगा।
5. सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात् लिफाफा (अ) खोला जावेगा, जिसमें अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगी तथा लिफाफे में "अ" "ब" एवं "स" अंकित होना अनिवार्य है।
6. निविदा में उल्लेखित उपरोक्त दिनांक में शासकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यालयीन दिवस में कार्यवाही किया जावेगा।
7. कार्य की राशि का 15 प्रतिशत बैंक साल्वेंशी, अंतिम 03 वर्ष का आई.टी.आर., पेनकार्ड, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन, जी.एस.टी. रिटर्न (अंतिम तीन माह), अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं शपथपत्र (रु. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पेपर के साथ) प्रेषित करना अनिवार्य होगा।
8. 03 वर्ष के आयकर की बाध्यता नये फर्मों के लिए बंधनकारी नहीं होगी। तीन लिफाफा पद्धति में लिफाफा नहीं देने पर निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। ठेकेदारों को फार्म में दिये गये शर्त अनुसार कार्य किया जाना अनिवार्य होगा।
9. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम, रायपुर के पास सुरक्षित है।
10. ठेकेदारों को फार्म में दिये गये शर्तों के अनुसार कार्य किया जाना अनिवार्य होगा।
11. शासकीय अवकाश या आकस्मिक अवकाश की स्थिति में तिथि एवं समय में परिवर्तन का अधिकार जोन आयुक्त के पास सुरक्षित होगा।
12. कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम व शर्ते प्राक्कलन एवं स्थल का अवलोकन निविदा हेतु आवेदन प्रेषित करने के पूर्व कर लिया जावे जिससे अंतिम समय में कोई विवाद न हो।

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 09
नगर पालिक निगम, रायपुर

‘प्रोजेक्ट धड़कन’ की वजह से बेटी का समय पर हुआ इलाज, परिवार ने मुख्यमंत्री साय और प्रशासन का जताया आभार

11 साल की पीहू को मिली गंभीर बीमारी से मुक्ति, हुई सफल सर्जरी

■ ‘प्रोजेक्ट छांव’ के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में दिल की बीमारी से जूझ रही 11 साल की पीहू के जीवन में अब फिर से खुशियां लौट आई हैं। छठवीं कक्षा में पढ़ने वाली पीहू पहले अपनी बीमारी के कारण खेल-कूद और सामान्य गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पाती थी। लेकिन जिला प्रशासन रायपुर की पहल ‘प्रोजेक्ट धड़कन’ ने समय पर जांच और इलाज उपलब्ध कराकर उसे नया जीवन मिल गया।

दरअसल, पुलिस विभाग के कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए आयोजित ‘प्रोजेक्ट छांव’ के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया था। इसी शिविर में ‘प्रोजेक्ट धड़कन’ की विशेषज्ञ टीम ने पीहू के हृदय की जांच की, जिसमें हृदय संबंधी समस्या का पता चला। इसके बाद डॉक्टरों ने उसे आगे के उपचार के लिए नवा रायपुर स्थित सत्य साई हॉस्पिटल भेजने की सलाह दी।

एक सप्ताह के भीतर सफल ऑपरेशन

अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने पीहू की विस्तृत जांच की और एक सप्ताह के भीतर उसका सफल ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद पीहू को स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। समय पर इलाज मिलने से उसकी सेहत में तेजी से सुधार हुआ और अब वह पूरी तरह स्वस्थ है। आज पीहू फिर से अपनी पढ़ाई-लिखाई में मन लगा रही है और बहनों व दादी के साथ कैरम जैसे खेलों का आनंद भी ले रही है। पीहू की माता इंद्राणी कारके ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन रायपुर का आभार जताते हुए कहा कि ‘प्रोजेक्ट धड़कन’ की वजह से उनकी बेटी का समय पर इलाज हो सका और अब वह सामान्य जीवन जी पा रही है।

न्यूज गैलरी

सरकार से ना रुपया संभल रहा है ना देश की अर्थव्यवस्था : दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। डॉलर के मुकाबले रुपए की लगातार गिरावट, मुद्रास्फीति और अर्थव्यवस्था की हालत के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि गलत आर्थिक नीतियों और वित्तीय कुप्रबंधन के कारण ही रुपया तेजी से कमजोर हो रहा है, यह सरकार हर मोर्चे पर असफल हो चुकी है अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया लगातार टूट रहा है, मोदी राज में रूपये के अवमूल्यन के मामले में एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा में शामिल हो गया है, लेकिन असहाय सरकार ठोस उपाय के बजाय केवल कुतर्क कर रही है। जनवरी 2014 में एक डॉलर 65 रुपए का था, जो अब 92 रूपया 26 पैसा पहुंच गया है, अर्थात मोदी राज के 11 साल में डॉलर के मुकाबले रुपया 45 प्रतिशत टूट चुका है, आर्थिक नाकामी का डंका बज रहा है। भाजपा की सरकार एपीस्टील फाइल में नाम आने के चलते ट्रम्प के आगे नतमस्तक दिख रही है। विदेश व्यापार में भारत कब, किससे, कितना खरीदी करेगा यह भी अमेरिका तय करने लगा है। रूपये के अवमूल्यन से विदेशी निवेशकों का भरोसा कम हो रहा है, व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है। तेल, कच्चा माल, इलेक्ट्रॉनिक्स और मशीनरी के आयात में अधिक कीमत चुकाना पड़ रहा है। मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन, व्यापार असंतुलन अर्थात निर्यात में कमी, आयात पर अधिक निर्भरता और अस्थिर पूंजी प्रवाह रुपए के कारण ही रुपया तेजी से कमजोर हो रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था संभालने के मामले में भाजपा की सरकार पूरी तरह नाकाम रही है। घरेलू बचत ऐतिहासिक तौर पर न्यूनतम स्तर पर आ चुकी है, देश पर कुल कर्ज का भार 2014 की तुलना में तीन गुना बढ़ चुका है, चंद पूंजीपति मित्रों की आय तेजी से बढ़ रही है, देश के संसाधन केवल उन्हीं पर लुटाया जा रहा है, 80 करोड़ आम जनता को गरीबी रेखा से नीचे लाकर 5 किलो राशन की लाइन में खड़ा कर दिया गया है, असमानता बढ़ रहा है, पूंजीपतियों के एनपीए बढ़ रहे, उनके कर्ज माफकर रही है सरकार पिछले 5 वर्षों में ही अमीरों के लाखों करोड़ माफकिए गए, जनता बेरोजगारी और महंगाई से मर रही है लेकिन यह सरकार कॉर्पोरेट परस्त नीतियों से बाहर ही नहीं आ पा रही है।

ढोल-नगाड़ों के साथ राज्यसभा सांसद का भव्य स्वागत

भाजपा जिला कार्यालय एकात्म परिसर में कार्यकर्ताओं ने गजमाला पहनाकर किया अभिनंदन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से भारतीय जनता पार्टी की नव निर्वाचित राज्यसभा सदस्य श्रीमती लक्ष्मी वर्मा के प्रथम जिला कार्यालय आगमन पर आज भाजपा जिला कार्यालय एकात्म परिसर में कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भाजपा रायपुर शहर जिला एवं ग्रामीण जिला के संयुक्त तत्वावधान में गोविंद सारंग सभागार में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने लक्ष्मी वर्मा के राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनका चयन संगठन के समर्पित कार्यकर्ता के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने स्मरण करते हुए बताया कि वर्ष 1994 में वे और लक्ष्मी वर्मा जी पहली बार रायपुर नगर निगम में पार्षद के रूप में एक साथ निर्वाचित हुए थे। उन्होंने कहा कि लक्ष्मी वर्मा का राजनीतिक जीवन संगठन के प्रति समर्पण, मेहनत और जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। अपने उद्बोधन में राज्यसभा सदस्य श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने पार्टी के केंद्रीय एवं प्रांतीय नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के स्नेह और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के साथ मिलकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य करेंगी तथा 2047 तक आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूर्ण करने में अपनी भूमिका निभाने का प्रयास करेंगी। कार्यक्रम में भाजपा रायपुर शहर एवं ग्रामीण जिला की ओर से नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा का गजमाला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री गुंजन प्रजापति ने किया और आभार ग्रामीण जिला महामंत्री संतोष शुक्ला ने किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, सीआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, एपेक्स बैंक अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता, छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन, अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, अमित साहू, अशोक पाण्डेय, सुभाष तिवारी, हर्षिता पांडेय, राहुल टिकरिया, सुरेन्द्र पाटनी, अमित मैशरी, सुभाष अग्रवाल,अकबर अली, संतोष शुक्ला, ललिता वर्मा, विभा अवस्थी, सरला केसरिया, जितेंद्र धुरंधर, चंद्रकांति वर्मा सहित जिला,मंडल एवं मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

छत्तीसगढ़ में सड़क हादसों में एक साल में 6,728 मौतें

■ 2025 में 15,318 रोड एक्सीडेंट, नक्सल प्रभावित इलाकों में भी बढ़ीं दुर्घटनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सड़क हादसों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। हर साल हजारों लोग सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवा रहे हैं। ताजा सरकारी आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में हादसों की संख्या बढ़ी है, कई जिलों में मौतों का आंकड़ा भी बढ़ा है। जिन इलाकों को कभी नक्सल हिंसा के लिए जाना जाता था, वहां अब सड़क हादसे भी बड़ी वजह बनते जा रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, साल 2024 में छत्तीसगढ़ में कुल 14,857 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई थी। जो कि साल 2025 में बढ़कर 15,318 हो गई। यानी एक साल में 461 हादसों की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हादसों के साथ घायलों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। 2024 में 12,484 और 2025 में 13,135 घायल हुए हैं।

नशे में ड्राइविंग और ओवरस्पीडिंग हादसों की बड़ी वजह

सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश में बढ़ते सड़क हादसों के पीछे कई गंभीर कारण हैं। इनमें सड़क इंजीनियरिंग की खामियां और ट्रैफिक नियमों के पालन में कमी प्रमुख हैं। इसके अलावा प्रमुख चौक-चौराहों और हाईवे पर स्पीड गन और सीसीटीवी कैमरों की मदद से तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। त्योहारों, छुट्टियों और वीकेंड के दौरान पुलिस की पेट्रोलिंग भी बढ़ाई जाती है, ताकि हादसों की संभावना कम हो सके।

पुलिस स्कूलों, कॉलेजों और बाजार क्षेत्रों में यातायात जागरूकता अभियान भी चला रही है, जिसमें लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के नियमों के बारे में बताया जाता है। पुलिस के अनुसार, सड़क हादसों के पीछे कई कारण होते हैं, लेकिन नशे में वाहन चलाना एक बड़ी वजह है। इसके अलावा ओवरस्पीडिंग, हेलमेट या सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करना, गलत दिशा में वाहन चलाना और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन भी दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में शामिल हैं।

कई जिलों में मौतों का आंकड़ा बढ़ा

प्रदेश के कई जिलों में सड़क हादसों में मौतों की संख्या बढ़ी है। कुछ जिलों में स्थिति ज्यादा चिंताजनक हो गई है।

महासमुंद : मौतें 16 प्रतिशत बढ़ीं
कबीरधाम : मौतें 32 प्रतिशत बढ़ीं
कांकेर : मौतें 11 प्रतिशत बढ़ीं
सुकमा : मौतें 54 प्रतिशत बढ़ीं

दंतेवाड़ा में सड़क हादसों में घायल होने वालों की संख्या 115 प्रतिशत तक बढ़ गई। यानी जिन क्षेत्रों को लंबे समय तक नक्सल हिंसा के लिए जाना जाता था, वहां अब सड़क हादसे भी लोगों की जान ले रहे हैं।

स्पीड गन, सीसीटीवी और बढ़ी पेट्रोलिंग से रखी जा रही निगरानी

सड़क हादसों में कमी लाने के लिए पुलिस लगातार अलग-अलग स्तर पर अभियान चला रही है। ट्रैफिक पुलिस की ओर से नियमित चेकिंग ड्राइव, स्पीड मॉनिटरिंग, ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई और ब्लैक स्पॉट पर विशेष निगरानी की जा रही है।

मौतों में मामूली कमी, संख्या अब भी बड़ी

मौतों के आंकड़ों पर नजर डालें तो साल 2024 में 6,945 लोगों की सड़क हादसों में मौत हुई थी। साल 2025 में 6,728 लोगों की जान गई।

मुख्य कारण

- कई हाईवे और सड़कों पर अंधे मोड़
- संकेतक बोर्ड की कमी
- गड्ढों से भरी सड़कें
- खराब मेंटेनेंस

कम्प्यूटर कोचिंग से सँवार प्रियंका का भविष्य

■ प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना से साकार हुआ सपना

रायपुर/नवप्रदेश। कम्प्यूटर कोचिंग के माध्यम से आज के डिजिटल युग में अपने भविष्य को सँवारना एक अत्यंत व्यावहारिक निर्णय है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, साइबर सुरक्षा और सॉफ्टवेयर विकास जैसे क्षेत्रों में उच्च-वेतन वाली नौकरियों के द्वार खोलता है। बस्तर जिले के जगदलपुर विकासखंड अंतर्गत पंडरीपानी निवासी युवती प्रियंका मंडल ने अपने आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के बल पर न केवल आत्मनिर्भर बनने का उदाहरण प्रस्तुत किया है, बल्कि क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी हैं। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना का लाभ लेकर उन्होंने अपना कम्प्यूटर कोचिंग सेंटर स्थापित किया है। प्रियंका मंडल के परिवार में माता-पिता तथा भाई-भाभी सहित कुल 5 सदस्य हैं। प्रियंका की शैक्षणिक योग्यता स्नातकोत्तर है। प्रियंका बताती हैं कि पढ़ाई पूरी करने के बाद वे जीवन-यापन के लिए संविदा के रूप में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्य कर रही थीं। उन्हें शुरू से ही कम्प्यूटर के क्षेत्र में गहरी रुचि थी और वे कुछ अलग करने की महत्वाकांक्षा रखती थीं। प्रियंका ने देखा कि बस्तर के ग्रामीण क्षेत्रों के कई बच्चे कम्प्यूटर सीखना चाहते हैं, लेकिन दूर स्थित शहरों तक आने-जाने में होने वाली परेशानी और अधिक खर्च के कारण वे कम्प्यूटर शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। इस समस्या को देखते हुए प्रियंका ने ग्रामीण बच्चों को कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण कम्प्यूटर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कम्प्यूटर कोचिंग सेंटर खोलने का निर्णय लिया, लेकिन उनकी इस इच्छा में उनकी आर्थिक स्थिति आड़े आ रही थी। प्रियंका को अपने एक मित्र के माध्यम से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना की जानकारी मिली। उन्होंने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से संपर्क कर योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दस्तावेज जमा कर ऋण के लिए आवेदन किया। योजना के तहत उनका ÷कम्प्यूटर कोचिंग सेंटर÷ संबंधी प्रकरण भारतीय स्टेट बैंक पण्डरीपानी शाखा को प्रेषित किया गया। बैंक द्वारा 20 जून 2025 को उन्हें 7 लाख रुपये का ऋण प्रदाय किया गया। प्रियंका ने बताया कि आज उनके कम्प्यूटर कोचिंग सेंटर को संचालित हुए लगभग 9 माह हो चुके हैं।

होली मिलन के साथ राम रक्षा स्तोत्र

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति की ओर से प्रत्येक शनिवार को होने वाला राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ का उत्साह इस सप्ताह भी यथावत रहा। दोपहर 2:00 बजे सियान गुड़ी में ‘सहयोग’ संस्था के साथ होली मिलन और शाम को महाराष्ट्र मंडल के होली मिलन कार्यक्रम में भी सभी सदस्यों ने रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का एक साथ पाठ किया। समन्वयक आस्था काले ने बताया कि होली मिलन के दौरान हुए राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा पाठ के साथ सड्डू-मोवा केंद्र के सदस्यों ने केंद्र की सदस्य मृणालिनी सुरावधनीवार के निवास पर पाठ किया।

नन्हें कृष्ण की होली में हुई हंसी-ठिठोली

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के शंकर नगर केंद्र की महिलाओं ने बाल वाचनालय में होली मिलन का रंगारंग जोशीला आयोजन किया। होली के मनमोहक गीतों की प्रस्तुति के साथ नन्हें कृष्ण को लेकर मराठी में होली उत्सव गीत ÷किती सांगु मी सांगु कुणला÷ की लयबद्ध प्रस्तुति से सभी मंत्रमुग्ध हुए। शंकर नगर केंद्र की संयोजिका मधुरा भागवत ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा पाठ के साथ की गई। इससे वातावरण पूरा भक्तिमय हो गया। दीप प्रज्वलन के साथ अनुभा काले और ग्रुप ने सुमधुर सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। उसके बाद सप्तरंगी होली ग्रुप ने होली में रंगों का महत्व बताया। प्रतिमा ठाकुर ने होली और उसकी प्रथा से संबंधित पौराणिक लेकिन ज्ञानवर्धक जानकारी दी। अनुभा काले ने ‘होलियों में उड़े रे गुलाल...’ पर मनमोहक डांस प्रस्तुत किया।

प्रदेशभर में हो रहा नशे का कारोबार, सरकार लगाम लगाने में हो रही नाकामः सुशील आनंद शुक्ला

■ भाजपा का प्रभावशाली नेता अफीम की खेती कर रहा

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार नशे के कारोबार का संरक्षण बनी हुई है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि दुर्ग के समोदा में भाजपा नेता विनायक ताम्रकार द्वारा अफीम की खेती कराया जाना साबित करता है कि भाजपा सरकार नशे की कारोबार को बढ़ावा दे रही है। बिना सरकार के संरक्षण के यह संभव ही नही की कोई छत्तीसगढ़ जैसी राज्य में अफीम की खेती करने का साहस कर सके। पुलिस ने भाजपा नेताओं को तीसरे नंबर का आरोपी बनाया, इसका मतलब सरकार उसको बचाने की कोशिश में है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार और पुलिस की मिलीभगत के कारण ही प्रदेश के युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे है। पिछले दो साल में शराब, गांजा, अफीम, हिरोईन जैसे नशों के कारण प्रदेश की युवा पीढ़ी में नशे की लत महामारी का रूप ले चुकी है। चंद पैसों के लिए सत्तासीन लोग नशे के बढ़ते कारोबार को रोकने के बजाय संरक्षण दे रहे है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बड़ी संख्या में ड्रग्स पकड़ा गया तब दावा किया गया कि पाकिस्तान से ड्रग रायपुर तक आता था। इस ड्रग के कारोबार को संरक्षण कौन दे रहा था पाकिस्तान से छत्तीसगढ़ तक ड्रग कैसे पहुंच रहा था राज्य में ड्रग के कारोबार किसके संरक्षण में फला-फूला कांग्रेस की सरकार थी तब नशे के कारोबार को पूरी तरीके से समाप्त कर दिया गया था। दो साल में फिर से पूरा प्रदेश नशे की गिरफ्त में आ गया है।

कर्मचारियों के वेतन पैकेज के लिए समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के अंतर्राष्ट्रीय बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड के कर्मचारियों के वेतन पैकेज की पेशकश के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता ज्ञापन पर सीएसपीजीसीएल रायपुर के कार्यकारी निदेशक (वित्त) श्री संदीप मोदी और बैंक ऑफ़ बड़ौदा, रायपुर अंचल के महाप्रबंधक व अंचल प्रमुख श्री दिवाकर पी. सिंह ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीजीसीएल) के प्रबंध निदेशक श्री संजीव कुमार कटियार की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए । बैंक ऑफ़ बड़ौदा छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड के कर्मचारियों के लिए एक व्यक्तिगत वेतन पैकेज की पेशकश कर रहा है जिसमें 2.00 करोड़ रुपये तक का कुल दुर्घटना बीमा और 12.00 लाख रुपये तक का जीवन बीमा कवर शामिल है।

मौसम में बदलाव के बाद लगातार बढ़ते जा रहा तापमान

प्रदेश में 39 डिग्री पहुंचा तापमान, राजनांदगांव सबसे गर्म

■ सभी जिलों में दिन का टेम्प्रेचर सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा, 4 दिन यही स्थिति
■ अगले दो दिन भी मौसम रहेगा शुष्क

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में गर्मी बढ़ने लगी है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक ज्यादा चल रहा है। अगले चार दिनों तक तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा और गर्मी सामान्य से 2 से 3 डिग्री अधिक ही बनी रहने की संभावना है।

प्रदेश में फिलहाल मौसम पूरी तरह शुष्क बना हुआ है और कहीं भी बारिश दर्ज नहीं की गई है। सोमवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव में रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बिहार से मराठवाड़ा तक एक द्रोणिका (ट्रफ) बनी हुई है, जो झारखंड, छत्तीसगढ़ और विदर्भ से होकर गुजर रही है। हालांकि इस सिस्टम का प्रदेश में फिलहाल बारिश पर खास असर नहीं दिख रहा है, इसलिए मौसम ड्राई बना हुआ है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में फिलहाल कोई सिनोप्टिक सिस्टम सक्रिय नहीं है। इसी कारण अगले दो दिनों तक पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है। साथ ही कहीं भी बारिश या मौसम से जुड़ी कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

रायपुर में 2 दिन मौसम ड्राई

रायपुर शहर की बात करें तो 10 मार्च को हल्की धुंध रहने की संभावना है। यहां अधिकतम तापमान करीब 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान लगभग 23 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए भी प्रदेश में मौसम शुष्क रहने का ही पूर्वानुमान जारी किया है। फिलहाल किसी तरह की मौसम संबंधी चेतावनी जारी नहीं की गई है।

सिद्धबाबा जलाशय एवं टोहेमेटा एनीकट निर्माण के लिए 8.54 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा गरियाबंद जिले की दो सिंचाई योजना के लिए 8 करोड़ 54 लाख 71 हजार रुपए स्वीकृत किए गए है। स्वीकृत कार्यों में विकासखण्ड-छुरा की सिद्धबाबा जलाशय का निर्माण कार्य के लिए 4 करोड़ 98 लाख 35 हजार रुपये स्वीकृत किए है। प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने के उपरांत 350 हेक्टेयर खरीफ क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। इसी तरह से विकासखण्ड-मैनपुर की टोहेमेटा में एनीकट निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 56 लाख 36 हजार रूपए स्वीकृत किए है।

'अब कूटनीति की कोई संभावना नहीं बची', यूएस से बातचीत पर ईरानी विदेश मंत्री की दो टूक

तेहरान। पश्चिम एशिया में अमेरिका और इस्राइल की ओर से ईरान पर लगातार हमले और ईरान की जवाबी कार्रवाई से संघर्ष गहराता जा रहा है। बीते ग्यारह दिनों से इलाके में तनाव चरम पर है और ईरान की तरफसे खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलों से हमला जारी है। इस बीच शांति स्थापित करने के लिए कूटनीतिक रास्ते पर चर्चा की कोशिशें हुईं, लेकिन ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ फिर से वार्ता की संभावना को पूरी तरह खारिज कर दिया। उनका कहना है कि अमेरिका के साथ पिछली बातचीत में भरोसा टूट चुका है और बार-बार हुए हमलों के कारण अब कूटनीति की कोई संभावना नहीं बची। अराघची ने एक न्यूज चैनल से बातचीत के दौरान कहा

कि ईरान ने पिछले साल जून में अमेरिका के साथ वार्ता की थी, लेकिन बातचीत के बीच ही उन पर हमला हुआ।

इस साल भी अमेरिका ने दिया था बातचीत का आश्वासन: अराघची

अराघची ने आगे कहा कि इस साल भी अमेरिका ने आश्वासन दिया कि हमला नहीं होगा और परमाणु मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान निकाला जा सकेगा, लेकिन इसके बावजूद अमेरिका ने आक्रमण किया। उन्होंने कहा कि अब अमेरिका के साथ बातचीत उनकी प्राथमिकता में नहीं है। इस दौरान ईरान में हाल ही में नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के चयन को अराघची ने स्थिरता का संकेत बताया। उन्होंने कहा कि नए नेता की नीतियां धीरे-धीरे सामने आएंगी।

मिनाब स्कूल पर हमले के लिए अमेरिका को बताया जिम्मेदार

इंटरव्यू में अराघची ने मिनाब में लड़कियों के स्कूल पर हुए हमले में 170 से अधिक लोगों की मौत के लिए अमेरिका को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी मिसाइल से यह हमला हुआ था। इसके साथ ही ईरान के सैन्य जवाब को उन्होंने आत्मरक्षा बताया। उन्होंने कहा कि यह युद्ध उनके ऊपर थोप दिया गया है और ईरान केवल अपने लोगों और संसाधनों की रक्षा कर रहा है। उन्होंने दोहराया कि ईरान अपने मिसाइल हमलों को तब तक जारी रखेगा जब तक जरूरत होगी और जब तक अपने लोगों और देश की रक्षा जरूरी होगी।

तेल की बढ़ती कीमतों पर भी बोले अराघची

अराघची ने कहा कि अमेरिका और इस्राइल की त्वरित जीत की कोशिशें असफल रही हैं। उनका कहना था कि अमेरिका और इस्राइल सोच रहे थे कि कुछ दिनों में शासन परिवर्तन या तेज जीत हासिल कर लेंगे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। तेल की वैश्विक आपूर्ति और कीमतों में वृद्धि के लिए ईरान को दोष देने की बात पर अराघची ने कहा कि यह उनकी योजना नहीं है। तेल उत्पादन और परिवहन में बाधा अमेरिकी और इस्राइली हमलों के कारण हुई है। इसी वजह से होर्मुज जलसंधि में जहाज सुरक्षित नहीं महसूस कर रहे हैं।

न्यूज गैलरी

एनसीईआरटी ने आठवीं से न्यायपालिका पर विवादित अध्याय को हटाया

नई दिल्ली। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने हाल ही में कक्षा 8 की 'Exploring Society India and Beyond' नामक सामाजिक विज्ञान की नई पुस्तक को वापस लेने और विवादित अध्याय पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का निर्णय लिया है। यह फैसला एक विवाद के बाद लिया गया जिसमें पुस्तक के अध्याय 'The Role of Judiciary in Our Society'को लेकर गंभीर प्रतिक्रिया सामने आई थी। पुस्तक में शामिल चैप्टर IV में न्यायपालिका के समक्ष चुनौतियों जैसे भ्रष्टाचार, मामलों का भारी बैकलॉग, जजों की कमी और अन्य संवेदनशील मुद्दों का हवाला दिया गया था। न्यायपालिका पर इस तरह के विवरण ने कोर्ट की गरिमा से जुड़ी बहस को जन्म दिया और विवाद बढ़ गया। एनसीईआरटी ने प्रेस रिलीज में कहा है कि इस अध्याय में 'अनुचित टेक्स्चुअल कंटेंट और अनुमोदन में त्रुटि' शामिल हो गई थी, जो गलती से किताब में शामिल हो गया। परिषद ने कहा कि किसी भी संवैधानिक संस्थान की प्रतिष्ठा को घटाने का उनका कोई इरादा नहीं था और उन्होंने ईमानदारी से इस गलती के लिए माफी भी मांगी है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए कड़ी टिप्पणी की और कहा कि न्यायपालिका जैसी संवैधानिक संस्था की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला कोई भी कंटेंट स्वीकार्य नहीं है। कोर्ट ने किताब को वस्तुतः प्रतिबंधित कर दिया और सभी प्रतियों को वापस लेने का आदेश भी जारी किया। आगे की सुनवाई 11 मार्च को होने वाली है। एनसीईआरटी ने कहा, ÷हम हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हैं और सभी हितधारकों की समझदारी की सराहना करते हैं। यह फैसला उस समय लिया गया है जब स्कूल की किताबों और उनमें संवैधानिक संस्थाओं के चित्रण पर बढ़ती नजर रखी जा रही है। शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि एनसीईआरटी की किताबें पूरे भारत में केंद्रीय और राज्य सरकार से जुड़े स्कूलों में पढ़ाई जाती हैं, इसलिए किसी भी बदलाव या अध्याय हटाने का असर छात्रों और शिक्षकों दोनों पर पड़ता है।

बज़्म-ए-हबीब ने महिला दिवस पर महिलाओं को अवार्ड से सम्मानित किया

छपरा। साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था ÷बज़्म-ए-हबीब÷ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के सुअवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली देश के विभिन्न राज्यों की कुल सात महिलाओं को सम्मानित किया। इन महिलाओं को बज़्म-ए-हबीब साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था की समिति द्वारा चयनित कर "ज़ैनब जहाँ सम्मान - 2026" से अलंकृत किया गया। बज़्म-ए-हबीब के संस्थापक सचिव सह मशहूर शायर एवं साहित्यकार डॉ. ऐनुल बरौलवी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के अंबिकापुर की पूनम दूबे को लेखन के क्षेत्र में , बिहार राज्य के सारण ज़िला की तबस्सुम आरा को शिक्षा के क्षेत्र में, दिल्ली की सुल्ताना परवीन को समाज के क्षेत्र में , उत्तर प्रदेश के लखनऊ की डॉ. तसनीम फ़ातिमा को चिकित्सा के क्षेत्र में , महाराष्ट्र के मुम्बई की ज़ीनत एहसान कुरैशी को अभिनय के क्षेत्र में , उत्तर प्रदेश के अमरोहा की शाज़िया बशीर को पत्रकारिता के क्षेत्र में और गुजरात के वडोदरा की शर्मा चंचलिका को गायन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के कारण चयनित किया गया था। इन सभी महिलाओं द्वारा लेखन , शिक्षा , समाज , चिकित्सा , अभिनय , पत्रकारिता एवं गायन के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य करने के लिए "ज़ैनब जहाँ सम्मान -2026" से अलंकृत किया गया है। संस्था द्वारा सम्मानित सभी महिलाओं का अवार्ड ऑनलाइन ज़ारी किया गया है। संस्था सभी सम्मानित महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है। बज़्म-ए-हबीब की अध्यक्षा शाफ़िया हसन और संस्थापक सचिव डॉ ऐनुल बरौलवी सहित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सम्मानित महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएँ दिए हैं।

सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी, कहा- यूसीसी लागू करने का सही समय

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को समान नागरिक संहिता (UCC) पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि देश में अब इस विषय पर लंबित से विचार करने का समय आ गया है। हालांकि कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शरीयत कानून की धाराओं को रद्द करने जैसे संवेदनशील मुद्दे पर अंतिम फैसला लेना विधायिका का अधिकार क्षेत्र है।

मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने की, जिसमें जॉयमाल्या बागची और आर. महादेवन भी शामिल थे। पीठ 1937 के मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 की कुछ धाराओं को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें इन्हें मुस्लिम महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण बताया गया है।

मुस्लिम महिलाओं के लिए कही ये बात सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि यदि न्यायालय शरियत कानून के उत्तराधिकार संबंधी प्रावधानों को रद्द कर देता है, तो इससे एक कानूनी खालीपन पैदा हो सकता है, क्योंकि मुस्लिम उत्तराधिकार को नियंत्रित करने वाला कोई अन्य स्पष्ट कानून मौजूद नहीं है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण से कहा कि सुधार की जल्दबाजी में ऐसा कदम उठाना उचित नहीं होगा जिससे महिलाओं को वर्तमान से भी कम अधिकार मिल जाएं। उन्होंने पूछा कि यदि 1937 का शरियत कानून समाप्त हो जाता है तो उसके स्थान पर क्या व्यवस्था लागू होगी।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने भी कहा कि याचिका में भेदभाव का मुद्दा मजबूत है, लेकिन इस विषय पर निर्णय लेना संसद के लिए अधिक उपयुक्त होगा, क्योंकि संविधान के नीति-निर्देशक सिद्धांतों में समान नागरिक संहिता लागू करने का दायित्व विधायिका को दिया गया है।

भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम किया जा सकता है लागू

अदालत ने यह भी कहा कि पहले भी कई बार न्यायालय संसद से समान नागरिक संहिता लागू करने पर विचार करने की सिफारिश कर चुका है। पीठ के अनुसार, सामाजिक और व्यक्तिगत कानूनों में व्यापक सुधार के लिए विधायी प्रक्रिया ही सबसे उपयुक्त रास्ता है। इस दौरान अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दलील दी कि अदालत यह घोषणा कर सकती है कि मुस्लिम महिलाओं को पुरुषों के बराबर उत्तराधिकार अधिकार मिलना चाहिए। उनका तर्क था कि यदि शरियत कानून की विवादित धाराएं हटाई जाती हैं तो ऐसे मामलों में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम लागू किया जा सकता है।

आईटी नियम के फैसले की समीक्षा करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर फर्जी और भ्रामक सामग्री को नियंत्रित करने से जुड़े आईटी नियमों को रद्द करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दे दी है। हालांकि शीर्ष अदालत ने फिलहाल बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है।

मामले की सुनवाई तीन जजों की पीठ ने की, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के साथ न्यायमूर्ति आर. महादेवन और जॉयमाल्या बागची शामिल थे। पीठ ने इस मामले में मूल याचिकाकर्ताओं को नोटिस जारी किया है, जिनमें स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (EGI) और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगज़ीन्स जैसे संगठन शामिल हैं। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि इस पूरे विवाद का अंतिम समाधान जल्द होना बेहतर रहेगा। इसी वजह से कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर तुरंत रोक लगाने की मांग को स्वीकार नहीं किया। दरअसल, 26 सितंबर 2024 को बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया पर सरकार से जुड़े फर्जी या भ्रामक कंटेंट की पहचान और नियंत्रण के लिए बनाए गए संशोधित आईटी नियमों को रद्द कर दिया था। अदालत ने इन नियमों को असंवैधानिक बताते हुए उन्हें लागू करने पर रोक लगा दी थी। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने की मांग की। उनका तर्क था कि सरकार का उद्देश्य कंटेंट को पूरी तरह ब्लॉक करना नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली गलत जानकारी को नियंत्रित करना है। बताया गया कि ये संशोधन 6 अप्रैल 2023 को सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 के तहत लाए गए थे। इन नियमों के अनुसार फैक्ट चेक यूनिट (FCU) को सरकार से जुड़े किसी भी कथित फर्जी या भ्रामक कंटेंट की निगरानी और पहचान करने का अधिकार दिया गया था।

'न्यायिक अधिकारियों के काम में बाधा न हो', चुनाव आयोग को निर्देश

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम निर्देश जारी किए हैं। अदालत ने राज्य सरकार और चुनाव आयोग से कहा है कि न्यायिक अधिकारियों को अपना काम सुचारू रूप से करने के लिए उचित और निर्बाध परिस्थितियां उपलब्ध कराई जाएं। तीन जजों की पीठ, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस आर. महादेवन और जस्टिस जॉयमाल्या बागची शामिल थे, ने कहा कि स्क्रप्रक्रिया में तैनात न्यायिक अधिकारियों ने अब तक मतदाता सूची से हटाए जाने के खतरे का सामना कर रहे लोगों की 10.16 लाख आपत्तियों और दावों पर सुनवाई की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अपीलों की सुनवाई के लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की एक पीठ गठित कर सकते हैं। अदालत ने चुनाव आयोग को इस संबंध में अपीलीय प्राधिकरण बनाने के लिए अधिसूचना जारी करने का भी निर्देश दिया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट यह सुनवाई पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े कई याचिकाओं के समूह पर कर रहा था।

सुप्रीम कोर्ट ने दिए बंगाल सरकार को आदेश

❖ कोर्ट ने क्या-क्या दिए निर्देश?

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि SIR प्रक्रिया में कोई भी नया अनिवार्य कदम तब तक लागू न किया जाए, जब तक उसे कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की मंजूरी न मिल जाए। साथ ही अदालत ने निर्देश दिया कि चुनाव आयोग के पोर्टल में आने वाली तकनीकी दिक्कतों को तुरंत दूर किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि आगे ऐसी समस्याएं न हों। कोर्ट ने यह भी कहा कि न्यायिक अधिकारियों के लिए नए लॉग-इन आईडी जल्द बनाए जाएं, ताकि मतदाता सूची के संशोधन का काम बिना बाधा जारी रह सके। साथ ही स्पष्ट किया कि न्यायिक अधिकारियों के फैसलों की समीक्षा चुनाव आयोग के किसी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा नहीं की जा सकती।

अविश्वास प्रस्ताव व्यक्तिगत हमला नहीं सदन की मर्यादा बचाने के लिए संकल्प

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने मंगलवार को कहा कि विपक्ष को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर होना पड़ा, ताकि संविधान और संसदीय सदन की गरिमा को सुरक्षित रखा जा सके। गोगोई ने बिरला पर पक्षपातपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाते हुए कहा कि संसद में विपक्ष के नेता को अपने विचार रखने की अनुमति नहीं दी जा रही। असम के जोरहाट से सांसद गोगोई ने बताया कि फरवरी में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान विपक्ष के नेता को लगभग 20 बार रोका गया। उन्होंने कहा ÷स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया और जब वह महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात करने की कोशिश कर रहे थे, तो लगातार बाधा डाली गई। गोवोई ने उदाहरण देते हुए बताया कि राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एम.एम. नरवाने की अप्रकाशित किताब में उठाए गए राजनीतिक हस्तक्षेप और देश की नीति संबंधी मुद्दों पर बात करना चाहा, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली। इसी तरह, व्यापारिक सौदों और अमेरिका में चल रही जांच से जुड़े मुद्दों पर भी विपक्ष के नेता को बोलने से रोका गया। गोवोई ने यह भी सवाल उठाया कि जब सदन में स्पीकर की अनुपस्थिति में पैनल के सदस्य संचालन करते हैं, तो कौन तय करता है कि किसे अध्यक्षता करनी है।

स्पीकर का व्यवहार विपक्ष के प्रति पक्षपातपूर्ण

गोवोई ने बताया कि त्रुटिपूर्ण रूप से पक्षपातपूर्ण व्यवहार के कारण विपक्ष को यह कदम उठाना पड़ा। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के नबाम रेबिया बनाम डिप्टी स्पीकर के उदाहरण का हवाला देते हुए कहा कि स्पीकर को हमेशा उच्च स्तर की स्वतंत्रता, निष्पक्षता और अपराजेय निष्पक्षता के साथ कार्य करना चाहिए।

भारत ने पाइपलाइन के जरिए बांग्लादेश को भेजा 5000 टन डीजल

ढाका। पश्चिम एशिया में संघर्ष और वैश्विक ईंधन संकट के बीच भारत ने पड़ोसी बांग्लादेश के प्रति सहयोग का महत्वपूर्ण उदाहरण पेश किया है। इसके तहत भारत बांग्लादेश को आज 5,000 टन डीजल पाइपलाइन के माध्यम से भेजा जा रहा है, जो आपूर्ति समझौते के तहत छह महीने की जरूरतों का हिस्सा है। तेल को लेकर वैश्विक चिंताओं के बीच भारत का यह कदम न सिर्फ क्षेत्रीय ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करता है, बल्कि सहयोग और भरोसे की मिसाल भी पेश करता है। बता दें कि यह डीजल परबतिपुर सीमा के रास्ते बांग्लादेश में प्रवेश करेगा। यह जानकारी बांग्लादेश पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (बीपीसी) के चेयरमैन मुहम्मद रेजानुर रहमान ने दी। चेयरमैन रेजानुर रहमान ने एएनआई से बातचीत में बताया कि हमारा भारत के साथ एक समझौता है। इसके तहत भारत हर साल 1,80,000 टन डीजल बांग्लादेश को पाइपलाइन के माध्यम से भेजेगा। आज जो 5,000 टन डीजल आ रहा है, वह उसी समझौते का हिस्सा है। रहमान ने आगे कहा कि समझौते के अनुसार, हर छह महीने में कम से कम 90,000 टन डीजल आयात करना जरूरी है।

ईंधन की बिक्री वाहन की श्रेणी के अनुसार सीमित

गौरतलब है कि बांग्लादेश सरकार ने देश में ईंधन की बिक्री को वाहन की श्रेणी के अनुसार सीमित कर दिया है। बावजूद इसके, कई पेट्रोल पंपों पर नियमों से अधिक ईंधन बेचा जा रहा है, अतिरिक्त स्टॉक जमा किया जा रहा है और कभी-कभी खुले बाजार में बिक्री या तस्करी की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। इसको रोकने के लिए बांग्लादेश सरकार ने मोबाइल कोर्ट अभियान भी चलाया।

सैमसंग ने गैलेक्सी एम 17ई 5प्रतिशत पेश किया युवा यूजर्स के लिए एक ऑल-इन-वन स्मार्टफोन

गुरुग्राम। सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने आज अपने गैलेक?सी M17e 5G की सारी खूबियों की जानकारी दी है। यह फोन 17 मार्च को लॉन्च किया जाएगा। तेजी से बदलती डिजिटल जीवनशैली में युवा यूजर्स को ऐसे डिवाइस की जरूरत होती है जो उनके काम करने, संवाद करने और कंटेंट उपभोग करने के तरीके के साथ तालमेल बिठा सकें। गैलेक?सी M17e 5G एक शाानदार डिस्प्ले, भरोसेमंद बैटरी, कुशल प्रोसेसिंग, इनेबल्ड कैमरे और इंटेलिजेंट सॉफ्टवेयर को जोड़कर एक संपूर्ण स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करता है। गैलेक्सी रूसीरीज पहले से ही भारत में सैमसंग के सबसे



ज्यादा इस्तेमाल होने वाले स्मार्टफोन लाइन-अप में से एक है। गैलेक?सी रू17द्द 5त्र के साथ सैमसंग इस सीरीज को और विस्तार दे रहा है, जिसमें एक ऐसा डिवाइस है जो प्रमुख स्मार्टफोन फीचर्स में विश्वसनीय परफॉर्मेंस और रोजमर्रा की उपयोगिता प्रदान करता है। गैलेक्सी M17e 5G, जो वाइस वॉयलेट और ब्लिट्ज ब?लू कलर में उपलब्ध होगा, में 6.7 इंच का HD+ स्क्रीन है जिसमें 120॥5 रिफ्रेश रेट है। इससे ऐप्स, सोशल मीडिया और वेब ब्राउजिंग में स्क्रॉलिंग बेहद स्मूथ रहती है। डिस्प्ले में एडैप्टिव ब्राइटनेस के साथ हाई ब्रइटनेस मोड भी है, जो आसपास की रोशनी के आधार पर ब्राइटनेस को ऑटोमैटिक तरीके से एडजस्ट करता है, ताकि सीधी धूप में भी स्क्रीन साफ दिखाई दे। इस स्मार्टफोन में आधुनिक सौंदर्य और रोजमर्रा की व्यावहारिकता को सहजता से जोड़ा गया है, साथ ही इसमें मजबूत डिजाइन है। यह मात्र 8.2द्धद्ध पतला है और इसमें ग?लास फाइबर रेनफोर्स?ड पॉलीमर बैक है, साथ ही साइड में की आइलैंड डिजाइन है जो बटन्स तक आसानी से पहुंच प्रदान करता है। इसके अलावा, डिवाइस में IP54 वॉटर- और डस्ट-रेसिस्टेंस रेटिंग है।

एफआईएच वर्ल्ड कप क्वालिफायर में भारत-स्कॉटलैंड मुकाबला 2-2 से ड्रॉ

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को जीएमसी बालयोगी हॉकी ग्राउंड पर एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर में पूल-बी के अपने दूसरे मुकाबले में स्कॉटलैंड के खिलाफ2-2 से ड्रॉ खेला। इस ड्रॉ के साथ ही भारत और स्कॉटलैंड दोनों के ग्रुप में 4 प्वाइंट्स हो गए हैं। हालांकि, टूर्नामेंट में ज्यादा गोल करने के कारण भारतीय टीम ग्रुप में नंबर एक की पोजीशन पर बनी हुई है।

भारतीय टीम की ओर से नवनीत कौर ने मैच के 18वें मिनट में पहला गोल किया। वहीं, सुनीता टोप्पो ने मुकाबले के 29वें मिनट में दूसरा गोल दागा। स्कॉलैंड की ओर से हीथर मैकइवान (6वें मिनट) और

फियोना बर्नेट (33वें मिनट) ने गोल किया। मैच के शुरुआती पलों में दोनों टीमों ने धैर्य से पासिंग गेम खेला। भारतीय टीम इस मुकाबले में 3-4-3 फॉर्मेशन के साथ मैदान पर उतरी। मैच के शुरुआती कुछ मिनटों में भारतीय टीम मजबूत स्थिति में दिख रही थी। हालांकि, मैच के 6वें मिनट में स्कॉटलैंड के हाथ पेनल्टी कॉर्नर लगा, जिसका भरपूर फायदा हीथर मैकइवान ने उठाया। हीथर ने शानदार गोल करते हुए स्कॉटलैंड को मैच में 1-0 की बढ़त दिलाई।

भारत ने लगातार आगे बढ़कर जवाब दिया। लालरेम्सियामी ने भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर दिलाया, लेकिन उदिता का ड्रैग-फ्लिक गोल पोस्ट को मिस कर गया। भारत ने दबाव बनाए रखा और 14वें मिनट में दूसरा पेनल्टी कॉर्नर जीता, लेकिन ट्रैपिंग की गलती की वजह से स्कॉटलैंड को काउंटर-अटैक करने का मौका मिल गया। हालांकि, सुशीला ने बेहतरीन बचाव किया और ब्रेक तक स्कोर 1-0 रहा।

भारत ने दूसरे क्वार्टर में तेजी से मैच पर कंट्रोल बनाया। 17वें मिनट में भारती टीम के हाथ तीसरा पेनल्टी कॉर्नर लगा। हालांकि, भारतीय टीम इस भी नहीं भुना सकी।

63 साल की उम्र में राधिका सरथकुमार ने रचा इतिहास

50 करोड़ रुपये का आंकड़ा किया पार

मुंबई। 63 साल की उम्र में राधिका सरथकुमार ने अपने अभिनय से कमाल कर दिखाया है। उनकी तमिल कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'थाई किझावी' ने दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। यह फिल्म बिना किसी पुरुष कलाकार के सफल हुई है।

यह सफलता इसलिए खास है क्योंकि तमिल सिनेमा को इस साल कोई बड़ी हिट फिल्म की जरूरत थी और यह फिल्म बिना किसी बड़े हीरो के आई है। स्ड्डष्ठद्बद्यद्म के अनुसार, इस फिल्म ने दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर

50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। पहले दिन भारत में 'थाई किझवी' ने 2.65 करोड़ रुपये कमाए। वीकेंड में कमाई बहुत बढ़ी और शनिवार को 5 करोड़ और रविवार को 6.15 करोड़ रुपये की कमाई हुई। बाकी दिनों में भी रोज 1.7 करोड़ से ज्यादा कमाई होती रही। दूसरे हफ्ते में भी फिल्म का प्रदर्शन अच्छा रहा। वहीं इस फिल्म ने अब तक दुनियाभर में 50 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है।

जल संरक्षण की पहलः पानी सहजने कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायतों में हो रहे अभिनव प्रयास, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में मजबूत कदम

4,975 कंटूर ट्रेंच से बदलेगी तस्वीर, 53.72 लाख लीटर जल का होगा संरक्षण

जितेन्द्र नामदेव

कवर्धा/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से वित्तीय वर्ष 2025-26 में बंजर भूमि को विकसित करते हुए कुल 4,975 कंटूर ट्रेंच का निर्माण कराया गया है, जिससे लगभग 53 लाख 73 हजार लीटर जल संरक्षण होने की सम्भावना है। कबीरधाम जिले में जल संकट को देखते हुए इसके निदान के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ शासन के मुखिया एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री छ ग शासन एवं मंत्री पंचायत ग्रामीण विकास विभाग विजय शर्मा की प्रेरणा से गांव का पानी गांव में और घर का पानी घर में के उद्देश्य को पूरा करने के लिए जल संरक्षण और गिरते भू जल स्तर में सुधार के लिए पूरे प्रदेश में मोर गांव मोर पानी महा अभियान का शुभारंभ किया था। इस अभियान के तहत गत वर्ष जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में लोगों ने स्व प्रेरणा से सोख्ता गड्ढे का निर्माण किया था।वर्तमान में कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देश पर महात्मा गांधी नरेगा योजना से जनपद पंचायत स.लोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत गंगापुर के ग्राम कोराइडोंगरी में 15.48 एकड़ बंजर भूमि पर 2,511 कंटूर ट्रेंच बनाए गए हैं। वहीं ग्राम पंचायत बड़ौदाकला के ग्राम बड़ौदाकला में 13.70 एकड़ भूमि पर 2,464 कंटूर ट्रेंच का निर्माण पूर्ण किया गया है।

कंटूर ट्रेंच के लाभः इन संरचनाओं से वर्षा जल का बेहतर संचय होता है। जिससे भू-जल स्तर में सुधार, मृदा संरक्षण और हरियाली बढ़ाने में उल्लेखनीय मदद मिलेगी। साथ ही यह पहल ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराते हुए पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में मजबूत कदम साबित हो रहा है। मनरेगा योजना से ग्राम पंचायत गांगपुर में निर्मित कंटूर ट्रेंच से ग्रामीणों को 2564 मानव दिवस का रोजगार मिला है तथा 669204 रुपए का मजदुरी भुगतान प्राप्त हुआ। इसी तरह ग्राम पंचायत बड़ौदा कला में 2485 मानव दिवस का रोजगार और 648585 रुपए का मजदूरी भुगतान ग्रामीणों को प्राप्त हुआ है।

जल संरक्षण की दिशा में हो रहा लगातार प्रयासः कलेक्टर वर्मा

कंटूर ट्रेंच जैसे कार्यों से स्पष्ट है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर आगे बढ़ने की ठोस सोच पर काम हो रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र में जल संरक्षण की शुरुआत बताते हुए प्रशासन के पहल कि सराहना की है। हम जिले में अमृत सरोवर,आजीविका डबरी, तालाब गहरीकरण, नया तालाब निर्माण, पक्की एवं कच्ची नाली निर्माण, नाला गाद सफाई कार्य, कंटूर ट्रेंच निर्माण, सोक पिट निर्माण, सामुदायिक डबरी जैसे अनेको कार्य द्वारा इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।इन कार्यों से एक और जहां ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए नई संरचना का निर्माण हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर मनरेगा योजना द्वारा ग्रामीणों को रोजगार और इसका मजदूरी भुगतान भी मिल रहा है।

गिरते भू-जल स्तर को रोकने सामूहिक प्रयास जरूरीः सीईओ अभिषेक अग्रवाल

इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक अग्रवाल ने कहा की गिरते भू-जल स्तर पर हम सबको मिल कर काम करना होगा। मैदानी क्षेत्र से लेकर वनांचल क्षेत्र तक पानी रोकने के काम में सबको आगे आना होगा। जल संरक्षण से ही सुनहरे भविष्य की कल्पना की जा सकती है।पानी की बचत न केवल कृषि कार्य के लिए जरूरी है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और पूरी अर्थव्यवस्था इससे जुड़ी हुई है।जिले के सभी सरपंच, सचिव ग्राम रोजगार सहायक, महात्मा गांधी नरेगा योजना के पंजीकृत परिवार तथा बिहान योजना से जुड़े सभी दीदियों,सभी ग्रामीण जन और सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि गांव का पानी गांव में और घर का पानी घर में रोकने के प्रयास निरंतर करें।

2511
कंटूर ट्रेंच गंगापुर के ग्राम कोराइडोंगरी में बनाए गए

2464
कंटूर ट्रेंच बड़ौदाकला के ग्राम बड़ौदाकला में बनाए गए

आगामी वर्षा ऋतु में लाखों घन मीटर पानी सहजने हो रहे कार्यों पर एक नजर

कबीरधाम जिले में आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए महात्मा गांधी नरेगा योजना से अलग-अलग कैटेगरी में 2434 कार्य 55 करोड़ 91 लाख 70 हजार रुपए की लागत से स्वीकृत किया गया है। 895 कार्य, जनपद पंचायत बोड़ला क्षेत्र में 569 कार्य, जनपद पंचायत स.लोहारा क्षेत्र में 478 कार्य एवं जनपद पंचायत पड़रिया क्षेत्र में 492 कार्य हो रहे हैं। जिसमे निजी डबरी के 357 कार्य, सामुदायिक रिचार्ज पीट के 1261 कार्य, सिंचाई नाली निर्माण कार्य 592,नया तालाब निर्माण कार्य 56, निजी सिंचाई कूप के 86 कार्य, सामुदायिक डबरी 48, वृक्षारोपण के 19 कार्य, नाला पुनरद्धार के 4 कार्य,गेबियन स्ट्रक्चर निर्माण 7 एवं सामुदायिक कूप के 4 कार्य शामिल है। इन कार्यों को स्वीकृत करने का मकसद वर्षा जल को गांव में रोकते हुए बड़ी मात्रा में जल संरक्षण करना है। जल संरक्षण से भू-जल स्तर में वृद्धि होगी और सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा साथ ही आजीविका के नए कार्य खोले जा सकेंगे जिससे स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार मिलेंगे। यह सभी कार्य मजदूरी मूलक के हैं और इससे स्थानीय ग्रामीणों को बड़े पैमाने पर रोजगार मिल रहा है। अब तक 722 कार्य पूरे हो चुके हैं तथा शेष कार्यों का निर्माण तेज गति से हो रहा है।

2434
काम 55 करोड़ 91 लाख 70 हजार स्वीकृत किया गया

895
काम जनपद पंचायत क्षेत्र कवर्धा में कराए गए

न्यूज गैलरी

जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। उरला थाना क्षेत्र में ड्यूटी से लौट रहे साइकिल सवार सनत यदु पर स्कूटी सवार दो लोगों ने धारदार हथियार से पीठ पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू की। डीसीपी नॉर्थ जोन मयंक गुर्जर के निर्देश पर एडीसीपी आकाश मरकाम और एसीपी उरला पूर्णिमा लामा की निगरानी में टीम ने 80 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कुछ घंटों में राजेश्वर नेताम उर्फगोपी और एक अपचारी बालक को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोप स्वीकारने पर चाकू और दोपहिया वाहन जब्त किए गए।

काम के चलते स्टेशन का आरएमएस कार्यालय शिफ्ट

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे स्टेशन पर चल रहे स्टेशन डेवलपमेंट कार्य के चलते रेलवे ने आरएमएस (रेलवे मेल सर्विस) कार्यालय को अस्थायी रूप से पीआरएस बिल्डिंग के पास शिफ्ट कर दिया है। स्टेशन परिसर में इन दिनों आधारभूत ढांचे के उन्नयन और यात्री सुविधाओं के विस्तार का काम तेजी से किया जा रहा है। इसी के तहत पुराने स्थान पर संचालित आरएमएस कार्यालय को सोमवार को हटाकर नई जगह पर स्थानांतरित किया गया, ताकि निर्माण कार्य में किसी तरह की बाधा न आए। रेलवे अधिकारियों के अनुसार स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है और कई निर्माण कार्य एक साथ चल रहे हैं। आरएमएस का पुराना स्थान भी निर्माण कार्य के दायरे में आ रहा था। ऐसे में डाक सेवाओं के संचालन को प्रभावित किए बिना इसे पीआरएस बिल्डिंग के पास अस्थायी रूप से शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया। नई जगह पर आरएमएस की व्यवस्था शुरू कर दी गई है और यहां से डाक की छंटाई तथा पार्सल से जुड़ी सेवाएं पहले की तरह संचालित हो रही हैं। रेलवे प्रशासन का कहना है कि शिफ्टिंग के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि डाक सेवाओं में किसी तरह की परेशानी न हो। स्टेशन पर चल रहे विकास कार्य पूरे होने के बाद आरएमएस कार्यालय के स्थायी स्थान को लेकर आगे निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल निर्माण कार्य के दौरान व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए यह अस्थायी बदलाव किया गया है। रेलवे के मुताबिक स्टेशन के विकास कार्य पूरे होने के बाद यात्रियों और संबंधित सेवाओं को पहले से बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

फोर्टिफाइड चावल को लेकर राइस मिलर्स का दावा अलग मशीन से मिलाया जा रहा पौष्टिक चावल

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यभर के राइस मिलरों ने फोर्टिफाइड चावल को लेकर उठ रहे सवालों के बीच दावा किया है कि मिलों में भारत सरकार और एफएसएसएआई के नियमों का पूरी तरह पालन किया जा रहा है। मिलरों के अनुसार 100 किलो तैयार चावल में केवल 1 किलो फोर्टिफाइड (पौष्टिक) चावल मिलाया जाता है और कुल वजन 100 किलो ही रखा जाता है।

राइस मिलर्स का कहना है कि इस प्रक्रिया में 99 किलो सामान्य चावल और 1 किलो फोर्टिफाइड चावल मिलाया जाता है, जो अंतरराष्ट्रीय पोषण मानकों के अनुरूप है। मिश्रण की सटीकता बनाए रखने के लिए अधिकांश राइस मिलों में अलग से मशीनें लगाई गई हैं, ताकि पौष्टिक चावल सही मात्रा में मिल सके और वजन भी बराबर रहे। मिलर्स के मुताबिक नागरिक आपूर्ति निगम (नान) और केंद्र सरकार की एजेंसी एफसीआई बिना तौल और गुणवत्ता जांच के चावल स्वीकार नहीं करती। प्रत्येक बोरी का वजन और गुणवत्ता डिजिटल रिकॉर्ड में दर्ज किया जाता है। महासमुंद जिला राइस मिलर एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश जैन और महामंत्री अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि सभी मिलर खाद्य विभाग और मार्कफेड के कड़े निर्देशों के तहत काम करते हैं।

आईआईटी खड़गपुर की रिपोर्ट के बाद केंद्र कर रहा पुनर्विचार

छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स संघ के पूर्व अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया कि केंद्र सरकार ने एफआरके (फोर्टिफाइड राइस कर्नेल) के वितरण पर पुनर्विचार का संकेत दिया है। इसके पीछे आईआईटी खड़गपुर की एक रिपोर्ट बताई जा रही है, जिसमें लंबे समय तक भंडारण करने पर इसके पोषक तत्व कम होने की बात सामने आई है। इसी कारण सरकार इस नीति की समीक्षा कर रही है।

रोक के बावजूद बिकी 'सुपर स्ट्रांग 7 हिल्स' बियर, सेल्समैन पर कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विदेशी बियर की सप्लाई में गड़बड़ी का मामला एक बार फिर सामने आया है। आबकारी विभाग की जांच में पाया गया कि राजनांदगांव में रोक के बावजूद 'सुपर स्ट्रांग 7 हिल्स 500 एमएल' बियर की बिक्री की गई। मामले में कार्रवाई करते हुए मुख्य विक्रेता कैलाश देवांगन को सेवा से पृथक करने और ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं प्रीमियम मदिरा दुकान राजदीप इंटरप्राइजेस के प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जानकारी के अनुसार राजनांदगांव की सरकारी मदिरा दुकान में बियर के लेबल और रैपर बदलकर बिक्री की जा रही थी। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में यह सामने आया कि 'सुपर स्ट्रांग 7 हिल्स 500 एमएल' कैन के अंदर वास्तव में 'गोल्डन प्राइड प्रीमियम लेगर बियर' भरी हुई थी। जांच में पता चला कि इस बियर का निर्माण 15 अक्टूबर 2025 को हुआ था और इसकी वैधता 13 अप्रैल 2026 तक है।

पहले भी सामने आ चुकी है गड़बड़ी

इससे पहले 17 नवंबर 2025 को आबकारी विभाग ने सूरजपुर जिले की लटोरी और रायगढ़ जिले की बड़ेरामपुर विदेशी मदिरा दुकानों के निरीक्षण के दौरान भी बियर कैन में गड़बड़ी पाई थी। जांच में पाया गया कि 'सुपर स्ट्रांग 7 हिल्स 500 एमएल' कैन से लेबल हटाने पर अंदर 'गोल्डन बर्ड प्रीमियम लेगर बियर' का प्रिंट दिखाई दे रहा था। यह बियर माइकल ब्रेवरेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित बताई गई। मामले की पुष्टि होने के बाद आबकारी विभाग ने राज्य के सभी गोदामों से संबंधित बियर की सप्लाई पर रोक लगा दी और प्रदेश की सभी विदेशी मदिरा दुकानों में इस ब्रांड की बिक्री बंद कर दी। साथ ही कंपनी को दुकानों से बचे हुए स्टॉक वापस ले जाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक कंपनी ने पूरी तरह से स्टॉक का उठाव नहीं किया है।

परेशानीः जमीन नामांतरण के लिए स्वागत विहार के लोग दो साल से कर रहे इंतजार

स्वागत विहार के लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

रायपुर/नवप्रदेश। स्वागत विहार में जमीन खरीदने वाले लोग करीब दो साल से नामांतरण की प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार कर रहे हैं। मामला नगर निगम और एसडीएम कार्यालय में अटका हुआ है, जिससे परेशान नागरिकों ने अब आंदोलन की राह अपनाने का संकेत दिया है। रविवार को कलेक्टोरेट गार्डन में होली मिलन कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में प्रभावित लोग एकत्र हुए और प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई। नागरिकों का कहना है कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण उन्हें अब तक अपनी ही खरीदी हुई जमीन का अधिकार नहीं मिल पा रहा है।

स्वागत विहार भू एवं भवन स्वामी विकास संघ के बैनर तले जुटे लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल का टीका लगाकर संकल्प लिया कि न्यू स्वागत विहार में अपनी जमीन का स्वामित्व हर हाल में प्राप्त करेंगे। इसके लिए जरूरत पड़ने पर सड़क पर उतरकर आंदोलन भी किया जाएगा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि स्वागत विहार में जमीन खरीदने वालों में केवल रायपुर ही नहीं, बल्कि दुर्ग, बिलासपुर और रायगढ़ के लोग भी शामिल हैं।

संघ के सचिव गगन सोनी के अनुसार पीड़ित लोग पिछले 16-17 वर्षों से न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कभी अदालत तो कभी मंत्रियों और अधिकारियों के सामने गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। उनका आरोप है कि बिल्डर और कुछ सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से जमीन की बिक्री में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुईं।

नामांतरण के इंतजार में 2910 लोग

संघ के मुताबिक करीब 2910 लोग पिछले दो वर्षों से जमीन नामांतरण की प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार कर रहे हैं। कई लोगों ने बैंक से कर्ज लेकर जमीन खरीदी थी और वे आज भी उसकी ईएमआई चुका रहे हैं। पीड़ितों का कहना है कि इस लंबी लड़ाई के दौरान कुछ लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है और कई लोगों की जीवनभर की जमा-पूंजी इस जमीन में लग चुकी है। इसके बावजूद सरकार और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

बार बंद होने पर युवक ने कार का शीशा तोड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। अंगीठी बार के बाहर देर रात विवाद कर एक युवक ने ईंट फेंककर कार का कांच तोड़ दिया। घटना में बार संचालक के गर्दन में चोट आई है। कर्मचारी अनिल सेन ने पुलिस को बताया कि 9 मार्च की रात करीब 12:15 बजे पारस वाधवा, आकाश सेन, राजन साहू व राहुल शर्मा बार के सामने आकर बीयर मांगने लगे। कर्मचारी ने बार बंद होने की बात कही तो चारों युवक गाली-गलौज करते हुए विवाद करने लगे और बाहर निकलकर मारने की धमकी देने लगे। कर्मचारी ने इसकी सूचना बार संचालक तनमय राठौर को दी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com